

एक्ट्रेस होने के साथ-साथ...

www.swatantramat.com

# स्वतंत्र मत

■ वर्ष 28 अंक 295 | डाक/नगर संस्करण | ■ जबलपुर बुधवार 24 अप्रैल 2024 | ■ पृष्ठ 12 ■ मूल्य रु. 3.00



मनिका को पछाड़कर...

# अगले 5 साल में सभी रेल यात्रियों को मिलेगा कंफर्म टिकट

## केन्द्रीय रेल मंत्री ने अश्विन वैष्णव ने कहा ये पीएम मोदी की गारंटी

नई दिल्ली।

केंद्रीय रेल और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि अगले पांच साल में रेल यात्रा करने वाले किसी भी यात्री को आसानी से कंफर्म टिकट मिलेगा, यह प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी है। अश्विनी वैष्णव ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में पीएम मोदी ने रेलवे में अभूतपूर्व परिवर्तन किए हैं। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने जोर देकर कहा कि अगले पांच साल में प्रधानमंत्री की गारंटी है कि रेलवे की क्षमता इतनी बढ़ा दी जाएगी कि यात्रा करने वाले लगभग हर यात्री को आसानी से कंफर्म टिकट मिल सके।

### केंद्रीय मंत्री ने बताया कैसे बदल रही भारतीय रेलवे

पिछले दशक में भारतीय रेलवे कैसे बदल गया हैए इसका एक उदाहरण भी केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने शेयर किया। उन्होंने बताया कि रेलवे ट्रैक बनाने की प्रक्रिया में 2004 से 2014 के बीच लगभग 17,000 किलोमीटर ट्रैक बनाए गए थे। वहीं 2014 से 2024 तक 31,000 किलोमीटर नए ट्रैक बनाए गए। 2004 से 2014 तक 10 साल में केवल लगभग 5,000 किलोमीटर रेलवे ट्रैक का विद्युतीकरण किया गया, वहीं पिछले 10 वर्षों में आश्चर्यजनक रूप से 44,000 किलोमीटर रेलवे ट्रैक का विद्युतीकरण हुआ।




### अश्विनी वैष्णव बोले यात्री सुविधाओं का हुआ विस्तार

अश्विनी वैष्णव ने आगे बताया कि 2004-2014 तक केवल 32,000 कोच बनाए गए थे। पिछले 10 साल में 54,000 कोच बनाए गए। वहीं माल ढुलाई के लिए कॉरीडोर 2014 से पहले एक भी किलोमीटर चालू नहीं किया गया था। अब 2,734 किलोमीटर के दो समर्पित गुड्स कॉरीडोर चालू किए गए हैं। अगले पांच वर्षों में देश की अर्थव्यवस्था के विकास की मजबूत कड़ी रेलवे को और मजबूत किया जाएगा। खासकर यात्रियों के लिए सुविधाओं का तीव्र गति से विस्तार किया जाएगा।

### 2026 तक बुलेट ट्रेन चलाने के लिए हैं

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को कहा कि भारत की पहली बुलेट ट्रेन के लिए विभिन्न स्टेशनों के निर्माण में अहम प्रगति हुई है। हम 2026 में एक सेक्शन पर पहली बुलेट ट्रेन चलाने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि अहमदाबाद-मुंबई रूट पर बुलेट ट्रेन का काम बहुत अच्छे से चल रहा है। इसके लिए 290 किलोमीटर से अधिक का काम पहले ही किया जा चुका है। इसके लिए आठ नदियों पर पुल बनाए गए हैं। 12 स्टेशनों पर काम चल रहा है। कई स्टेशन ऐसे हैं, जिसका काम पूरा होने वाला है। इसके साथ ही दो डिपो पर भी काम चल रहा है।

### भरभराकर गिरी चार मंजिला इमारत



**ग्वालियर।** ग्वालियर में नींव हिलने से चार मंजिला इमारत भरभराकर पड़ोस के मकान पर गिर गई। मकान भी ढह गया और इसमें सो रहे 65 साल के बुजुर्ग की मौत हो गई। उनके शव को 3 घंटे बाद मलबे से बाहर निकाला जा सका। घटना सोमवार देर रात 1:30 बजे हजीरा चार शहर का नाका की है। दोनों मकानों के बगल से ही लगे प्लॉट में बेसमेंट के लिए खुदाई चल रही थी। चार मंजिला मकान की नींव हिलने से वो ताश की पत्तों की तरह गिरी। हजीरा के चार शहर का नाका में रहने वाले महावीर सिंह अपना मकान तुड़वाकर नया बनवा रहे हैं। मकान के प्लॉट पर वह बेसमेंट खुदवा रहे थे। सोमवार देर रात भी खुदाई का काम चल रहा था। बगल में ही उनके भाई हरीशचंद्र का चार मंजिला मकान था। बेसमेंट की खुदाई के दौरान हरीशचंद्र के मकान की नींव खिसक गई।

### पटवारी बेटे और मां ने की खुदकुशी

**नंबरराजगढ़।** जिले के ब्यावरा में मां-बेटे ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। दोनों के शव घर की तीसरी मंजिल पर बने कमरे में मिले। बेटा पटवारी भर्ती परीक्षा क्लियर करने के बाद ट्रेनिंग पर था। मौके पर सुसाइड नोट भी मिला है। इसमें क्या लिखा है, पुलिस ने फिलहाल इसका खुलासा नहीं किया है। ब्यावरा सिटी पुलिस ने बताया कि शिवाजी मार्ग पर तीन मंजिला मकान में दिलीप सोनी और उनके छोटे भाई हेमंत सोनी के परिवार एक साथ रहते हैं। दोनों भाई चांदी के गहनों की मरम्मत का काम करते हैं। मंगलवार सुबह इसी मकान की तीसरी मंजिल पर हेमंत के इकलौते बेटे हरिओम सोनी 22 ने मां रीता सोनी 50 के साथ फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

# केजरीवाल पर नजर रख रहा पीएमओ

## संजय सिंह ने कहा दिल्ली एलजी नियम तोड़कर सीसीटीवी लिंक से देख रहे, कभी भी दुर्घटना हो सकती है

नई दिल्ली।

आम आदमी पार्टी से राज्य सभा सांसद संजय सिंह ने आरोप लगाया है कि पीएमओ और दिल्ली एलजी सीसीटीव्ही लिंक के जरिए जेल में केजरीवाल पर नजर रख रहे हैं। संजय ने यह भी कहा कि केजरीवाल के खिलाफषड्यंत्र हो रहा है, जिसमें सीधे तौर पर देश के प्रधानमंत्री शामिल हैं। इसके पहले तिहाड़ जेल के डीजी ने आम आदमी पार्टी के उन आरोपों को खारिज कर दिया, जिनमें ये कहा गया था कि जेल में कैदियों से खराब व्यवहार हो रहा है। उन्होंने कहा अगर लोग इसका राजनीतिक मुद्दा बना रहे हैं तो मैं इन सबमें नहीं पड़ता। संजय ने कहा कि उन पर 24 घंटे निगरानी रखी जा रही है। इतनी निगरानी क्यों है। क्या देखना चाह रहे हैं मोदी जी। ये देखना चाहते हैं कि केजरीवाल को दवा-खाना मिला या नहीं। वे क्या पढ़ रहे, कितना सो रहे। मोदी जी ने इस काम में दिल्ली एलजी को भी लगा दिया है। आखिर वे क्या जानना चाह रहे हैं।

अरविंद केजरीवाल से क्या दुश्मनी है। पीएम के इस अन्यायपूर्ण व्यवहार को देखकर केजरीवाल के माता-पिता दुखी हैं। उनकी पत्नी सेहत को लेकर परेशान हैं। दिल्ली की जनता परेशान है कि उन्हें दवा-इंसुलिन क्यों नहीं दी जा रही है। इसलिए अगर च्ड को केजरीवाल से कॉम्पिटिशन करना



है तो काम की राजनीति से करें। स्कूल बनाएं, महंगाई कम करें। लेकिन आपकी चिंता ये है कि केजरीवाल प्रताड़ित कैसे होगा। ये हिटलरशाही, तानाशाही क्यों। बड़े-बड़े तानाशाह दुनिया से चले गए, आपकी सत्ता को भी जाना होगा। अगर आप सब देख रहे हैं तो ये भी देखते होंगे कि केजरीवाल रोज जेल में झाड़ू लगा रहे हैं। जितना वे जेल के अंदर झाड़ू लगाएंगे उतना बाहर भाजपा साफ होगी। पूरे देश से उनका सफाया होगा।

### दी गई इंसुलिन की 2 यूनिट

दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट ने मंगलवार 23 अप्रैल को अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 7 मई तक बढ़ा दी। इसके पहले केजरीवाल की कस्टडी 1 अप्रैल से 15 अप्रैल, फिर उसके बाद 23 अप्रैल तक बढ़ाई गई थी। कोर्ट के इस आदेश के बाद केजरीवाल अब लोकसभा चुनाव के दूसरे (26 अप्रैल) और तीसरे (7 मई) फेज की वोटिंग के दौरान भी जेल में रहेंगे। केजरीवाल के अलावा बीआरएस नेता के कविता और एक अन्य आरोपी चरनप्रीत की कस्टडी भी 7 मई तक बढ़ा दी गई है। प्रवर्तन निदेशालय ने सुनवाई के दौरान कहा कि के कविता के केस में एजेंसी 60 दिन में चार्जशीट फाइल करेगी। ईडी ने शराब नीति केस में केजरीवाल को 21 मार्च को अरेस्ट किया था। 22 मार्च को राउज एवेन्यू कोर्ट में पेशी हुई, जहां से उन्हें 28 मार्च तक ईडी की रिमांड पर भेजा गया। 1 अप्रैल से वे तिहाड़ जेल में हैं। इस बीच तिहाड़ प्रशासन ने बताया कि केजरीवाल को सोमवार शाम इंसुलिन दी गई। अधिकारियों ने कहा कि कम खुराक वाली इंसुलिन की 2 यूनिट दी गईं, क्योंकि सोमवार शाम 7 बजे उनका शुगर लेवल 217 हो गया था। एम्स की टीम ने कहा था कि स्तर 200 पार होने पर उन्हें कम खुराक वाली इंसुलिन दी जा सकती है।



# बहरामपुर में चुनाव आगे बढ़ाएं : एचसी

कोलकाता।

कलकत्ता हाईकोर्ट ने 23 अप्रैल को चुनाव आयोग से अपील की है कि बहरामपुर (मुर्शिदाबाद) में चुनाव आगे बढ़ाया जाए। मुर्शिदाबाद में 13 और 17 अप्रैल को रामनवमी उत्सव के दौरान दो गुटों में झगड़ा हुआ था। बहरामपुर सीट मुर्शिदाबाद में आती है।

**कलकत्ता हाईकोर्ट की ईसी से अपील, आचार संहिता में दो गुटों में हुआ था विवाद**

कलकत्ता हाईकोर्ट ने दो याचिकाओं की सुनवाई की थी, जिसमें घटना को लेकर सीबीआई और एनआईए जांच की मांग की गई है। कोर्ट ने कहा कि आचार संहिता के दौरान दो गुटों में झगड़ा हुआ था। इस स्थिति में वहां के लोग किसी को चुन नहीं सकते। चुनाव होने का कारण भी समस्या होगी। वहीं कोर्ट ने बंगाल सरकार से अपील की है कि रामनवमी पर मुर्शिदाबाद में जो हिंसा हुई थी, उस पर रिपोर्ट पेश करें। मामले की अगली सुनवाई 26 अप्रैल को होगी। पश्चिम बंगाल में सभी सातों फेज में लोकसभा चुनाव होने हैं। इलेक्शन कमीशन ने राज्य में केंद्रीय सुरक्षा बलों की 920 टुकड़ियां तैनात की हैं। यहां जम्मू-कश्मीर से ज्यादा सुरक्षा बल तैनात किया गया है।

### जहां लोग शांति से कोई त्योहार नहीं मना सकते, वहां चुनाव नहीं होने देंगे

सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस टीएस सिवागननम ने कहा कि अगर लोग 8 घंटे के लिए भी कोई त्योहार शांति से नहीं मना सकते तो हम इलेक्शन कमीशन से रिक्वेस्ट करते हैं कि ऐसे निर्वाचन क्षेत्रों में चुनाव न कराएं जाएं। आचार संहिता लागू हो जाने के बाद भी दो समुदायों के लोग आपस में लड़ रहे हैं। इन्हें अपना प्रतिनिधि चुनने के लिए वोट देने का कोई अधिकार नहीं है। पश्चिम बंगाल में रामनवमी के अवसर पर दो जगह हिंसा हुई थी। मुर्शिदाबाद जिले के बेलडांगा शहर में मस्जिद के पास से शोभायात्रा निकालने के बाद दो समुदायों के बीच संघर्ष हुआ। इस बीच बम फटने की भी सूचना मिली।

# तेलंगाना में 8 साल से बन रहा ब्रिज ढहा

## तेज हवा से कॉन्क्रीट के दो गर्डर गिरे, एक मिनट पहले 65 लोगों को लेकर निकली थी बस

**हैदराबाद।** तेलंगाना के पेद्दापल्ली जिले में 8 साल से बन रहा ब्रिज का एक हिस्सा सोमवार रात ढह गया। इलाके में तेज हवा चलने से करीब 100 फीट की दूरी पर स्थित दो खंभों के बीच के पांच में से दो कॉन्क्रीट गर्डर रात करीब 9.45 बजे ढह गए। स्थानीय लोगों ने बताया कि बचे हुए तीन गर्डर की जो स्थिति है, उसे देखकर लगता है कि वो भी बहुत ज्यादा दिन नहीं टिकेंगे। स्थानीय लोगों के मुताबिक घटना से एक मिनट पहले बारात को ले जा रही एक बस यहां से गुजरी थी। इसमें 65 लोग सवार थे। मनैर नदी पर लगभग एक किलोमीटर लंबे इस पुल का उद्घाटन 2016 में तेलंगाना के तत्कालीन विधानसभा अध्यक्ष एस मधुसूदन



चारी और स्थानीय विधायक पुट्टा मधु ने किया था। इसके लिए लगभग 49 करोड़ रुपए मंजूर किए गए थे।

**तीन शहरों को जोड़ेगा यह ब्रिज**-स्थानीय लोगों ने बताया कि ब्रिज का काम एक साल में ही पूरा हो जाना था, लेकिन आज तक नहीं हुआ। ब्रिज का काम पूरा होता तो इससे तीन शहर मंथनी, परकल और जम्मीकुंटा के बीच की दूरी करीब 50 किमी कम हो जाती। यह पुल भूपालपल्ली में तेकुमातला मंडल में गार्मिलापल्लू को पेद्दापल्ली में ओडेडेडु से जोड़ने के लिए था। स्थानीय लोगों ने कहा कि ठेकेदार ने कथित तौर पर एक या दो साल के भीतर काम बंद कर दिया था। चर्चा है कि उस पर कमीशन का दबाव था। इसके अलावा सरकार उसका बकाया भुगतान नहीं कर रही थी। ठेकेदार ने वेमुलावाड़ा में भी एक पुल बनाया था जो 2021 में भारी बारिश के दौरान बह गया था।

### लोकलुभावने वादे करके भुलाना कांग्रेस की नीति: जेपी नड्डा

**टीकमगढ़/रीवा/सतना।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा मंगलवार 23 अप्रैल को मध्यप्रदेश दौरे पर रहे। नड्डा 21 दिन में तीसरी बार एमपी आए थे। उन्होंने टीकमगढ़ रीवा और सतना में चुनावी सभा की। नड्डा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा हर चुनाव में लोकलुभावने वादे करना और उसके बाद भुला देना कांग्रेस की नीति है। सारे परिवार की पार्टियां इकट्ठी हो गई है। इनको मैं, मेरा बेटा, बेटी और दामाद के बाहर कुछ नहीं दिखता। जेपी नड्डा ने कहा कांग्रेस ने न अंतरिक्ष छोड़ा, न आसमान छोड़ा, न समुद्र छोड़ा, न धरती छोड़ी और न ही पाताल छोड़ा। इन लोगों ने तीनों लोक में घोटाले किए हैं।

# छिंदवाड़ा में ओले गिरे कई जिलों में अलर्ट



**भोपाल।** मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा में मंगलवार शाम को आंधी-बारिश के साथ ओले गिरे। यहां 70 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चली। प्रदेश के पूर्वी हिस्से में अगले कुछ घंटों में मौसम बदल सकता है।

मौसम विभाग के अनुसार बैतूल, पांढुर्ना, सिवनी, मंडला, डिंडोरी, मऊगंज में बिजली चमकने के साथ मध्यम तूफान आ सकता है। ओले भी गिर सकते हैं। रीवा, सतना के चित्रकूट, शहडोल, जबलपुर, मैहर, उमरिया, अनूपपुर, बालाघाट, सीधी और सिंगरौली जिलों में बिजली गिरने के साथ हल्की गरज के साथ बारिश हो सकती है।

वेस्टर्न डिस्टरबेंस साइक्लोनिक सर्कुलेशन और ट्रफलाइन की वजह से बने स्ट्रॉन्ग सिस्टम का असर मध्यप्रदेश पर भी है। मंगलवार को भोपाल, सीहोर समेत 15 जिलों में बारिश का अलर्ट है। पिछले 4 दिन से प्रदेश के कई जिलों में बारिश हो रही है, जो 25 अप्रैल तक होती रहेगी। 26 अप्रैल से एक और सिस्टम एक्टिव हो सकता है। इस वजह से अप्रैल के आखिरी सप्ताह में भी बारिश होने का अनुमान है।

**70 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से चली हवा, पूर्वी एमपी में बारिश के आसार**

### 26 अप्रैल से एक और वेस्टर्न डिस्टरबेंस

मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि वर्तमान में एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव है। वहीं एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन और ट्रफलाइन भी गुजर रही है। इस कारण बारिश का सिस्टम स्ट्रॉन्ग हो गया है। इससे आने वाले 2 से 3 दिन तक बारिश होने का अलर्ट जारी किया है। 26 अप्रैल से एक और वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव हो रहा है। इसका असर भी प्रदेश में देखने को मिलेगा।

# कांग्रेस राज में हनुमान चालीसा सुनना भी गुनाह : प्रधानमंत्री

## राजस्थान में पीएम मोदी ने कहा मेरी गारंटी है रिजर्वेशन कभी खत्म नहीं होगा

टोंक।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर कहा है कि देश में आरक्षण कभी खत्म नहीं होगा। उन्होंने राजस्थान के उनियारा (टोंक-सवाईमाधोपुर लोकसभा) में कहा कि कांग्रेस पार्टी की सोच हमेशा से तुष्टिकरण की राजनीति की रही है। वो दलित-आदिवासियों को मिले आरक्षण को कम करके मुसलमानों को देना चाहती है। साल 2004 में कांग्रेस ने सबसे पहले आंध्र प्रदेश में एससी-एसटी के आरक्षण में कमी करके मुसलमानों को रिजर्वेशन देने की कोशिश की थी। ये एक पायलट प्रोजेक्ट था। जिसे बाद में पूरे देश में लागू करने की प्लानिंग थी, लेकिन मंसूबे कामयाब नहीं हो सके। इसके बाद 2011 में फिर से देश में इसे लागू करने की कोशिश हुई। कांग्रेस ने संविधान की परवाह नहीं की, लेकिन हमने ऐसा नहीं होने दिया। क्या कांग्रेस अब देश की जनता से वादा करेगी कि वो उस आरक्षण को मुसलमानों में नहीं बांटेगी। मोदी ने कहा कि यदि 2014 के बाद भी कांग्रेस होती तो सरहद पर सैनिकों के सिर काटे जा रहे होते और बम ब्लास्ट हो रहे होते। उन्होंने कहा कि कांग्रेस राज में तो हनुमान चालीसा पढ़ना-सुनना भी गुनाह हो गया है। कर्नाटक में इसीलिए एक युवक को पीटा गया।



### कांग्रेस हमेशा वोट बैंक की राजनीति करती है

प्रधानमंत्री ने कहा जब कर्नाटक में बीजेपी सरकार थी तो हमने सबसे पहला काम किया कि उन्होंने जो एससी-एसटी से आरक्षण छीनकर मुस्लिम कोटा निकाला था उसे खत्म किया। जिसका हक था उसे सुरक्षित रखा, लेकिन कांग्रेस इससे आग बबूला हो गई। में संविधान को समझता हूॅ, बाबा साहेब अंबेडकर की पूजा करने वाला व्यक्ति है। साथियों सच्चाई ये है कि कांग्रेस और इंडी अलायंस जब सत्ता में था तो ये लोग दलितों और पिछड़ों के आरक्षण में सेंधमारी करके वोट बैंक पॉलिटिक्स के लिए उनकी खास जमात को अलग से आरक्षण देना चाहते थे। जबकि संविधान इसके खिलाफहै। आरक्षण का हक बाबा साहेब ने दलित, आदिवासी, पिछड़ों को दिया, कांग्रेस और इंडी अलायंस वाले उसे मजहब के आधार पर मुसलमानों को देना चाहते थे।

### कांग्रेस का पर्दाफाश किया तो मिर्ची लगी

कांग्रेस की इस वोट बैंक और तुष्टकिरण की राजनीति का पर्दाफाश किया था तो इतनी मिर्ची लगी कि वे हर तरफ गालियां देने में टूट पड़े हैं। मैं कांग्रेस से जानना चाहता हूं...कांग्रेस सच्चाई से क्यों डर रही है, क्यों नीतियों को छुपा रही है। जब आपने नीति और निर्णय लिया और मोदी जी ने पर्दाफाश किया तो अब कांप रहे हो। हिम्मत है तो स्वीकार करो और हम आपसे मुकाबला करने को तैयार हैं।

# तुम रक्षक काहू को डरना...

## अमरकंटक सहित जिले भर में धूमधाम से मनाया गया श्री हनुमान प्राकट्योत्सव



### निकाली गई विशाल शोभायात्रा, जगह-जगह हुये भण्डारे के आयोजन





**अनूपपुर (स्वतंत्रमत)।** जिले भर में मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव बड़ी श्रद्धा और धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान हनुमान मंदिरों में विशेष श्रृंगार, पूजन, महाआरती, सुंदरकांड पाठ के साथ प्रसाद वितरित किया गया। जगह-जगह भंडारों का आयोजन भी हुआ। श्री हनुमत प्राकट्योत्सव के उपलक्ष्य में अखंड रामायण का पाठ का समापन हुआ वहीं, हनुमान जी को दूध, दही, घी, शहद, चीनी, पंचामृत, अष्टगंध, गुलाब जल, गंगाजल से स्नान कराकर दुग्धाभिषेक किया गया। भव्य आरती हुई एवं भोग प्रसाद लगाया गया। भक्त हाथ में भोग लिए प्रभु के दर्शनों को आतुर दिखे।

***शोभायात्रा के साथ जागरण का हुआ आयोजन***- हनुमत जन्मोत्सव के अवसर पर जहां जिला मुख्यालय के इंदिरा तिराहा के पास उत्कृष्ट विद्यालय मे संदीप शिवहरे ने देवी जागरण कर समां बांधा वही सामतपुर व बस्ती स्थित केशरी नंदन हनुमान जी मंदिर समिति द्वारा विशाल शोभायात्रा निकालकर शहर भ्रमण किया जहां भारी भीड़ के बीच जय हनुमान जय सिया राम गुंजायमान हो रहा था।

***पवित्र नगरी मे भी गदाधारी की जय जयकार***- तीर्थराज अमरकंटक में भगवान महावीर हनुमान जी के प्राकट्य उत्सव पर्व को बड़े ही धूमधाम के साथ अमरकंटक में मनाया गया आज सुबह से ही अमरकंटक के प्रमुख हनुमान मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहा। नर्मदा मंदिर के दक्षिणी तट पर स्थित भगवान मारकंडेय की तपोस्थली श्री मार्कण्डेय आश्रम में साक्षी गणेश एवं साक्षी हनुमान जी की अति प्राचीन प्रतिमा विराजमान है जहां पर हनुमान लला का प्राकट्योत्सव विधि विधान एवं सनातन परंपरा के अनुसार मनाया गया। भगवान हनुमान लाल को श्रीफल लड्डू का भोग नए वस्त्र धारण करने पश्चात आरती पूजन के बाद हनुमान जी की चालीसा का पाठ कर पूजन किया गया। श्री मार्कण्डेय आश्रम अग्नि पीठ के आचार्य महामंडलेश्वर ब्रह्म ऋषि रामकृष्णानंद जी महाराज ने बताया कि कलयुग में हनुमान जी के बराबर कोई बलशाली एवं शक्तिशाली भगवान नहीं है जो थोड़े ही पूजन पाठ से जल्दी ही प्रसन्न हो जाते हैं और आश्रम के जो साक्षी गणेश एवं साक्षी हनुमान जी की प्रतिमा है वह अति प्राचीन है ऐसा कहते हैं यह प्रतिभा स्वयंभू है एवं अमरकंटक में दर्शन उपरांत अगर अंत में साक्षी गणेश साक्षी हनुमान के दर्शन नहीं किया तो अमरकंटक में दर्शन का फल लाभ नहीं मिलता इसलिए यह बहुत ही विलक्षण और प्राचीन प्रतिमा है। यहां पर भगवान मार्कण्डेय ने तपस्या की थी यहां पर मार्कण्डेय ऋषि की तपस्थली भी है। मार्कण्डेय आश्रम के अलावा अमरकंटक के प्रमुख आश्रमों में कल्याण सेवा आश्रम फलाहारी आश्रम बर्फानी आश्रम एवं श्री नर्मदा मंदिर के उत्तर दिशा में स्थित हनुमान जी का अति प्राचीन मंदिर जहां पर विशेष पूजन उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

***कोयलांचल में भी रही धूम***- श्री हनुमान जन्मोत्सव का कार्यक्रम पूरे नगर में धूमधाम एवं उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से हनुमान मंदिरों में भक्तों की भीड उमड़ना शुरू हो गई थी। ठाकुर बाबा धाम, थाना परिसर एवं तहसील परिसर के मंदिरों में सुंदर कांड का पाठ सुबह से प्रारंभ हो गया एवं शाम को भजन कीर्तन के साथ भंडारे का वितरण किया गया। शाम को तहसील स्थित हनुमान मंदिर से भव्य शोभा यात्रा निकाली गई जो नगर के प्रमुख मार्गो से होकर वापस मंदिर पहुंची शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए शोभा यात्रा काजगह-जगह स्वागत सत्कार के साथ आरती भी उतारी गई एवं पुष्प वर्षा भी की गई। हनुमान जन्मोत्सव पर क्षेत्र भर के मंदिरों में विविध कार्यक्रम सुबह से लेकर रात तक चलते रहे। कहीं पर महा आरती तो कहीं भंडारे के साथ महिला मंडल द्वारा रामायण का आयोजन भी किया गया। पर्व को लेकर प्रशासन द्वारा भी सुरक्षा व्यवस्था बनाई गई थी जगह-जगह पुलिस की टीम ग्रस्त करने के साथ मंदिरों में फिक्स ड्यूटी भी तैनात रही।

***भक्तिमय हुआ पुष्पराजगढ़***- पुष्पराजगढ़ जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत बहपुर में हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में ग्राम वासियों के द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा ग्राम पंचायत बहपुर के हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना करने के बाद एक बालक को हनुमान रूप में बनाकर उनकी पूजा की गई फिर रथ में भगवान राम की मूर्ति के नीचे बैठ कर भव्य शोभा यात्रा पूरे गांव में घुमाई गई जहां भक्तों ने भगवान राम एवं हनुमान बने बालक की आरती उतार कर जगह-जगह पूजा अर्चना की गई। ग्राम पंचायत बहापुर के सरपंच श्रीमती बेलाबाई हाथों में झंडा लेकर रथ की अगुवाई कर रही थी। यात्रा में भारी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी यात्रा का समापन राम कुटी मैं पूजा अर्चना के बाद हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना के बाद पूरी हुई शोभा यात्रा में भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## ग्रीष्म ऋतु में सभी लोगों को मुहैया हो शुद्ध एवं स्वच्छ पेयजल: कलेक्टर



**अनूपपुर (स्वतंत्रमत)।** कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने कहा है कि जिले में ग्रीष्म ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए सभी लोगों को शुद्ध एवं स्वच्छ पेयजल मुहैया होना चाहिए। किसी भी नगरीय निकाय तथा पंचायत क्षेत्र में ग्रीष्म काल में पेयजल की समस्या नहीं आना चाहिए। जिन स्थानों पर जल-स्तर नीचे जाने के कारण हैण्ड पम्प नहीं चल रहे हैं, उन्हें चिन्हित कर वहाँ तत्काल बोरिंग की जाये। जिन क्षेत्र में पेयजल की समस्या है वहाँ आवश्यक वैकल्पिक व्यवस्था की जाए। कलेक्टर आशीष वशिष्ठ आज कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अंतर्गत आगामी ग्रीष्म ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए जिले में पेयजल व्यवस्था की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि जिन क्षेत्रों में जल स्तर गिरने से हैण्डपंप बन्द हो गये हैं, वहां राईजर पाइप डालकर हैण्डपंप चालू करवायें। जिले में पर्याप्त मात्रा में राईजर पाइप उपलब्ध रहें। ग्रामीण क्षेत्रों में नलजल योजनाएँ चलती रहें इसकी व्यवस्था करें। जहाँ जरूरत हो पेयजल परिवहन की व्यवस्था करें। पेयजल की स्थिति की लगातार मॉनीटरिंग की जाये। बिगड़े हेण्ड पंपों के सुधार की लगातार निगरानी की जाये। बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अधिकारी अपने क्षेत्रों के अंतर्गत संकटग्रस्त बसाहटों का भ्रमण करें, जहां पेयजल की समस्या है वहां वैकल्पिक रूप से व्यवस्था कर पेयजल की समस्या को दूर करें। कलेक्टर ने अधिकारियों से जनपद पंचायत कोतमा के अंतर्गत दूरस्थ ग्राम चंगेरी के बैगान टोला में पेयजल व्यवस्था की जानकारी प्राप्त की। जिस पर अधिकारियों ने कलेक्टर को बताया कि बैगान टोला में मात्र तीन परिवार है और वहां बेहतर पेयजल सुविधा उपलब्ध नही है, जिस पर कलेक्टर ने तत्काल उन परिवारों को पेयजल व्यवस्था मुहैया कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देषित करते हुए कहा कि जनपद पंचायत कोतमा के ग्राम बहेराबांध में 1000 मीटर पाइप लाइन ग्राम पंचायत एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी आपसी समन्वय बनाते हुए पाइप बिछाने एवं पेयजल मुहैया कराने का कार्य करें। इसी प्रकार कलेक्टर को अधिकारियों ने बताया कि ग्राम बुढ़ानपुर में नलकूप खनन कार्य हो चुका है और मोटर लगाने की प्रक्रिया जारी है। जिस पर कलेक्टर ने अधिकारियों को जल्द मोटर लगाकर पेयजल मुहैया कराने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले के हैण्डपम्पों में राईजर पाईप, सिंगल फेस मोटर पम्प स्थापना, नवीन नलकूप खनन, नलजल योजना पेयजल परिवहन व्यवस्था की समीक्षा की।

## कमिश्नर ने की अमरकंटक के सौंदर्यीकरण कार्यों की समीक्षा



**अनूपपुर (स्वतंत्रमत)।** कमिश्नर शहडोल संभाग बीएस जामोद की उपस्थिति में अमरकंटक के सौंदर्यीकरण के लिए किए जा रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर अनूपपुर आशीष वशिष्ठ, संयुक्त आयुक्त विकास मगन सिंह कनेश, उपायुक्त राजस्व श्रीमती निमिषा पांडेय, अनविभागीय अधिकारी राजस्व पुष्पराजगढ़, सहायक कलेक्टर महिपाल सिंह गुर्जर एवं अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में अमरकंटक में किए जा रहे सौंदर्यीकरण के कार्यों की समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने कहा कि अमरकंटक में कराए जा रहे सौंदर्यीकरण के कार्यों को गुणवत्ता और पारदर्शिता के साथ तेजी से पूर्ण कराया जाए। कमिश्नर ने निर्देश दिए हैं कि अमरकंटक में कराए जा रहे निर्माण कार्यों का अधिकारी समय-समय पर निरीक्षण करें तथा सौंदर्यीकरण के कार्यों में गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित कराएं। समीक्षा बैठक में कमिश्नर ने अमरकंटक नगर के मेला ग्राउण्ड, मां नर्मदा मंदिर परिसर, सोनमूड़ा, रामघाट, माई की बगिया, कपिलधारा क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि अमरकंटक को पर्यावरणीय और पर्यटन की दृष्टिकोण से नेचुरल ब्यूटी को विकसित करना है। समीक्षा बैठक में कमिश्नर ने कहा कि अमरकंटक में पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए अमरकंटक ही नही इसके आसपास के प्राकृतिक सुन्दरता को विकसित करने की आवश्यकता है। बैठक में कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने अमरकंटक क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी।

## क्रीड़ा परिसर अमरकंटक के निर्माण कार्यों का कलेक्टर ने लिया जायजा



**अनूपपुर (स्वतंत्रमत)।** कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने जनजातीय कार्य विभाग के अंतर्गत संचालित क्रीड़ा परिसर अमरकंटक का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने क्रीड़ा परिसर के बालक-बालिका छात्रावास में कराए गए निर्माण कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा, सहायक कलेक्टर महिपाल सिंह गुर्जर तथा सर्व संबंधित उपस्थित रहे। बालक-बालिका छात्रावास के निर्माण कार्यों का अवलोकन करते हुए संबंधितों को आवश्यक दिशानिर्देश दिए।





## हर्षोल्लास से मनाई गई हनुमान जयंती

### हनुमान जयंती पर निकाली गई भव्य शोभा यात्रा

### जगह-जगह हुए भण्डारे

शहडोल

हिन्दू कैलेण्डर के अनुसार, हनुमान जयंती प्रत्येक वर्ष चैत्र पूर्णिमा के दिन होती है। चैत्र पूर्णिमा के दिन राम भक्त, संकट मोचन हनुमान जी का जन्म हुआ था। पवन पुत्र के नाम से प्रसिद्ध हनुमान जी की माता अंजनी और पिता वानरराज केसरी थे। हनुमानजी को बजरंगबली, केसरी नंदन और आंजनेय आदि नामों से पुकारा जाता है। वास्तव में हनुमान जी भगवान शिव के 11वें रूद्र अवतार हैं, जिन्होंने त्रेतायुग में प्रभुश्रीराम की भक्ति और सेवा के लिए जन्म लिया। संकटों का नाश करने वाले हनुमान जी को संकटमोचन भी कहते हैं। नगर से सटे कल्याणपुर के हनुमान मंदिर में सुबह सोमवार सुबह 10 बजे से ही अखंड मानस पाठ का आयोजन किया गया, जिसकी समाप्ति के बाद मंगलवार को सायं भजन संध्या एवं नगर में संकटमोचन हनुमान जी महराज की शोभा यात्रा का आयोजन किया गया है। राजेंद्र टॉकीज के पास स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर में भी भंडारा का आयोजन रखा गया है यहां शोभा यात्रा भी दोपहर निकल जाएगी। नगर के घरौला मोहल्ला में स्थित घरौलानाथ मंदिर में भी महाआरती एवं भजन, कीर्तन सहित अखण्ड मानस पाठ का आयोजन किया गया। कल्याणपुर स्थित दक्षिण मुखी प्राचीन हनुमान मंदिर में प्रतिवर्ष भक्तों का तांता लगा रहता है। यहाँ सुबह से ही भक्तों की भीड़ दिखाई पड़ने लगती है। यहाँ सायंकालीन मेले का भी आयोजन होता है जहाँ बच्चे उत्साहपूर्वक इस छोटे से मेले का आनंद लेते दिखाई पड़ते हैं। नगर के सभी हनुमान मंदिरों में भव्य पूजन का आयोजन किया गया साथ ही जगह-जगह भण्डारे प्रसाद का वितरण किया गया जिसका आनंद श्रृद्धालुओं ने पूरी श्रृद्धा के साथ लिया। ब्यौहारी के प्रसिद्ध चिपाडनाथ मंदिर में भी अखण्ड मानसपाठ का आयोजन किया गया। क्षेत्र में प्रसिद्ध चिपाड़नाथ धाम की की अद्भुत महिमा है, यह स्थान लोगों की आस्था एवं विश्वास का स्थान हैं। हनुमान जयंती के अवसर पर यहाँ भी मेले जैसा वातावरण दिखाई पड़ता है। इस दिन लोग यहाँ अपने बच्चों का मुंडन संस्कार, कर्णछेदन संस्कार, कथा पूजन आदि पूरी श्रृद्धा के साथ करवाते हैं।

## स्ट्रांग रूम की अभ्यर्थी एवं उनके प्रतिनिधि सीसीव्हीटी के माध्यम से कर सकेंगे निगरानी

शहडोल



उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमृता गर्ग ने जानकारी दी है कि 19.04.2024 को लोकसभा निर्वाचन 2024 संपन्न होने के पश्चात मतांकन उपरांत ईव्हीएम मशीने शा. पॉलिटेक्निक कॉलेज शहडोल के स्ट्रांग रूम में डबल लॉक में सुरक्षित अभिरक्षा में रखी हुई है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार स्ट्रांग रूम सुरक्षा हेतु शा. पॉलिटेक्निक कॉलेज में त्रिस्तरीय सशस्त्र बल तैनात है। प्रथम स्तर पर (आंतरिक सुरक्षा) में आवश्यक सीएपीएफ बल तैनात किया गया है। सीएपीएफ का आवश्यक सशस्त्र बल 24ग7 सुरक्षा हेतु तैनात रहेगा। द्वितीय स्तर मध्य का रहेगा इस स्तर की सुरक्षा हेतु विशेष सशस्त्र बल का गार्ड तैनात किया गया है। तृतीय स्तर बाह्य सुरक्षा रहेगी। जिस हेतु स्थानीय जिला पुलिस बल तैनात किया गया है। अभ्यर्थी एवं उनके प्रतिनिधियों द्वारा स्ट्रांग रूम के डबल लॉक की निगरानी हेतु भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रत्येक विधानसभा हेतु सीसीटीव्ही कैमरे एवं स्क्रीन की व्यवस्था की गई है साथ ही पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर में अभ्यर्थी एवं उनके प्रतिनिधियों के ठहरने हेतु उचित व्यवस्था की गई है। निर्बाध विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था पॉलिटेक्निक कॉलेज शहडोल में सुनिश्चित कर ली गई है। शा. पॉलिटेक्निक कॉलेज में 24 घंटे कन्ट्रोल रूम संचालित है। स्ट्रांग रूम के बाहर व पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर में पर्याप्त संख्या में अग्निशमन यंत्र की व्यवस्था की गई हैं।

## कलेक्टर ने की मतगणना तैयारियों की समीक्षा

**शहडोल ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तरूण भटनागर ने आज निर्वाचन कार्य के लिए नियुक्त नोडल अधिकारियों की बैठक में लोकसभा निर्वाचन के लिए 04 जून 2024 को होने वाली मतगणना की तैयारियों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने निर्देश दिए कि मतगणना दलों के गठन की सभी तैयारियां पूर्ण करें,मतगणना दलों का गठन करें तथा मतगणना दलों को 09 मई को पहला प्रशिक्षण देना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने मतगणना स्थल में प्रवेश, बैठक व्यवस्था सहित अन्य विषयों पर भी चर्चा की गई।बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमृता गर्ग, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अरविंद शाह, प्रगति वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## 5वीं एवं 8वीं के परीक्षा परिणाम घोषित

### 5 वीं में 96 व 8वीं में 88से अधिक छात्र-छात्राओं ने पाई सफलता

शहडोल

राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा आज 5 वी एवं 8 वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है। कलेक्टर तरूण भटनागर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन ने 5 वीं एवं 8 वीं कक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाए दी। कलेक्टर तरुण भटनागर ने कहा कि शहडोल जिले के पाँचवी और आठवीं कक्षा के परिणाम घोषित हुए हैं। उन्होंने उत्तीर्ण हुए छात्र-छात्राओं, उनके पालकों और शिक्षकों को बधाई प्रेषित की है। कलेक्टर ने कहा कि पाँचवी और आठवीं का यह परिणाम जो कि वर्ष भर की लगन और समझ का परिणाम है कई मायनों में उत्साहवर्धक है। पाँचवी में 96प्रतिशत से अधिक और आठवीं में 88प्रतिशत से अधिक छात्र - छात्राओं ने सफलता हासिल की है और दोनों ही कक्षाओं का परिणाम राज्य के औसत परिणाम से बेहतर है. शहडोल जिले के पाँचवी के छात्र- छात्राओं की लगन और मेहनत का नतीजा है कि इस कक्षा के परिणाम से शहडोल जिला राज्य के दस सबसे बेहतर परिणाम देने वाले जिलों में शामिल हुआ. इस कक्षा के 29प्रतिशत से ज्यादा बच्चों ने ए. और ए ग्रेड में अंक हासिल किये। जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केंद्र शहडोल ने जानकारी दी है कि जिले में कक्षा 5 वीं में कुल 18100 विद्यार्थी सम्मलित हुए जिसमें 17440 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। इसी प्रकार जिले में कक्षा 8वीं में कुल 19183 विद्यार्थी सम्मलित हुए जिसमें से 16959

## रेस्टोरेंट एवं होटलों के खाद्य पदार्थों का किया गया निरीक्षण

शहडोल



कलेक्टर तरूण भटनागर के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में मिलावट के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। इस क्रम में आज खाद्य सुरक्षा अधिकारी आर के सोनी द्वारा अर्बन पिण्ड रेस्टोरेंट एवं इंडियन कॉफी हाउस शहडोल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान किचेन में साफ-सफाई के निर्देश दिए गए साथ ही बासी एवं खराब खाद्य पदार्थ को किचन से हटाने के निर्देश दिए गए। गर्मी के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए खाद्य सामग्री के सही रख-रखाव के भी निर्देश दिए गए। इसी प्रकार एस के तिवारी द्वारा वैभव रेस्टोरेंट एवं वर्षा रेस्टोरेंट जयसिंहनगर निरीक्षण किया गया एवं आवश्यक निर्देश दिए गए।

# चहुंओर छाई रही हनुमान जन्मोत्सव की धूम



## जयंती पर हुये जगह-जगह हुये विविध अनुष्ठान





**जबलपुर (स्वतंत्र मत)। श्रीराम भक्त पवनसुत हनुमान के जन्मोत्सव मंगलवार को श्रद्धा-भक्ति और हर्षोल्लास से साथ मनाया गया। नगर के रामलला, गेट नं 4, पाट बाबा, रानीताल, खारीघाट समेत हनुमान मदिरों में सुबह से श्रद्धालुओं की भीड़ पूजन-अर्चन किया जाता रहा। जगह-जगह अखंड रामायण पाठ और सुंदरकांड के पाठ, वाहन रैली, भंडारे, प्रसाद वितरण, हनमान चालीसा पाठ किया जाता रहा। शहर भर में हनुमान जन्मोत्सव की धूम रही।**

## प्रतिमा खंडित होने से ग्रामीण आक्रोशित



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** ग्राम छैड़ी बरोदा भेड़ाघाट में उस वक्त ग्रामीण आक्रोशित हो गए, जब उन्होंने गांव में हनुमान जी की प्रतिमा को खंडित देखा। देखते ही देखते ग्रामीणों की भीड़ लग गई, जिनका कहना था कि हनुमान जन्मोत्सव के दिन इस तरह की घटना बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस ने ग्रामीणों से चर्चा कर आश्वासन दिया कि मामले में जो भी दोषी होगा, उसे जल्द ही पकड़ लिया जाएगा। बताया जाता है कि छैड़ी बरोदा स्थित हनुमानजी का मंदिर ग्रामीणों की आस्था का केन्द्र है। जहां पर सुबह से शाम तक लोगों को आना जाना लगा रहता है। आज हनुमान जन्मोत्सव होने के चलते ग्रामीण उत्साहित रहे, विशेष आयोजन की तैयारी भी रही। मंगलवार सुबह जब ग्रामीणजन पहुंचे तो देखा कि हनुमानजी की प्रतिमा टूटी पड़ी है। मूर्ति टूटने की खबर भी गांव में आग की तरफ फैल गई। घटना पर आक्रोश जताते हुए प्रदर्शन शुरु कर दिया। खबर मिलते ही पुलिस अधिकारी पहुंच गए, जिन्होने समझाइश देते हुए नई प्रतिमा स्थापित कराने की बात कही। वहीं मंदिर के पुजारी का कहना था कि मूर्ति अपने आप कैसे टूट जाएगी यह किसी शरारती तत्व की हरकत है। यह तय हुआ कि खंडित मूर्ति को नर्मदा नदी में जल विहार कराया जाएगा और नई मूर्ति स्थापित कराई जाएगी। घटना को लेकर यह भी चर्चा रही कि हो सकता है कि मूर्ति चिपकी रही तो जगह छोड़ दी इसलिए गिरने के कारण मूर्ति टूटी है।

## जिला न्यायालय में हुआ सुंदरकांड



श्रीहनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य पर जिला न्यायालय स्थित शिव मंदिर में जिला अधिवक्ता संघ के तत्वावधान में 108 सुंदरकांड पाठ की श्रृंखला का शुभारंभ संगीतमय सुंदरकांड पाठ से किया गया। इस अवसर पर जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष मनीष मिश्रा, सचिन ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी, उपाध्यक्ष मनोज तिवारी, ज्योति राय, सहसचिव मनोज शिवहरे विनोद विश्वकर्मा सहित जिला अधिवक्ता संघ के समस्त नवनिर्वाचित पदाधिकारी के द्वारा हनुमान जी की आरती की गई। मनीष मिश्रा द्वारा 51 किलो लड्डू प्रसाद का वितरण किया गया।

## विशाल वाहन रैली, जय हनुमान का गूंज

अंजनी पुत्र के जन्मोत्सव पर मुख्य आयोजन मझौली बायपास बाबाशाला मंदिर में हुआ। सुबह 10 बजे मंदिर प्रांगण से विशाल वाहन रैली निकाली गई। जय श्रीराम, जय हनुमान के उद्घोष से पूरा नगर गूंज उठा। विशाल भव्य वाहन रैली में युवा भगवा ध्वज ले लिए चल रहे थे। वाहन रैली नया बस स्टैंड, गौरी तिराहा, आजाद चौक, झण्डा बाजार, काल भैरव चौक, बाबाताल शिव मंदिर, पहरेवानाका, मंडी रोड, खितौला बाजार, रेलवे फाटक से निकली। रैली का जगह-जगह भक्तों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। रैली पुराना बस स्टैंड पहूंची। जहां अंजनी पुत्र का पूजन अर्चन किया गया। मदिरों में अखंड रामायण पाठ, भंडारा- हनुमान जन्मोत्सव पर सिविल कोर्ट तिराहा, तहसील परिसर हनुमान मंदिर, ज्वालामूखी मंदिर, स्टेशन रोड हनुमान मंदिर में अखंड रामायण पाठ के समापन पर विशाल भण्डारा आयोजित हुआ। सैकड़ो श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।



## पूजन-अर्चन के साथ हुये भंडारे

गोसलपुर कस्बे में हनुमान जयंती के मौके पर प्रतिवर्षानुसार नगर के हृदय स्थल कहे जाने वाले झंडा बाजार में स्थित प्राचीन दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में हनुमान जयंती के मौके पर सुबह से भजन कीर्तन पूजन अर्चन सुंदरकांड के पश्चात हनुमान भक्तों द्वारा अपने हाथों में भगवा ध्वज लेकर जय श्री राम के नारे लगाते हुए वाहन रैली झंडा बाजार से प्रारंभ होकर पुलिस थाना स्थित हनुमान मंदिर से होते हुये बाजार में रैली का समापन हुआ। सभी मंदिरों में सुंदरकांड भंडारा भजन कीर्तन के आयोजन संपन्न हुए पुलिस थाना प्रांगण में थाना प्रभारी राजेंद्र सिंह मर्सकोले द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। वहीं झंडा बाजार गोसलपुर के हनुमान मंदिर में भी दिन भर विविध धार्मिक आयोजन संपन्न हुए एवं विशाल भंडारे का आयोजन हुआ जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामवासी पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किये।

## धूमधाम से हनुमान जयंती मनाई गई

डॉ राधाकृष्णन वार्ड फकीरचंद अखाड़ा के सामने बाबा टोला पर स्थित प्राचीन ओम श्री लोधेश्वर महादेव मां खेरमाई शक्ति मठ में हनुमान =जी की प्राचीन दुर्लभ प्रतिमा का पूजन किया और सभी भक्तों ने उनके दर्शन लाभ लिए सुंदरकांड हनुमान चालीसा अखंड रामायण पाठ के बाद हवन पूजन किया गया। इसके पश्चात महाप्रसाद वितरण किया गया जिसमें भक्तजनों ने भंडारे को प्राप्त कर पुण्य लाभ अर्जित किया।इस अवसर पर शैलेश सिंह लोधी, निकुंज सिंह, रेखा लोधी, शांति लोधी, राखी सोनी, सरस्वती लोधी, गौरी सोनी, अर्पित सोनी, ओम सर्वज्ञ दुबे, नित्य सिंह, कीर्ति सिंह, वंश वर्मा, कुलदीप लोधी, अनुज रैकवार, मैत्री लोधी, स्नेहा लोधी आदि भक्तगण उपस्थित रहे।

# जबलपुर की फ्लाइट कनेक्टीविटी में भारी गिरावट

## वायुसेवा संघर्ष समिति ने विमानन सेवाओं को लेकर किया पत्राचार

जबलपुर (स्वतंत्र मत)। जबलपुर, महाकौशल एवं विंध्य क्षेत्र का एक प्रमुख शहर है जहां से रोजाना अनेकों यात्री भारत के अन्य शहरों के लिए उड़ान भरते हैं। पिछले कुछ अरसे से जबलपुर की फ्लाइट कनेक्टिविटी में बहुत गिरावट देखने मिली है। पूर्व में यहां से बेंगलुरु, कोलकाता, अहमदाबाद, मुंबई आदि नगरों के लिए सीधी वायु सेवा संचालित होती थी लेकिन अब जबलपुर इन शहरों से सीधी वायु सेवा से वंचित है। जबलपुर से सतना, कटनी, मंडला, दमोह, नरसिंहपुर, सिवनी, बालाघाट इत्यादि शहरों के नागरिक सीधी वायु सेवा का उपयोग करते आए हैं। जहां भारत में उड़ान



योजना तथा छोटे शहरों को वायु मार्ग से जोड़ने का कार्य तेजी से हो रहा है वहीं जबलपुर के साथ पिछले कुछ वर्षों से घोर अन्याय हो रहा है। उद्योग एवं व्यापार इससे प्रभावित हुआ है वहीं स्वास्थ्य सेवाओं पर भी इसका विपरीत असर पड़ा है। लगभग 450 करोड रुपए की राशि व्यय करके जबलपुर के विमानतल को नवीनता एवं आधुनिकता प्रदान की गई है परंतु दुर्भाग्य जनक पहलू यह है कि एक अच्छे एयरपोर्ट होने के बावजूद भी यहां के नागरिक वायु सेवा के लिए तरस रहे हैं।

### औद्योगिक रूप से पिछड़ा शहर

एयर पैसेंजर ट्रैफिक के मामले में जबलपुर अन्य शहरों से अग्रणी है क्योंकि संपूर्ण महाकौशल एवं विंध्य क्षेत्र के नागरिक जबलपुर से सीधी वायु सेवा का लाभ उठाते हैं। देश के प्रमुख शहरों से सीधी वायु सेवा न होने के कारण जबलपुर औद्योगिक रूप में भी पीछे रहा है क्योंकि अनेकों निवेश जो यहां प्रस्तावित थे वायु सेवा की कमी की वजह से धरातल पर नहीं उतर पाए।

### उडड्यन मंत्रालय को भेजा पत्र

जबलपुर से बेंगलुरु, कोलकाता, अहमदाबाद, मुंबई, चेन्नई एवं अन्य शहरों के लिए सीधी वायु सेवा आरंभ करने वायुसेवा संघर्ष समिति ने इस आशय का पत्र मंगलवार को आयुक्त नागरिक उड्डयन मंत्रालय तथा प्रमुख सचिव को प्रेषित किया है। जबलपुर की वायु सेवा की विभिन्न विमानन कंपनियों में मार्केटिंग करने के लिए भी यह समिति पहल करेगी।

# ट्रैक्टर-ट्राली पलटी, 1 मौत, तीन गंभीर



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** शहपुरा मार्ग पर पत्थर व गिट्टी लेकर जा रही ट्रैक्टर-ट्राली अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में ट्रैक्टर सवार चार लोग फंस गए, जिन्हें घायल हालत में उपचार के लिए शासकीय अस्पताल पहुंचाया गया। जहां पर नीलकण्ठ चौधरी को जांच के बाद डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं तीन की हालत को देखते हुए भरती कर लिया गया है। जानकारी के अनुसार गोटेगांव जिला नरसिंहपुर निवासी राकेश चौधरी उम्र 25 वर्ष करीब एक माह से अपनी ससुराल में रह रहा है। राकेश चौधरी के ससुर नीलकण्ठ चौधरी मजदूरी व ड्राइवरी करते हैं। नीलकण्ठ चौधरी ट्रैक्टर-ट्राली में पत्थर लोड करके गंतव्य के लिए निकले। नीलकण्ठ के साथ राजकुमार गौंड़, परवेज गौंड़ व राकेश बर्मन भी साथ रहे। नीलकण्ठ जब ट्रैक्टर-ट्राली लेकर घाटी से आगे बढ़ रहा था, इस दौरान ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे ट्रैक्टर सवार चारों लोग गिरकर फंस गए। राह चलते लोगों ने देखा तो पुलिस को सूचना देते हुए चारों को निकालकर शासकीय अस्पताल पहुंचाया। जहां पर घायलों की हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल अस्पताल रेफर किया। मेडिकल अस्पताल में डॉक्टरों ने नीलकण्ठ को जांच के दौरान मृत घोषित कर दिया। वहीं तीनों की हालत को देखते हुए भर्ती कर लिया गया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने पूछताछ के बाद मर्ग कायम कर लिया है।

# वेटनरी विवि. की युनिट्स देख संतुष्ट हुआ रूसी दल



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विवि. के कुलपति प्रो. एसपी तिवारी के अथक प्रयासों से नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्व विद्यालय जबलपुर एवं रूस की सेंट पीटर्सबर्ग स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ वेटेरिनरी मेडिसिन के मध्य अनुबंध हुआ है। इस अनुबंध के तहत रूस से दो-दिवसीय प्रवास परआये प्रतिनिधियों वाईस रेक्टर प्रोफेसर डॉ निकितिन, डॉ लुटिक, हर्षा पंद्रांगी ने पशु चिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय जबलपुर का भ्रमण किया। प्रतिनिधियों ने एनिमल हाउस का भ्रमण किया जिसमें उन्होंने विभिन्न लेबोरेटरी एनिमल के रखरखाव एवं प्रबंधन के बारे में जाना। इसके पश्चात पशु चिकित्सा परिसर के विभिन्न विभागों का भ्रमण किया। विभिन्न प्रकार के रोगो से ग्रसित जानबरो का परीक्षण एवं उनका इलाज के बारे में जानकारी ली। भ्रमण के दौरान रूस से आये प्रतिनिधियों के साथ कुलपति डॉ. तिवारी की मौजूदगी रही और उन्होंने विश्वविद्यालय में हो रहे शोध कार्यों के बारे में विस्तृत चर्चा की। इस दौरान मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ एसके महाजन, डायरेक्टर इंस्ट्रक्शन डॉ मधु स्वामी, डॉ पीके सिंह, प्रक्षेत्र प्रभारी डॉ सोना दुबे, प्रक्षेत्र प्रबंधक शिव मोहन सिंह व महाविद्यालय के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## मतदान का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने पर 1 और प्रकरण दर्ज

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** लोकसभा चुनाव के लिए हो रहे मतदान का वीडियो वायरल करने के मामले में मंगलवार को गोहलपुर थाना में परवेज अख्तर के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। इसके पहले प्रशासन द्वारा जमा खान व उवेश अंसारी की शिकायत मिलने पर प्रकरण दर्ज कराया जा चुका है। जानकारी अनुसार विधानसभा क्षेत्र जबलपुर पूर्व की सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम आधारताल शिवाली सिंह के अनुसार परवेज अख्तर के विरूद्ध जबलपुर पूर्व विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्र क्रमांक-74 फारान उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोहलपुर में मतदान करने का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने की शिकायत प्राप्त हुई थी। मतदान करने का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड करने के इस प्रकरण में परवेज अख्तर को साफ तौर पर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने तथा मतदान की गोपनीयता भंग करने का दोषी पाया गया। उन्होंने बताया कि परवेज अख्तर के विरूद्ध एफआईआर अधिकारी लोक निर्माण विभाग राष्ट्रीय राजमार्ग के सहायक अभियंता योगेश कुमार वत्सल द्वारा दर्ज कराई गई है।

## मूंग और उड़द में कीटनाशक की सलाह

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** जिले के लगभग 1 लाख 15 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में विगत पंद्रह बीस दिनों से मूंग तथा उड़द फसल की खेती की जा रही है। कृषि महाविद्यालय के कीटशास्त्र विभाग प्रमुख डॉ. एसबी दास, कोराजन निर्माता कंपनी द्वारा मूंग एवं उड़द में फूल आने से फलिया बनने की अवस्था तक सिर्फ एक बार 0.15 मिलीलीटर कोराजन प्रतिलीटर पानी में मिलाकर स्प्रे करने की सलाह दी है। साथ ही पत्ती भक्षक कीटों के नियंत्रण के लिए क्विनालफास की 1.5 मिली अथवा मोनोक्रोटोफॉस की 750 मिली तथा हरा फुदका, माहू पर छिड़काव करना लाभप्रद है।

# आउटसोर्स कर्मी को लगा करंट, दाहिना हाथ कटा

## ठेकेदार ने नहीं दी सहायता, उधारी पैसे से करा रहा इलाज

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** मध्य प्रदेश की पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 के अंतिम माह मार्च 2024 में 929.36 करोड़ रुपये के राजस्व का संग्रहण किया था। लेकिन ये कंपनी प्रबंधन की अमानवीयता और असंवेदनशीलता ही है कि एक महीने में 929.36 करोड़ रुपये के कमाने वाली बिजली कंपनी का कर्मी अपना उपचार उधार लेकर करवा रहा है, वो भी अधिकारी के नियम विरुद्ध आदेश पर कंपनी का कार्य करते हुए घायल होने पर।

### 11 केव्ही लाइन को अकेले खींचने भेजा

मप्र विद्युत मंडल तकनीकी कर्मचारी संघ के प्रांतीय महासचिव हरेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि पूर्व क्षेत्र कंपनी के अंतर्गत जबलपुर ग्रामीण सर्किल के सिहोरा संभाग के कार्यपालन अभियंता कार्यालय के तहत मझौली डीसी के पटोरी गांव में सीमेंट का विद्युत पोल टूटने पर 9 अप्रैल को जूनियर इंजीनियर के द्वारा आउटसोर्स कर्मी राजेश



प्रधान उम्र 36 वर्ष को सुधार कार्य के लिए भेजा गया था। जूनियर इंजीनियर द्वारा नियमों की अनदेखी करते हुए तीन विद्युत पोलों की 11 केवी लाइन खींचने के लिए पांच कर्मियों की जगह सिर्फ एक आउटसोर्स कर्मी को भेजा गया था। डिस्चार्ज रॉड लगाकर जांच करते समय कर्मी को अचानक करंट लग गया, जिससे कर्मी के दोनों हाथ, दोनों पैर के पंजे जल गए। ग्रामीणों के द्वारा घायल कर्मी को तत्काल पटोरी गांव से ले जाकर मेडिकल अस्पताल में भर्ती कर दिया गया। हरेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि 12 अप्रैल 2024 को कर्मी के परिजनों ने उसे मेडिकल अस्पताल से छुट्टी कर निजी अस्पताल की आईसीयू बर्न यूनिट में भर्ती कर दिया। जहां डॉक्टर के द्वारा बताया गया कि दाहिना हाथ का पंजा करंट लगने से बुरी तरह जल गया है, 19 अप्रैल दाहिना हाथ का पूरा पंजा ऊपर से काट कर अलग कर दिया गया।

### मदद के साथ, दोषियों पर हो कार्यवाही

आउटसोर्स कर्मी राजेश प्रधान अत्यधिक गरीब है और उसके तीन बच्चे हैं। साथ ही उसके ऊपर उसकी मां की भी जिम्मेदारी है, जबकि उसके पिता की मृत्यु हो चुकी है। आउटसोर्स कर्मी अपने रिश्तेदार से उधार पैसे लेकर अपना इलाज करवा रहा है। अब तक 80, 000 इलाज में खर्च हो चुके हैं। संघ के मोहन दुबे, राजकुमार सैनी, अजय कश्यप, लखन सिंह राजपूत, विनोद दास, संदीप दीपंकर, इंद्रपाल सिंह, राम शंकर कटारिया, ख्याली राम, शशि उपाध्याय, राजेश पटेल, अमीन अंसारी, मदन पटेल, दशरथ शर्मा आदि ने पूर्व क्षेत्र कंपनी प्रबंधन से मांग की है कि ठेका कंपनी प्राइम वन प्राइवेट लिमिटेड का ठेका निरस्त किया जाये। क्योंकि ठेका कंपनी द्वारा दुर्घटना होने के बाद से आज तक कोई भी सहयोग नहीं किया गया और न ही कोई सुध लेने आया। साथ ही इस घटना की सूक्ष्मता से जांच कर दोषी के ऊपर कार्यवाही की जाए।

**लोकसभा निर्वाचन में शत प्रतिशत मतदान करने वाले मतदान केंद्र**

# सेमरी एवं पिपरीटोला पहुंचकर जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदाताओं का आभार व्यक्त किया

**उमरिया।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में उमरिया जिले के 6 मतदान केन्द्रों के मतदाताओ ने शत प्रतिशत मतदान करके नया इतिहास रचा है, जिससे उमरिया जिले के मतदाताओं की लोकतंत्र के प्रति आस्था एवं उनकी जागरूकता की ख्याति प्रदेश ही नही पूरे देश में विस्तारित हुई है। जिला प्रशासन के लिए एवं उमरिया जिले के संभ्रात मतदाताओ के लिए यह गौरव की बात है। आगें भी जिले के मतदाता निर्वाचनों में इसी तरह बढ चढकर भाग लेगे, ऐसी मेरी इच्छा है। सेमरी एवं पिपरीटोला के मतदाता जो देश के विभिन्न प्रदेशों में रोजी रोटी के लिए गये हुए थे, जिला प्रशासन के एक आग्रह पर अपने गांव आकर मतदान किया तथा जिले का गौरव बढाया। हम ऐसे सभी मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए जिला प्रशासन की टीम के साथ आपके गांव आए है। यह विचार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन ने ग्राम सेमरी एवं पिपरीटोला में आयोजित मतदाता आभार महोत्सव कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। इस अवसर



पर एसडीएम एवं एआरओ मानपुर विधानसभा क्षेत्र कमलेश नीरज, सीएमओ मानपुर भूपेन्द्र सिंह, सीईओ जनपद पंचायत राजेन्द्र त्रिपाठी, मास्टर ट्रेनर सुशील मिश्रा, स्वीप के सहायक नोडल अधिकारी आशीष श्रीवासत्व, सेक्टर अधिकारी राजनारायण सिंह, बीएलओ, महिला पुरूष एवं युवा मतदाता , मीडिया से जुडे मीडिया कर्मी उपस्थित रहे।

मतदाता महोत्सव कार्यक्रम मे कलेक्टर ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना तथा मौके पर ही उपस्थित संबंधित विभाग के अधिकारियो के माध्यम से उनका निराकरण भी कराया। उन्होने कहा कि जिला प्रशासन अपने दायित्वो के प्रति सजग है। जन समस्याओं का निराकरण करना जिला प्रशासन की जवाबदारी है। स्वीप अभियान के तहत इन ग्रामों का जिला अधिकारियो के साथ हमने भ्रमण किया था, उस दौरान ग्रामीणों द्वारा समस्याये बताई गई थी। इन समस्याओं का चिन्हांकन विगत दिनों मुख्यो नगर पालिका अधिकारी मानपुर के माध्यम से कराया गया था और हमनें 23 अप्रैल को शिविर लगाकर समस्याओ का निराकरण करनें का निर्धारण किया था । उसी वायदे को पूरा करने के लिए पूरा जिला प्रशासन आपके साथ है। आप सभी शासन प्रशासन के कार्यो में बढ चढकर सहयोग दें। हम सब आपकी समस्यााओं के निराकरण के लिए सदैव तत्पर रहेगे।

कार्यक्रम में मतदान दिवस के दूसरे दिन 20 अप्रैल को दिवंगत होने वाली महिला मतदाता श्रीमती कलावती पटेल के निधन पर मौन रखकर श्रध्दांजलि व्यक्त की गई। इस अवसर सहायक आयुक्त अखिलेश पाण्डेय, जिला शिक्षा अधिकारी महेंद्र सिंह गौर, राजीव गुप्ता, डिप्टी कलेक्टर मीनाक्षी इंगले, अम्बिकेश सिंह, हरनीत कौर, सीएमएचओ डा आरके मेहरा, श्रम अधिकारी आरके गुप्ता, जन अभियान परिषद् के जिला समन्वयक रवींद्र शुक्ला, महिला एवं बाल विकास अधिकारी, तहसीलदार, बीएमओ सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। गांव के मतदाता राजेन्द्र पटेल ने कहा कि यहाँ के मतदाताओ से कलेक्टर धरणेन्द जैन की अपील कारगर हुई।

# जिले भर में मनाई गई हनुमान जयंती

उमरिया।

जिला मुख्यालय उमरिया सहित पाली, नौरोजाबाद, करकेली, मानपुर में 23 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव का पर्व बडे धूमधाम के साथ मनाया गया। जिला मुख्यालय के झिरिया मोहल्ला, जय स्तंभ चौक सहित अन्य देवी मंदिरों में स्थापित हनुमान जी के मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की गई एवं प्रसाद चढ़ाया गया।

इस अवसर पर मंदिरो में हनुमान चालीसा का पाठ आदि के साथ ही भण्डारे का कार्यक्रम आयोजित किया गया । हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर बम बम कमेटी शारदा मंदिर उमरिया के द्वारा हनुमान जी की भव्य शोभा यात्रा 5 बजे निकाली गई। यह शोभा यात्रा शारदा देवी मंदिर से निकलकर जय स्तंभ चौक, गांधी चौक, रण विजय चौक, अस्पताल तिराहा होते हुए वापस मंदिर पहुँची। भक्तों के द्वारा जय सिया राम का जयकारा लगाया गया।

### हनुमान जन्म उत्सव के उपलक्ष में बजरंगबली को मुकुट अर्पण किया

हनुमान जंयती के अबसर पर



स्वर्गीय श्री मदन गोपाल अवधिया पत्नी सुशीला अवधिया की स्मृति में श्याम जी अवधिया की ओर से हनुमान घाट शांति मार्ग में विराजमान दक्षिण मुखी हनुमान जी के मस्तक में 500 ग्राम चांदी का मुकुट विराजमान पूजन अर्चन किया । इस अवसर श्याम जी अवधिया, बलराम जी अवधिया एवं उनका पूरा परिवार, मंदिर के समिति सदस्यगण उपस्थित रहे।



# के के बेयर हॉउस में पड़ा छापा

उमारिया ।

जिला मुख्यालय स्थित केके बेयर हॉउस कारपोरेशन गो डाउन एन एच 78 ग्राम भरौला तहसील बाँधवगढ़ में नाप तौल विभाग द्वारा छापा मार कार्यवाही की गई है। प्रोपराईटर का नाम कृष्ण कुमार गुप्ता पिता लाल जी गुप्ता उम्र 74 साल वार्ड नम्बर 11 हाउसिंग बोर्ड कालोनी जय स्तंभ चौक है। बताया जाता है कि नाप तौल विभाग द्वारा यह कार्यवाही गत दिवस की गई है। छापामार कार्यवाही के दौरान फ्रिज के दो इंडिकेटर पाए गए है जबकि प्लेटफॉर्म एक ही है। एसआर नंबर 8 डब्ल्यू 8818 सील लगी है। एसआर नंबर 38150629 बिना सत्यापन के पाया गया है। रिकार्ड रजिस्टर में पृष्ठ क्रमांक में 1 अप्रैल से 2024 से पृष्ठ क्रमांक 38 दिनांक 23 अप्रैल तक अंकित है जबकि शेष पेज खाली पाया गया। नाप तौल विभाग ने बताया कि विधिक माप विज्ञान अधिनियम 2009 सह पठित मध्यप्रदेश विधिक माप विज्ञान नियम 2011 के प्रावधानो का प्रथम दृष्टया उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित सामग्री रिकार्ड राजिस्टर जप्त किये गए हैं। जप्त सामग्री जांच में प्रथम दृष्टया संदेहास्पद पाई गई है।

# बांधवगढ़ टाईगर रिजर्व में आदमखोर हुआ बाघ

**खेत मे काम कर रहे वृद्ध को बाघ ने उतारा मौत के घाट**

उमरिया ।



उमरिया जिले में स्थित विश्व प्रसिद्ध बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व से लगे आसपास के ग्रामीण इलाकों में एक बार फिर खूंखार बाघ हिंसक हुआ है। जहां खेत पर गेहूं कटाई का काम कर रहे ग्रामीण के ऊपर बाघ ने अचानक हमला कर दिया। इसके बाद बाघ उसे घसीटकर 300 मीटर से ज्यादा की दूरी पर झाड़ियां में ले जाकर मौत के घाट उतार दिया। घटना के बाद पूरा गांव घटनास्थल पर मौजूद है और आक्रोशित हो उठा है। हालांकि मौके पर वन अमला भी मौजूद है जो ग्रामीणों को समझाइस दे रहा है।यह घटना बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व की मानपुर परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम मचखेता की बताई गई है। मिली जानकारी के मुताबिक मंगलवार 23 अप्रैल को सुबह 4 बजे ग्रामीण खेत में गेहूं कटाई का काम कर रहा था तभी अचानक खूंखार बाघ ने उसे पर हमला कर दिया। इसके बाद बाघ उसे मुंह में दबाकर घसीटते हुए झाड़ियां में ले गया जहां वह उस पर और भी हमला कर मौत के घाट उतार दिया। घटना के बाद से ही ग्रामीण एकत्रित होकर घटनास्थल पर पहुंच गए हैं और वन विभाग के खिलाफ आक्रोशित हो रहे हैं। मृतक का नाम रामप्रताप सिंह गोंड उम्र करीब 62 वर्ष है। बताया यह भी जाता है कि म्रतक इंदवार क्षेत्र के थे,परन्तु गांव डूब क्षेत्र में आने के बाद विस्थापन के दौरान ये ग्राम देवरी में बस गए थे।

बताया गया कि मानपुर परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम मछखेता के देवरी गांव में स्थानीय निवासी राम नरेश गुप्ता के खेत में ग्रामीण गेहूं की कटाई का काम कर रहा था। इस दौरान बाघ ने उसे पर हमला किया है। घटनास्थल से मृतक का जूता और गेहूं काटने वाली हसिया बरामद हुई है। घाट के बाद बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व का वन हमला मौके पर मौजूद है और ग्रामीणों से बातचीत कर समझाइए दे रहा है।




# ग्राम पंचायत भवन किरणताल में नालसा द्वारा विधिक साक्षरता शिविर

**उमारिया।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण न्यू दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं माननीय श्री एम एस तोमर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीशध्अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उमरिया के मार्गदर्शन में श्री जितेन्द्र सिंह बाजोलिया जिला न्यायाधीशध्सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उमरिया के निर्देशन में ग्राम पंचायत भवन किरणताल में नालसा द्वारा संचालित योजना नशा पीड़ितों को विधिक सेवाएं एवं नशा उन्मूलन के लिए विधिक सेवा योजना 2015 के सम्बंध में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।जिसमें जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री अमित शर्मा जी ने बालकों का ड्रग्स तश्करी के दुरुपयोग, एन डी पी एस एक्ट 1985 के बारे में योजना का लक्ष्य, निः शुल्क विधिक सहायता अधिनियम विशेष इकाई की स्थापना, ड्रग्स दुरुपयोग के बारे में एवं नशा मुक्ति केंद्र के बारे में जानकारी दी।

### आज से विद्यालय/छात्रावास किये गये अधिग्रहित

**दमोह।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किये गये कार्यक्रम अनुसार 26 अप्रैल को 07 दमोह संसदीय क्षेत्र अंतर्गत जिले के विधानसभा क्षेत्र 54 पथरिया, 55 दमोह, 56 जबेरा एवं 57 हटा में स्थापित मतदान केन्द्रों पर मतदान संपन्न कराये जाने हेतु मतदान दलों को मतदान सामग्री का प्रदाय पॉलिटेक्निक कॉलेज दमोह से किया जायेगा। कलेक्टर ने ठहरने की व्यवस्था हेतु 24 से 27 अप्रैल तक केन्द्रीय विद्यालय दमोहए पिछड़ा वर्ग कन्या छात्रावास विवेकानंद नगर कॉलोनी, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय दमोह एवं शासकीय जेपीबी स्कूल दमोह को तत्काल प्रभाव से अधिग्रहित किये है।




# नशा पीड़ितों को विधिक सेवाए एवं नशा उन्मूलन के लिए विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

उमरिया

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण न्यू दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं माननीय श्री एम एस तोमर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीशध्अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उमरिया के मार्गदर्शन में श्री जितेन्द्र कुमार बाजोलिया सचिवध्जिला न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उमरिया के निर्देशन में सोमवार 22 अप्रैल को ग्राम पंचायत भवन खैरा में, नालसा द्वारा संचालित योजना नशा पीड़ितों को विधिक सेवाए एवं नशा उन्मूलन के लिए विधिक योजना 2015 के सम्बन्ध में, विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे सचिव श्री जितेन्द्र कुमार बाजोलिया जी ने नवयुवकों किशोर एवं बालकों का ड्रग्स तस्करी के दुरुपयोग, एनडीपीएस एक्ट 1985 के बारे में, योजना का लक्ष्य, निः शुल्क विधिक सेवा अधिनियम, विशेष इकाइयों की स्थापना, ड्रग्स दुरुपयोग के पीड़ितों के परिवारों को जागरूक करना, नशा मुक्ति केंद्र, आदि के बारे में जानकारी दी गई।

# महीने भर में मात्र 15 किसानों ने उपार्जन केंद्रों में बेचा गेहूं

**34 में से मात्र 6 उपार्जन केंद्रों में हुई गेंहू की बोहनी**

**उमरिया..** जिले मे गेंहू की सरकारी खरीदी इस बार भी बेहद मंद गति से हो रही है। खाद्य विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक 23 अप्रेल 2024 तक मात्र 17 किसानो से 686 क्विंटल फसल कृय की गई है। हालत यह है कि अधिकांश उपार्जन केन्द्र खाली पडे हैं और वहां पदस्थ स्टाफ बिल्कुल फुरसत बैठा हुआ है। उल्लेखनीय है कि जिले मे इस बार 14 हजार 509 किसानो ने अपना पंजीयन कराया था। जो कि गत सीजन से भी ज्यादा है। रबी फसलों का उपार्जन 29 अप्रेल को शुरू हो हुआ था, जो कि आगामी 15 मई को समाप्त होगा। कृषि से जुड़े सूत्रों का मानना है कि विगत दो महीनो से मौसम के प्रतिकूल व्यवहार के कारण कटाई और गहाई मे काफी व्यवधान उत्पन्न हुआ है। हलांकि इसके बाद भी अधिकांश अनाज गहाई के बाद किसानो के घर पहुंच चुका है। ऐसे मे अभी तक कम से कम पचास प्रतिशत उपार्जन तो हो ही जाना चाहिये, परंतु 27 दिनो मे खरीदी 25 प्रतिशत के आंकडे को भी नहीं छू पाई है।



पिछले कुछ वर्षो से खुले बाजार मे गेहूं की मांग बढी है, जिससे इसके दामो मे कुछ सुधार हुआ है। अनाज मंडी की जानकारी रखने वाले लोगों ने बताया कि वर्तमान मे यहां के व्यापारी 2200 रूपये प्रति क्विंटल की दर पर गेहूं की खरीद कर रहे है। जबकि इसका सरकारी समर्थन मूल्य 2275 और 125 अर्थात 2400 रूपये प्रति क्विंटल है। इस तरह 200 रूपये दाम कम होने के बाद भी किसान उपार्जन केन्द्रों की बजाय खुले मार्केट मे अपनी फसल बेंचना ज्यादा पसंद कर रहे हैं। इसका कारण बाजार मे आसान खरीदी और तुरंत भुगतान का होना है। किसानो का कहना है कि समर्थन मूल्य खरीदी केन्द्रों मे दाने की क्वालिटी से लेकर माल की तौल तक उन्हे तरह-तरह के नाज नखरे सहने पडते हैं। वहीं उपार्जन का भुगतान भी रूक कर खातों मे आता है। इतना ही नहीं बैंकों मे अपने ही पैसे के लिये लाईन मे लगने की परेशानी अलग। कई बार नगदी की किल्लत के कारण बैंक भुगतान करने मे हीला-हवाली भी करते हैं। दूसरी ओर व्यापारी माल खरीदते ही रकम तत्काल किसान के हांथ मे रख देते हैं।

मौसम के कारण जिले मे इस बार गेहूं का उत्पादन काफी कम हुआ है। किसानो ने बताया कि गहाई के बाद उनके हांथ मे उम्मीद से करीब 20 प्रतिशत कम अनाज आया है। इसका कारण दाने आर बालियों का कमजोर होना है। उन्होने बताया कि बेमौसम बरसात तथा जलवायु परिवर्तन के कारण फसल बहुत ही ज्यादा मार खा गई। कई किसानो का कहना है कि गेहूं की खेती अब उनके लिये घाटे का सौदा होती जा रही है। एक तरफ जहां खाद, बीज, सिचाई, बिजली, डीजल और मजदूरी के दाम कई गुना बढ गये हैं, वहीं दूसरी ओर उपज की कीमतें वहीं की वहीं है। आज की तारीख मे एक क्विंटल गेहूं की फसल उगाने मे 2500 रूपये का खर्च आता है। किसान का मेहनताना और न्यूनतम प्रॉफिट मिला कर इसका दाम कम से कम 3500 रूपये होना चाहिये, जबकि समर्थन मूल्य अभी भी 2400 रूपये प्रति क्विंटल पर टिका हुआ है।

आंकडों पर नजर डालें तो किसान उपार्जन के लिये अपना पंजीयन तो करा रहे हैं, लेकिन फसल लेकर केन्द्रों तक नहीं आ रहे। बीते साल जिले मे 14 हजार 393 किसानो का पंजीयन हुआ, जिनमे से महज 5 हजार 594 ने 1 लाख 86 हजार 653.81 क्विंटल गेहूं का विक्रय किया। वहीं इस वर्ष 14 हजार 509 किसानो ने अपना पंजीयन पोर्टल पर कराया है, लेकिन अभी तक केवल 15 किसान ही अपनी उपज लेकर आये हैं। गौरतलब है कि शासन द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रों मे 34 उपार्जन केन्द्र स्थापित करने के सांथ ही वहां पर सभी तरह के इंतजामात किये हैं। इस व्यवस्था मे प्रतिदिन लाखों रूपये का खर्च हो रहा है।

# श्रीहनुमान जन्मोत्सव पर सड़कों में नजर आया भक्तों का उल्लास





## हवन पूजन भंडारे और प्रसाद वितरण के साथ निकली शोभायात्रा

नैनपुर ( स्वतंत्रमत )

संकट मोचन भगवान श्री हनुमान जी का जन्मोत्सव धर्म कर्म के साथ मनाया गया। सारे दिन मंदिरों और बनाये गए पंडालों में चहल पहल रही। अंजनी के लाल श्रीहनुमान जी की सेवा कर मानो समूचा नगर धर्म मय नजर आ रहा था । सुबह युवकों ने श्रीराम संकीर्तन के साथ प्रभात फेरी निकाली। दोपहर बाद वाहन रैली निकली जो भगवा ध्वज पताकाओं के उल्लास से भरी हुई थी। देर शाम वार्ड 6 दक्षिण मुखी श्रीहनुमान मंदिर से एक विशाल शोभायात्रा निकाली गई। जिसने नगर के सभी धार्मिक आयोजनों का सिरमौर बनने का रिकार्ड बनाया । इसके अलावा वार्ड 13 रेलवे श्रीहनुमान मंदिर में 24 घंटो का अखंड कीर्तन के बाद भक्तों की उल्लासित भीड के बीच भक्तों ने जन्मोत्सव मनाया। नगर के अन्य श्रीहनुमान मंदिरों में सारे दिन वीर बजरंगबली का जयकारा गूंजता रहा। हवन पूजन अर्चन और विशेष पूजा पाठ के साथ हनुमान भक्तों में अपने ईष्ट को रिझाने का प्रयास किया। तालाब टोला में श्री राम दरबार सजाया गया था । जहां नगर के ख्याति प्राप्त मूर्तिकार ने अयोध्या धाम की मिट्टी से हूबहू अयोध्या के श्रीराम की मूर्ति निर्माण की थी । जो आकर्षण का केंद्र रही। चकोर तट श्रीहनुमान मंदिर, वार्ड 3 उमरिया, बुधवारी बाजार श्री हनुमान ग.?ी, तहसील परिसर और निवारी स्थित श्री हनुमान मंदिर में दिन भर हनुमान भक्तों का तांता लगा रहा। वही नगर के चौराहों में हनुमान जन्मोत्सव पर्व पर भंडारे और प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया । जहां धर्म प्रिय भक्तों ने पूरी श्रद्धा से प्रसाद और भंडारा ग्रहण किया।



## सूर्यकुण्ड में हनुमान जन्मोत्सव की धूम

मण्डला( स्वतंत्र मत )

प्रसिद्ध धाम सूर्यकुण्ड हनुमान मंदिर में श्री हनुमान लला का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। यहां श्री श्री 1008 ब्रम्हलीन भारती जी महाराज मुख्य संचालक समिति ब्रम्हमूर्हत आरती सेवादार के द्वारा मंगलवार की प्रात: 3:45 ब्रम्ह्मूर्हत में हनुमान लला को विधि विधान से पूजन पाठ करते हुए चोला अर्पण किया गया। साथ ही मंदिर में उपस्थित सभी भक्तों के द्वारा स्पर्श वंदन लगाने का सौभाग्य मिला। मंदिर में आने वाले सभी भक्तों के चरण धुलाए गए और तिलक वंदन करते हुए पुष्पवर्षा के साथ अंग वस्त्र भेंट किया गया। आरती के बाद हनुमान लला को अनेक प्रकार के भोग लगाए गए यहां पर भक्तों में एक अलग तरह का उत्साह दिखा। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी हनुमान लला के मंदिर को अनोखे तरीके से साज सज्जा की गई। हनुमान जन्मोत्सव पर यहां पर सुबह पहर से लेकर देर रात तक भक्तों का आना जाना लगा रहा जहां पर भंडारा प्रसादी वितरण का कार्य भी किया गया। बता दें कि जिला मुख्यालय से करीब 5 किलोमीटर दूर में स्थित सकवाह ग्राम है जहां हनुमान लला अपने भक्तों को तीन स्वरूप में दर्शन देते हैं। जिसमें पहला बाल रूप, युवारूप और वृद्धरूप में हनुमान लला अपने भक्तों को दर्शन देते हैं। मान्यता है कि यहां से कभी कोई निराश होकर नही लौंटा यू तो रोजाना सैकड़ो की संख्या में लोग यहां दर्शन करने आते हैं लेकिन शनिवार और मंगलवार को यहां पर खासी भीड़ देखी जाती है। पुरूष ही नही महिलाएं भी यहां पर दर्शन करने आती हैं।

### पिकअप और बाइक में भिंड़त

**मण्डला/मोहगांव( स्वतंत्र मत )।** मोहगांव थाना क्षेत्र के गांव गोरखपुर में लापरवाह पिकअप वाहन के चालक ने सामने से आ रही बाइक को सीधी टक्कर मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के बाद आरोपी वाहन चालक मौके से फरार गया है। बाइक में दो ग्रामीण सवार थे जो सिंगारपुर सहकारी बैंक में केसीसी का काम कराकर घर लौट रहे थे। घायलों को ग्रामीणो के मदद से अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस को सूचना दी गई। मोहगांव पुलिस के द्वारा जांच की जा रही है। मोहगांव थाना के गांव धनगांव निवासी शंकर यादव पिता पुल्ला यादव और फूलचंद्र यादव पिता रामकुमार यादव सुबह के समय बाइक पर सवार होकर सिंगारपुर आए हुए था। यहां सहकारी बैंक की शाखा में केसीसी संबधी काम करा कर दोपहर के समय घर धनगांव लौट रहे थे। कि गोरखपुर तिराहे के पहले तेज रफ्तार पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 51 जी 1360 के चालक ने बाइक सवार को साइड ना देकर टक्कर मार दी।

### स्पोर्ट्स अकादमी में चयन मई में

**मण्डला( स्वतंत्र मत )।** मप्र राज्य वाटर स्पोर्ट्स अकादमी भोपाल के तत्वावधान में 2024-25 के लिए सेलिंग विधा का प्रतिभा चयन कार्यक्रम 22 अप्रेल से 23 मई तक प्रदेश की विभिन्न जिलों में आयोजित किया जा रहा है। 12 मई को 4 बजे से शाम 6 बजे तक इंडोर स्टेडियम मंडला में प्रतिभा चयन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। प्रतिभा चयन कार्यक्रम में भाग लेने 8 से 12 वर्ष तक के इक्छुक खिलाड़ी निर्धारित दिनांक समय एवं स्थल पर आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, मूल स्थानीय निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ उपस्थित हो सकते है।

### द लाइट फिल्म देखे 26 अप्रैल से

**मण्डला( स्वतंत्र मत )।** ब्रम्हाकुमारीज संस्थान के गोडलीवुड स्टूडियो के द्वारा निर्मित द लाइट एक आंतरिक यात्रा एनिमेटेड फिल्म का निर्माण किया गया है। फिल्म के प्रोड्यूसर गॉडलीवुड स्टूडियो के डायरेक्टर ब्रम्हाकुमार हरिलाल भाई जी एवं क्रिएटिव प्रोड्यूसर विश्व प्रसिद्ध फिल्म निर्देशक शूजीत सरकार जी हैं। परमात्मा के अवतरण और महिला को सशक्त बनाने का संदेश देने के लिए इस फिल्म का निर्माण किया गया। इस फिल्म मण्डला जिले किंगफिशर में 26, 27, 28 अप्रैल को सुबह 10:30 बजे 12:30 बजे तक दिखाई जाएगी। इस फिल्म को देखने के लिये और पूर्व बुकिंग करने के लिए ब्रम्हाकुमारीज मण्डला का मुख्यालय बस स्टैंड के पीछे ब्रम्हाकुमारीज मार्ग में स्थित विश्व शांति भवन में जल्द से जल्द सम्पर्क करें।

### नवरत्न दुबे का निधन

**मण्डला/नारायणगंज( स्वतंत्र मत )।** बरगी बांध से विस्थापित गांव टाटीघाट नारायणगंज मंडला के निवासी नवरत्न दुबे की तबियत बिगड़ने पर जबलपुर ले जाया जा रहा था। परन्तु जबलपुर पहुंचने के पहले रास्ते में ही देहांत हो गया। मंडला-जबलपुर मार्ग स्थित भावल गांव में अंतिम संस्कार किया गया। 2009 में जब चुटका परमाणु संयत्र को मंजूरी दिया गया था तब से उन्होंने इस परियोजना के खिलाफ आसपास के दर्जनों गांव में मजबूत संगठन तैयार किया। उन्होंने चुटका परियोजना प्रभावितों को रावतभाटा राजस्थान में निर्मित परमाणु संयत्र को देखने का प्रस्ताव देकर अंतिम फैसला लेने का अनुरोध किया।

## सावधानी में ही सुरक्षा, सीवर लाईन ठेका कम्पनी का नजारा जरा सी चूक आपको पहुंचाएगी अस्पताल या यमलोक

मण्डला

सीवर लाईन ठेका कम्पनी पर जिला प्रशासन का दबाव लगता है खत्म सा हो गया है। ठेका कम्पनी का आतंक एक फिर हर तरफ दिखाई देने लगा है। लगभग दो माह से कोष्टा मोहल्ला, रंगरेज घाट में अधूरा काम कर कम्पनी गायब हो चुकीं है जहां रोजाना हादसे हो रहे हैं तो दूसरी तरफ ठेका कम्पनी का शिकार अब पड़ाव कॉलेज मार्ग के रहवासी और राहगीर हैं। यहां पर पुराने फॉरेस्ट नाका के पास मुख्य मार्ग में लापरवाही पूर्व खुदाई कर काम को अधूरा छोड़ दिया गया है। जिस वजह से वाहनों की आवाजाही मुश्किल से हो पा रही है। वहीं रात के समय रोजाना दुर्घाटनाएं भी हो रही हैं बीते पांच दिनों से मौसम में बदलाव है जिसके चलते शाम होते ही बारिश होने लगती है बारिश का असर इनके द्वारा खोदे गए मौंत के गढ्डें में भी दिखाई देता है जरा सी चूक आपकों अस्पताल या यमलोक पहुंचाने में गुरेज नही करेंगी। वहीं



आम नागरिकों का कहना है कि क्या नगर में अधिकारी और नेता केवल धन कमाने के लिए आते हैं और उनका स्वार्थ केवल कमीशन खोरी रहता है। लोगों में बहुत ज्यादा मात्रा में आक्रोश दिखाई दे रहा है लेकिन कहीं भी सुनवाई नही हो रही है। ठेका कम्पनी के कामों की अगर जांच की जाए तो यह पूरा कार्य फर्जीवाड़ा के अलावा कुछ नही है नियम अनुबंध और शर्तो के विपरीत ठेका कम्पनी जिले में सीवर लाईन डालने का काम कर रही है। लगभग दो माह से कोष्टा मोहल्ला से रंगरेज घाट तक किए गए सीवर लाईन के काम को अधूरा छोड़ा गया है। जिसके चलते रोजाना यहां पर दुर्घाटनाएं हो रही है दो माह पहले सीवर लाईन ठेका कम्पनी के द्वारा मुख्य मार्ग को खोदा गया और पाईप लाईन डालने के बाद चेम्बर बनाए गए लेकिन सड़कों को मूल स्वरूप में नही लाया गया। जिसके चलते पूरी सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं जिसमें वाहन फंस रहे हैं और लोग दुर्घाटना के शिकार हो रहे हैं। यह स्थिति अन्य वार्डो में भी दिखाई दे रही है। जिम्मेदार अधिकारी और ठेकेदार कम्पनी के कर्मचारी शिकायत के बाद भी ध्यान नही दे रहे हैं। जिससे लोगों में आक्रोश है। बता दे कि इन दिनों सीवर लाइन बिछाने का काम किया जा रहा है जिसके चलते नगर पालिका क्षेत्र की ज्यादातर सडकों को खोदा जा रहा है लेकिन सडकों को सीवर लाइन का काम करने के बाद जस का तस छोड़ दिया जा रहा है जिसके चलते नगरीय निकाय के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है सडकों को खोद कर सीवर लाइन डाली गई है लेकिन सडकों का मरम्मतीकरण नहीं किया गया है वार्डवासियों ने कई बार अपने पार्षद को उक्त संदर्भ में बताया और आवेदन भी दिया है लेकिन किसी प्रकार का कोई समाधान आज तक नहीं किया गया कुछ दिन पूर्व कलेक्टर ने सीवरेज कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए नगरीय निकाय द्वारा किये जा रहे सीवरेज कार्य के दौरान क्षतिग्रस्त सडकों की मरम्मत करने के निर्देश दिए थे उन्होंने सीवरेज कार्य में लगे अधिकारियों को निर्देशित किया था कि सीवरेज कार्य को प्राथमिकता से पूर्ण करें तथा सीवरेज कार्य में गुणवत्ता का विशेष रूप से ध्यान रखते हुए कार्य को शीघ्रता से पूर्ण करें। कलेक्टर ने कार्यालय में मानचित्र के माध्यम से सीवरेज कार्य की प्रगति का अवलोकन भी किया था। बावजूद इसके ठेका कम्पनी द्वारा कराए जा रहे काम में जमकर लापरवाही बरती जा रही है जिसके चलते लोगों में रोष व्याप्त है। वार्डवासियों का कहना है कि वार्ड के सड़कों को पूर्व की भांति बनाया जाए ताकि लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना ना करना पडे। नर्मदा नदी को प्रदूषण मुक्त करने के लिए मंडला नगरीय क्षेत्र में सीवेज ट्रीटमेन्ट प्रोजेक्ट में करोडो़ं रूपए खर्च किए जा रहे है। यहां नगर में सीवरेज लाइन के लिए सड़क तोड़ी जा रही है लाइन बिछाने के बाद इन सडकों को भगवान भरोसे छोड़ दिया जा रहा है। एमपीयूडीसी ने सीवरेज लाइन बिछाने का काम महाराजपुर से शुरू किया है जो कच्छप गति से चल रहा है। यहां करीब 40 किमी की लाईन डाली जानी है। दूसरी ओर ठेका कम्पनी के द्वारा मण्डला नगर में लाइन बिछाने का काम शुरू कर दिया है। जो बिना प्लानिंग से किया जा रहा है। वार्डो की सीसी सडक खोदना ही पड़ेगा लेकिन सौ से डेढ़ मीटर सड़क पाइप लाइन बिछाने के बाद सडक इस लायक बना दिया जाए कि वहां से आवाजाही शुरू हो सकें। वहीं नगर के वार्डो में सीवज लाईन के कार्य को लेकर नगर पालिका परिषद मे एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में परिषद सदस्य और ठेका कम्पनी के मैनेजर केएफडब्लू के इंजीनियर शामिल रहे। सीवरेज लाइन बिछाने के बाद सडक व नाली की मरम्मत नही करने और लापरवाही बरतने पर परिषद नाराज हुई। प्रस्ताव बनाकर काम बंद कराने की चेतावनी दी गई।

## हनुमान शेषनाग मंदिर में कार्यक्रम



मण्डला

जिला पंचायत के सामने स्थित हनुमान शेष नाग मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव पर विभिन्न कार्यक्रम किए गए। यहां पर सुबह हनुमान लला को चोला चढ़ाया गया वहीं दोपहर के समय पं रामनाथ शास्त्री के द्वारा हवन पूजन पाठ के साथ आरती कराई गई। समाजसेवी सुधीर कांसकार ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी कार्यक्रम आयोजित किए गए। जहां पर भंडारा प्रसादी वितरण की गई। यहां पर शाम के समय महिलाओं ने संगीतमय सुदरकांड का आयोजन किया।

## समय सीमा बैठक में कलेक्टर के निर्देश

मण्डला( स्वतंत्र मत )

समय-सीमा एवं विभागीय समन्वय समिति की बैठक में कलेक्टर ने निर्देशित किया कि पेयजल के संबंध में प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करें। सभी एसडीएम तथा जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी क्षेत्र का भ्रमण करें तथा पेयजल के संबंध में यदि कोई समस्या सामने आती हैं तो पीएचई विभाग से समन्वय कर सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ निराकरण कराएं। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि हेंडपंपों तथा नलजल योजनाओं में आवश्यकतानुसार सुधार कार्य कराएं। किसी भी ग्राम-टोला में पेयजल की समस्या नहीं होनी चाहिए। उन्होंने नियमानुसार जल परिवहन के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए। डॉ. सिडाना ने कहा कि हेंडपंप उत्खनन में लगाए गए प्रतिबंध का सख्ती से पालन कराएं, उल्लंघन की स्थिति में वैधानिक कार्यवाही करें। कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी टीएल प्रकरणों को समय पर निराकृत करते हुए पोर्टल पर उनकी एंट्री सुनिश्चित करें। विभिन्न योजनाओं के तहत स्वीकृत आवास के निर्माण कार्यों को समय में पूरा कराएं। संबंधित अमला कार्यों की सघन मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें। राहत के प्रकरणों का समय सीमा में नियमानुसार निराकरण करें। उपार्जन की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने निर्देशित किया कि खरीदी के साथ परिवहन भी जारी रखें। साथ ही किसानों के भुगतान के लिए आवश्यक कार्यवाही संपादित करें। संबंधित अधिकारी उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण करते हुए प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। छात्रवृत्ति वितरण की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने शीघ्र ही छात्रवृत्ति का शतप्रतिशत भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### अचानक बदला मौसम का मिजाज

मण्डला( स्वतंत्र मत )

अप्रैल माह में 40 के पार पहुंचे पारा ने सभी को परेशान कर दिया है। इसी बीच पिछले एक सप्ताह से मौसम का मिजाज बदल रहा है। शनिवार की रात को आंधी तूफान ने तबाही मचा दी। दूसरे दिन मौसम साफरहा है लेकिन मंगलवार की शाम फिर मौसम बदला। गरज के साथ बारिश हुई। जिससे गर्मी से लोगों को राहत मिली। तापमान में गिरावट आई। लगातार बदल रहे मौसम से लोगो के स्वास्थ्य में भी प्रभाव देखने को मिल रहा। आमजन सिरदर्द, पेट संबधी रोगों से ग्रासित हो रहे हैं। बारिश होने के बाद बिजली सप्लाई भी प्रभावित रही है। इस वजह उमस से लोग परेशान हो रहे हैं। उमस भरी गर्मी के चलते लोग परेशान हुए। दुकानदार से लेकर ग्राहक भी हलाकान रहे हैं। बिजली नहीं होने के कारण लोगों को कई तरह की समस्या का सामना करना पड़ा है। रात की बारिश के बाद जहां सुबह उमस भरी गर्मी का सामना लोगों को करना पड़ा।

## ग्रीष्म ऋतु में धूप, तपन-लू से रहे सावधान

मण्डला

गर्मी का सीजन शुरू हो चुका है। तेज गर्मी से लोगों को लू लगने का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए लोगों को सावधानी बरतने की जरूरत है। इसे लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट जारी कर सावधानी बरतने की सलाह दी है। इसके साथ ही उपचार, प्रबंधन को लेकर सभी चिकित्सकों को निर्देशित भी किया गया है। जानकारी के अनुसार लू लगने का सबसे ज्यादा खतरा वृद्ध, गर्भवती और नवजात शिशुओं को रहता है। इसके अलावा लू से अन्य लोगों को भी खतरा रहता है। सीएमएचओ डॉ. केसी सरोते ने बताया कि लू से बचाव का एक मात्र तरीका सावधानी रखना है। इसकी



जागरूकता के लिए जिले में अलर्ट जारी किया गया है। इसके साथ ही सभी स्वास्थ्य अमले को निर्देशित किया गया है कि लोगों को लू से बचने के उपाय बताएं। लोगों में जागरूकता फैलाएं। लू लगने के कारण व्यक्ति बीमार हो जाता है। यदि समय पर उसे इलाज नहीं मिले तो उसकी मौत भी हो सकती है इसलिए लोग लापरवाही न बरतें और ऐसी शिकायत होने पर तुरंत इलाज लें। बताया गया कि घटते बढ़ते तापमान के बीच अस्पताल में भी मरीजों की संख्या बढने लगी है। अस्पताल आने वाले मरीजों को गर्मी में खान पान में सावधानी बरतने की सलाह दी जा रही है। सीएमएचओ डॉ. केसी सरोते ने बताया कि वर्तमान में ग्रीष्म ऋतु के दौरान बढती धूप की तपन लू से सावधानी एवं शरीर को मौसमी बीमारी से बचाव के लिए आमजन को सावधानी बरतने की आवश्यकता है। घर से बाहर निकलने से पहले भरपेट पानी अवश्य पियें धूप में जाते समय सूती कपडे पहनें और सिर और कान को सूती कपडे से ढंककर रखें। धूप में घूमने वाले व्यक्ति नमक, शक्करयुक्त कोई तरल पदार्थ या ओआर, घोल का अधिक सेवन करें। नींबूपानीए केरी का पना, शिंकजी या मट्ठा अधिक से अधिक पियें, भरपेट भोजन करके ही बाहर निकलें हमेंशा ताजा भोजन, फल और सब्जियाँ खायें। यथासंभव धूप में अधिक न निकलें। धूप में खाली पेट न निकलें शरीर में पानी की कमी न होने दें बुखार में शरीर का तापमान न बढने दे ठंडें पानी की पट्टी रखें, कूलर या कंडीशनर से धूप में एकदम न निकलें, मिर्च, मसालेयुक्त भोजन न करें, बासी भोजन न खायें। व्यक्ति को फौरन छायादार जगह में लेटायें, ढीले कपडे पहनें, पेय पदार्थ, जीवन रक्षक घोल ओआरएस, कच्चें आम का पना पिलायें एवं ताप घटाने के लियें व्यक्ति के सिर पर ठंडे पानी की पट्टी रखें एवं नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में उपचार ले।

संपादकीय

## बेपर्दा होती मर्यादा...

आम चुनाव में प्रधानमंत्री व गृहमंत्री महंगाई एवं भ्रष्टाचार पर कोई बात नहीं करते। शायद उन्हें लगता है कि यह बात मत करो। ऐसा किया जाने से मतदाताओं में चर्चा होगी तथा उक्त सन्दर्भ मतबूत होता जाएगा। शुतुरमुर्ग की तरह रेत में सिर छिपा लेने की तरह ''सत्ता'' का यह व्यवहार, भाषणबाज और तलाश-तलाश कर कांग्रेस पर निशाना साधा जाना क्या साबित करता है? दरअसल, पीएम नियम 123 का उल्लंघन कर रहे हैं। निर्वाचन आयोग से अपेक्षा की जा रही है कि वह सत्ता का अहंकार त्यागे और झूठ बोलने से बचे। अर्से से और अभी हाल की भाजपा की नीति लोकतंत्र पर प्रहार करने की है। मैनिफेस्टो समझाने के लिए खड़गे ने मोदी से समय मांगा है। कांग्रेस भाजपा के खिलाफ चुनाव आयोग से 17 शिकायतें कर चुकी है। कांग्रेस के वेणुगोपाल के अनुसार पीएम ने जो कहा वह हमारे घोषणा पत्र में नहीं है। हमने चुनाव आयोग के सामने पूरा बयान रख दिया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता कांग्रेस के घोषण पत्र को मुस्लिम लीग का घोषणा पत्र बता रहे हैं। महिलाओं के मंगल सूत्र को राजनीति के दलदल में डालने हर बिन्दु पर भर्त्सना योग्य है। साम-दाम-दण्ड-भेद का उपयोग तो चुनाव में किया ही जाता है, लेकिन इस तरह की घटिया राजनीति भाजपा करेगी इसकी उम्मीद कभी किसी को नहीं थी। लोकसभा चुनाव में पीएम नरेन्द्र मोदी कांग्रेस पर निशाना साधने के लिए ऊल जलूल भाषण देने से परहेज नहीं कर रहे हैं। सोमवार को अलीगढ़ की जनसभा में आरोप लगाया कि इंडिया गठबंधन की नजर आपकी सम्पत्ति पर है। कांग्रेस आपकी सम्पत्ति पर पंजा मारना चाहती है। अप्रत्यक्ष तौर पर मुस्लिम उनके निशाने पर रहे। कहा- ज्यादा बच्चे पैदा करने वालों पर कांग्रेस कृपा करेगी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मोदी को जवाब दिया। कहा-घोषण पत्र की प्रतियां प्रधानमंत्री को भेजी जाएंगी। पीएम हमारे घोषणा पत्र को सही से समझ नहीं पाये हैं। महंगाई से परिवार नाराज हैं। बेराजगारी से युवा। किसानों को भी केन्द्र सरकार उनकी मनमाफिक मदद नहीं कर पाई। नाराजी चारों ओर दिखाई दे रही है। घोषणा पत्र को लेकर लड़ाई जारी है। लेकिन वह भी ''नफरत'' और बांटने की कोशिश दर्शाती है। हमारी एकता, संविधान का महत्व और रोजमर्रा की समस्याओं पर सत्ता पक्ष गौर नहीं करेगा तो कौन करेगा? कांग्रेस का घोषणा पत्र आमजन के हित में माना जा रहा है। जो बात कांग्रेस ने कही ही नहीं उसे लेकर बयानबाजी को कौन स्वीकृति देगा? कांग्रेस के वरिष्ठ नेता संयम के साथ अपनी बात कह रहे हैं। कन्हैया कुमार ने मंगलवार को एक चैनल पर केन्द्र सरकार को घेरा। महंगाई और बेराजगारी के मामले में केन्द्र पर चोट की। सीबीआई के छापों और दल बदल कराने के लिए भाजपा को निशाने पर लिया। राजनीति का स्तर इतने नीचे गिरा दिया गया है, कहने के लिए शब्द नहीं मिलते। पीएम हर वक्त कांग्रेस की सरकारों का हवाला देते हैं, लेकिन पूरी तरह झूठ। भाजपा अपने काम काज पर रोशनी डालने की बजाये कांग्रेस को कोसती रहती है। यह कैसा चुनाव प्रचार है?

# इतिहास और अप्रैल

भारत के इतिहास में अप्रैल का महीना ब्रिटिश राज द्वारा जलियांवाला में हुए नर संहार के लिए काले में पन्नों में दर्ज है तो यही महीना पेशावर में चन्द्र सिंह गढ़वाली और उनके मातहत सैनिकों द्वारा अपने जीवन और नौकरी की परवाह न करते हुए निहत्थे पठानों को बचाने तथा स्वाधीनता आन्दोलन के महायज्ञ में दी गई आहुति के लिए भी याद रखा जाएगा। भले ही आज पेशावर पाकिस्तान में है मगर गढ़वाली सैनिकों के साहस और जज्बे की मिसाल उस जमीन पर सदैव अक्षुण रहेगी। पंजाब के तत्कालीन लेफ्टिनेंट गवर्नर माइकल फ्रांसिस ओड्वायर और ब्रिगेडियर जनरल (अस्थाई प्रमोशन) रेजिनाल्ड एडवर्ड हैरी डायर द्वारा अमृतसर के स्वर्णमंदिर के निकट स्थित जलियांवाला बाग में किया गया नरसंहार इसी अप्रैल के महीने की 13 तारीख को हुआ था जिसमें सरकारी तौर पर 379 लोगों के मारे जाने और लगभग 1200 के घायल होने की पुष्टि बाद में की गई मगर स्वतंत्र इतिहासकारों के अनुसार इस क्रूरतम नरसंहार में 500 से अधिक लोग मारे गए, जबकि हजारों अन्य घायल हुए जिनमें लेफ्टिनेंट गवर्नर माइकल फ्रांसिस ओड्वायर का 13 मार्च 1940 को लंदन के कैक्सटन हॉल में गोली मारकर वध करने वाला महान क्रांतिकारी उधमसिंह भी शामिल था।सन् 1930 में इसी अप्रैल महीने की 23 तारीख को चन्द्रसिंह गढ़वाली के नेतृत्व में गढ़वाली सैनिकों ने पेशावर में सीमान्त गांधी के नाम से पुकारे जाने वाले महान स्वतंत्रता सेनानी अब्दुल गफ्फार खान के समर्थन में जुटे पठानों पर गोलियां बरसा कर नर संहार करने से साफ इंकार कर दिया था। इस विद्रोह में इन सैनिकों को मृत्यु दण्ड से तो बचा लिया गया मगर विभिन्न जेलों में उन्हें लम्बी सजाएं अवश्य भुगतनी पड़ी। 23 अप्रैल, 1930 के पेशावर कांड में गोलीबारी के आदेश दने वाला कमांडिंग ऑफिसर जॉर्ज हर्बर्ट एडवर्ड पर्सी हैमंड था जो वहां ब्रिटिश सेना का क्षेत्रीय कमांडर था। उसने निहत्थे आन्दोलनकारी पठानों पर गोलीबारी से इंकार करने के बाद गढ़वालियों के हथियार छीनकर उन्हें गिरफ्तार कर लिया था और गोलियां चलाने के लिए दूसरी टुकड़ी को आदेश दे दिया था। गढ़वाली सैनिकों की गिरफ्तारी के बाद पेशावर शहर तथा थाने के पास गोलीबारी में अनेक लोग अवश्य मरे मगर जलियांवाला नरसंहार की पुनरावृत्ति अवश्य रुक गई। इस कांड से भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन को और बढ़ावा मिला। इंडियन नेशनल कांग्रेस द्वारा पेशावर कांड की जांच के लिए गठित वी.जे, पटेल की अध्यक्षता वाली कमेटी की रिपोर्ट के अनुसार 23 अप्रैल 1930 के पेशावर कांड में पुलिस और सैनिक टुकड़ी द्वारा फायरिंग की घटनाओं में कम से कम 20 आन्दोलनकारी मारे गए तथा 21 घायल हुए थे। रिपोर्ट में अपुष्ट स्त्रोतों से मरने वालों की संख्या काफी अधिक बताई गई, साथ ही उन्हीं अपुष्ट स्त्रोतों ने कमेटी को पुलिस द्वारा शवों को गायब करने और घायलों के सामने न आने की बात भी बताई। जांच कमेटी की रिपोर्ट के अनुसार गिरफ्तारी के डर से कई घायल आन्दोलनकारी अस्पताल नहीं गये जिस कारण घायलों की सही संख्या का पता नहीं चल सका।दोनों घटनाएं ब्रिटिश औपनिवेशिक अधिकारियों द्वारा ब्रिटिश शासन के खिलाफ शांतिपूर्वक विरोध कर रहे भारतीय नागरिकों के खिलाफ हिंसक बल का उपयोग करने के उदाहरण थीं। दोनों ही मामलों में निहत्थे नागरिकों को ब्रिटिश सेना द्वारा निशाना बनाया गया। इन दोनों ही घटनाओं में बड़ी संख्या में निहत्थे नागरिक मारे गये या घायल हुए। जलियांवाला बाग हत्याकांड में सैकड़ों लोगों की मौत हुई, जबकि पेशावर कांड में भी कई नागरिक मारे गए और घायल हुए। मगर गढ़वाली सैनिकों के विद्रोह के कारण भारी खून-खराबा नहीं हो सका। दोनों घटनाओं से भारतीयों में व्यापक आक्रोश और निंदा हुई, जिससे ब्रिटिश शासन के खिलाफ प्रतिरोध बढ़ गया। जलियांवाला बाग नरसंहार पंजाब के अमृतसर में दो राष्ट्रवादी नेताओं, डॉ. सत्यपाल और डॉ. सैफुद्दीन किचलू की गिरफ्तारी और निर्वासन के खिलाफ शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन के दौरान हुआ था। जबकि पेशावर कांड, जो अब पाकिस्तान में है, 'फ्रंटियर गांधी' के नाम से जाने जाने वाले एक प्रमुख राष्ट्रवादी नेता अब्दुल गफ्फार खान की गिरफ्तारी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान हुआ। जलियांवाला बाग हत्याकांड का नेतृत्व मुख्य रूप से पंजाब के स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं ने किया था, जबकि पेशावर कांड अब्दुल गफ्फार खान के नेतृत्व वाले खुदाई खिदमतगार आंदोलन से जुड़ा था, जिसकी उत्तर-पश्चिम सीमांत प्रांत में मजबूत उपस्थिति थी। (अब खैबर पख्तूनख्वा, पाकिस्तान)। जलियांवाला बाग हत्याकांड ब्रिटिश अधिकारियों की पंजाब में बढ़ते राष्ट्रवादी आंदोलन के दमन के कारण शुरू हुआ था, जबकि पेशावर कांड अब्दुल गफ्फार खान की गिरफ्तारी और खुदाई खिदमतगार आंदोलन को दबाने के ब्रिटिश प्रयासों की प्रतिक्रिया थी।

### देश के लिए शहादत और बलिदान का महीना



**जलियांवाला बाग नरसंहार पंजाब के अमृतसर में दो राष्ट्रवादी नेताओं, डॉ. सत्यपाल और डॉ. सैफुद्दीन किचलू की गिरफ्तारी और निर्वासन के खिलाफ शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन के दौरान हुआ था। जबकि पेशावर कांड, जो अब पाकिस्तान में है, 'फ्रंटियर गांधी' के नाम से जाने जाने वाले एक प्रमुख राष्ट्रवादी नेता अब्दुल गफ्फार खान की गिरफ्तारी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान हुआ।**

पेशावर काण्ड सन् 1857 के बाद भारतीय सेनिकों का यह पहला विद्रोह था, मगर विद्रोह भी ऐसा कि किसी पर बंदूक उठाकर नहीं बल्कि बंदूक झुकाकर। इस घटना से सारे देश में आजादी के आन्दोलन को नयी स्फूर्ति मिली। मोतीलाल नेहरू के आवाहन पर देश के प्रमुख नगरों में ''गढ़वाली दिवस'' मनाया गया। इस काण्ड में चन्द्रसिंह एवं अन्य गढ़वाली सैनिकों को मृत्युदण्ड भी मिल सकता था, लेकिन बैरिस्टर मुकन्दीलाल की जबरदस्त पैरवी से उन्हें फांसी की सजा नहीं हुयी, मगर सारी उम्र कालापानी की सजा अवश्य मिली। दरअसल 23 अप्रैल, 1930 को हजारों लोग ब्रिटिश हुकूमत की ज्यादतियों के विरोध स्वरूप पेशावर में पुलिस स्टेशन के सामने किस्सा खानी बाजार में एकत्र हुए थे। उस स्थिति में भीड़ को तितर-बितर करने के असफल प्रयासों के बाद ब्रिटिश कप्तान ने गढ़वाल राइफल्स की टुकड़ी को भीड़ पर गोलियां चलाने का आदेश दिया तो फायरिंग का आदेश सुनते ही हवलदार चन्द्र सिंह ने जोर से आवाज देकर अपनी टुकड़ी को गोलीबारी न करने करने का आदेश दे दिया। उन्होंने अपनी टुकड़ी को पहले ही निर्देश दे दिए थे कि किसी भी कीमत पर निर्दोष लोगों पर गोली न चलाई जाए। इस नाफरमानी के बाद चन्द्रसिंह गढ़वाली के साथ ही पूरी टुकड़ी पर राजद्रोह का मुकदमा चलाया गया। पेशावर कांड के बाद, वीर चंद्र सिंह गढ़वाली को 11 साल तक कई जेलों में बंद रखा गया और 1941 में रिहाकर दिया गया। जेल से रिहा होने के बाद, वह भारत के स्वतंत्रता संग्राम में शामिल हो गए।माना जाता है कि नेता जी सुभाष चन्द्र बोस ने इन्हीं गढ़वाली सेनिकों से प्रेरणा लेकर आजाद हिन्द फौज का गठन किया था और नेताजी सुभाषचन्द्र बोस ने गढ़वाली सेनिकों और अफसरों को उनके देश प्रेम और बलिदान के लिए सहर्ष तत्पर रहने की भावना से प्रभावित हो कर उन्हें आजाद हिन्द फौज में महत्वपूर्ण पदों पर रखा। नेताजी की आइएनए में ढाई हजार से ज्यादा गढ़वाली सैनिक थे। इन बहादुर सैनिकों को हुयी सजा, जिनका नामलेवा कोई नहीं। हवलदार मेजर चन्द्र सिंह के अलावा हवलदार नारायण सिंह गुसाईं, नायक जीत सिंह रावत, नायक भोला सिंह बुटोला, नायक केशर सिंह रावत, नायक हरक सिंह धपोला, लांस नायक महेन्द्र सिंह, लांस नायक भीमसिंह बिष्ट, लांस नायक रतन सिंह नेगी, लांस नायक आनन्द सिंह रावत, लांस नायक आलम सिंह फरस्वाण, लांस नायक भवान सिंह रावत, लांस नायक उमराव सिंह रावत, लांस नायक हुकम सिंह कठैत, और लांस नायक जीतसिंह बिष्ट को लंबी सजाएं हुई। इनके अलावा पाती राम भण्डारी, पान सिंह दानू, रामसिंह दानू, हरक सिंह रावत, लछमसिंह रावत, माधोसिंह गुसाईं चन्द्र सिंह रावत, जगत सिंह नेगी, ज्ञानसिंह भण्डारी, शेरसिंह भण्डारी, मानसिंह कुंवर, बचन सिंह नेगी, रूपचन्द सिंह रावत, श्रीचन्द सिंह सुनार, गुमान सिंह नेगी, माधोसिंह नेगी, शेरसिंह महर, बुद्धिसिंह असवाल, जूरासंध सिंह रमोला, रायसिंह नेगी, किशन सिंह रावत, दौलत सिंह रावत, करम सिंह रौतेला, डबल सिंह रावत, हरकसिंह नेगी, रतन सिंह नेगी, हुक्म सिंह सुनार, श्यामसिंह सुनार, सरोप सिंह नेगी, मदनसिंह नेगी, प्रताप सिंह रावत, खेमसिंह गुसाईं एवं रामचन्द्र सिंह चौधरी को कोटमार्शल द्वारा सेना की नौकरी से बर्खास्त कर दिया गया। इनके अलावा त्रिलोक सिंह रावत, जैसिंह बिष्ट, गोरिया सिंह रावत, गोविन्द सिंह बिष्ट, दौलत सिंह नेगी, प्रताप सिंह नेगी और रामशरण बडोला को सेना से डिस्चार्ज किया गया।

## मतदाता की बेरुखी लोकतंत्र के लिए नहीं हैं अच्छे संकेत

– डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

**मतदान में हिस्सा नहीं लेने वाले मतदाताओं को किसी भी हालत में देश का जिम्मेदार नागरिक नहीं कहा जा सकता। आज चुनाव आयोग ने जहां अवेयरनेस प्रोग्राम के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागृत किया हैं वहीं पारदर्शी और सहज मतदान व्यवस्था सुनिश्चित की है।**

18 वीं लोकसभा के लिए पहले चरण की 102 सीटों के लिए मतदान के प्रति मतदाताओं की उदासीनता ने निराश ही किया है। आजादी के साढ़े सात दशक बाद भी मतदान प्रतिशत बढ़ने के स्थान पर कम होना निश्चित रुप से किसी भी रुप में लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत नहीं माना जा सकता है। चुनाव आयोग के लाख प्रयासों के बावजूद मतदान प्रतिशत कम होना निश्चित रुप से सोचने को मजबूर कर देता है। चुनाव आयोग से पहले चरण के मतदान के प्राप्त आंकड़ों का विश्लेषण किया जाये तो साफ हो जाता है कि 2019 की तुलना में दो प्रतिशत तक मतदान प्रतिशत में गिरावट आई है। हांलाकि त्रिपुरा और सिक्किम में मतदान का आंकड़ा 80 प्रतिशत को छूने में सफल रहा है पर वहां भी 2019 की तुलना में कम है। त्रिपुरा में 2019 के 81.9 प्रतिशत की तुलना में 81.5 प्रतिशत और सिक्किम में 84.8 प्रतिशत की तुलना में 80 प्रतिशत मतदान रहा है। पहले चरण के चुनावों में मतदान का सबसे कम प्रतिशत बिहार का रहा है जहां मतदान का आंकड़ा 50 प्रतिशत को भी छू नहीं पाया है। छत्तीसगढ़ में अवश्य 2019 की तुलना में एक प्रतिशत से कुछ अधिक मतदान रहा है। जहां तक राजस्थान का प्रश्न है 12 सीटों पर हुए मतदान में मतदान प्रतिशत में 6 फीसदी की गिरावट रही हैं। सभी सीटों पर मतदान का प्रतिशत 2019 की तुलना में कम रहे हैं। हांलाकि चुनाव आयोग द्वारा जारी आंकड़ें आरंभिक सूचना के आधार पर है पर इनमें कोई खास बदलाव आने की संभावना नहीं है। मजे की बात यह है कि पहले चरण में लोकसभा की 543 सीटों में से 20 प्रतिशत से कुछ कम 102 सीटों पर मतदान हो चुका हैं। यदि मतदाताओं का अगले चार चरणों के मतदान में भी यही रुख रहता है तो यह चुनाव आयोग,




राजनीतिक दलों, लोकतांत्रिक व्यवस्था, गैरसरकारी संगठनों सहित सभी के लिए चिंतनीय हो जाता है। मतदान में हिस्सा नहीं लेने वाले मतदाताओं को किसी भी हालत में देश का जिम्मेदार नागरिक नहीं कहा जा सकता। आज चुनाव आयोग ने जहां अवेयरनेस प्रोग्राम के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागृत किया हैं वहीं पारदर्शी और सहज मतदान व्यवस्था सुनिश्चित की है। आज मतदाताओं को किसी राजनीतिक दल पर निर्भर नहीं रहना पड़ता। एक मतदान केन्द्र पर एक सीमा तक ही मतदाता होने के साथ ही मतदान केन्द्र पर सभी तरह की व्यवस्था सुनिश्चित की जाती है। अब तो मतदाता को चुनाव आयोग द्वारा मतदाता क्रमांक से लेकर मतदान केन्द्र तक की जानकारी का समावेश करते हुए परची उपलब्ध कराई जाती है। सीनियर सिटीजन और मतदान केन्द्र तक जाने में अक्षम मतदाताओं को घर से मतदान की सुविधा दी गई है। मतदाताओं को जागृत करने के लिए प्रचार के सभी माध्यम यहां तक कि सोशियल मीडिया का उपयोग किया जाने लगा है। मतदान को निष्पक्ष और भयमुक्त कराने के लिए संपूर्ण व्यवस्था चाक-चौबंद की जाती है। राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों की प्रत्येक गतिविधि पर नजर रखी जाती है। यहां तक कि उम्मीदवार से संबंधित जानकारी साझा की जाती है। संवेदनशील मतदान केन्द्रों पर विशेष व्यवस्था होती है। कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ ही मतदान केन्द्र पर सुरक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित की जाती है। इसके अलावा यह नहीं भूलना चाहिए कि साक्षरता और लोगों में जागरुकता आई है। चुनाव आयोग के अलग अलग ऑब्जरवर द्वारा पूरी व्यवस्था पर कड़ी नजर रखी जाती है ताकि राजनीतिक दलों या उम्मीदवारों द्वारा मतदाताओं को किसी भी गलत तरीके से प्रभावित नहीं किया जा सके। इस सबके बावजूद मतदान कम होना गंभीर हो जाता है।लोकसभा के पहले चुनाव 1952 में 44.87 प्रतिशत मतदान रहा था जो सर्वाधिक 67.40 प्रतिशत 2019 के 17 वीं लोकसभा के चुनाव में रहा। मतदान में उतार चढ़ाव तो देखा जाता रहा है पर चुनाव व्यवस्था के सरलीकरण, पारदर्शिता, निष्पक्ष चुनाव की चाकचौबंद व्यवस्था, ग्रामीण और शहरी सभी क्षेत्रों में साक्षरता में बढ़ोतरी के बावजूद यदि मतदान प्रतिशत 90 के आंकड़ें को भी नहीं छूता है तो यह घोर निराशाजनक है। हांलाकि आजादी के बाद सर्वाधिक मतदान 1984 के 64.01 के आंकड़ें को 2014 में पीछे छोड़ा गया पर 2019 के पहले चरण के मतदान से निराशा ही हाथ लगी है। आखिर शिक्षित मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करने के प्रति इतना गैरजिम्मेदार कैसे हो रहा है। सब कुछ को अलग कर दिया जाये तो भी इस बात से नहीं नकारा जा सकता कि देश के नागरिक का भी अपने देश के प्रति लोकतंत्र के प्रति दायित्व होता है। आखिर हम सरकार की आलोचना करने में तो पीछे नहीं रहते पर कभी हमने सोचा है क्या कि हम मताधिकार का उपयोग करने के अपने दायित्व को नहीं समझ पाते हैं। अपनी सरकार चुनने के अवसर पर हम हमारे दायित्व को कैसे भूल जाते हैं। इस संदर्भ में सर्वोच्च न्यायालय की टिप्पणी भी अपने आप में गंभीर हो जाती है। भारत जैसे देश के आम नागरिकों द्वारा इस तरह से लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी हिस्सेदारी नहीं निभाना किसी अपराध से कम नहीं माना जाना चाहिए। हमें गर्व होता है कि हमारे देश का लोकतंत्र दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। पर हमें उस समय नीचे देखने को भी मजबूर होना पड़ता है जब इतने बड़े लोकतंत्र के पर्व पर आमनागरिक अपने दायित्व को समझने और उसे पूरा करने की भूल कर बैठता है और मताधिकार का उपयोग नहीं कर व्यवस्था को ठेंगा बताने का प्रयास करते हैं।

## हिंदू हारे क्यों और अब हिंदू उत्कर्ष के कारण क्या हैं ?

**हिन्दुओं ने आत्म मुग्धता के साथ केवल अपने बारे में महानता की बातें कीं लेकिन जो सावरकर और हेडगेवार को जानते हैं वे समझते हैं कि अपनी दुर्बलताओं की और ध्यान दिए बिना शक्ति अर्जन का पथ प्रशस्त करना संभव नहीं होता।**

वर्तमान हिंदू उदय का काल सनातन हिन्दुओं की वीरता और उनके असीम धैर्य के साथ विश्व में दुर्लभ संघर्ष की अद्भुत निरंतरता बताता है तो उसके साथ ही स्मरण रखना होगा पिछले कई सौ वर्षों में हिन्दू द्वारा हिन्दू से विद्वेष, हिंदू की हिंदू से शत्रुता, असंगठन, शत्रु के साथ अपने स्वार्थ के लिए जा मिलना और सामूहिक शत्रु के विरुद्ध अपने ईर्ष्या भावत्म कर संगठित बल से उस शत्रु का हनन करने की भावना का ना होना जिसने हिंदुओं को विदेशी क्षुद्र शक्तियों का दास बनाया।ये पांच सौ वर्ष कैसे बीते हमारे? इन वर्षों में लाखों हिन्दुओं का वध हुआ, उनकी स्त्रियों का अपमान हुआ, बच्चे नर नारी गुलाम बनाकर काबुल और बगदाद के बाजारों में बेचे गए, हमारे मंदिरों का ध्वंस हुआ और उनका अपमान हुआ, हमारे पूर्वजों को डरा धमका कर, संहार के भय से इस्लाम में लाया गया। आज उन मतांतरित हिन्दुओं के वंशज ही आक्रमणकारी विदेशियों की भांति हिन्दू धर्म एवं आस्था स्थलों के प्रति घृणा का भाव रखते हैं, क्यों ? पांच सौ वर्षों के संघर्ष की निरंतरता के बाद हिन्दुओं के असीम धैर्य के बावजूद उनके प्रति मतांतरित जिहाद-अनुयायियों की शत्रुता काम क्यों नहीं हुयी? हिन्दू इन विषयों पर सोचना भी नहीं चाहता। स्मृति भ्रंश और विगत के बलिदानों का विस्मरण हमारी बड़ी कमजोरी है। मंदिरों की अपरमित आय उच्च जातियों द्वारा नियंत्रित रहती है। हिन्दुओं का कौन सा एक भी मंदिर है जो अपने ही रक्तबंधु दलितों के प्रति समता और सच्चे आत्मीयता का भाव जन जन में पैदा करने के लिए दो चढ़ावा खर्च करता होगा? अथवा देश के कोने कोने में हिन्दुओं को धर्मान्तरित करने वाली शक्तियों के सामने हिन्दू रक्षक और समरसता के यथार्थ प्रहरी भेजने हेतु अपने करोड़ो रुपये के हिन्दू-धर्म-दान का कोई अंश खर्च करता होगा? इन हिन्दू मंदिरों के संचालक एवं धर्म कोष के अधिपति अपनी राजनीतिक अभीप्साओं की पूर्ति के लिए मंदिर कोष कभी सरकारी कार्यों हेतु, कभी आगंतुक राजनीतिक महानुभाव के सरकारी सहायता कोष हेतु, कभी सड़क पानी बिजली के लिए खर्च कर अपने लिए राजनीतिक पद और प्रतिष्ठा की संभावनाएं ढूंढते हैं। लेकिन अरुणाचल से लेकर अंडमान और लद्दाख तक जो संगठन हिन्दू धर्म की रक्षा के लिए प्रयासरत हैं उनको कभी दो रुपये की सहायता नहीं देते।हिंदू पर्व केवल लोकाचार-रीति रिवाज और कर्मकांड के पालन द्वारा अपनी क्षुद्र मनोकामनाएं पूरी करवाने का पाखंड नहीं होना चाहिए। हिन्दू क्यों हारा? किन कारणों से आक्रमणकारी जीते? किन कारणों से हमारा संगठन जातियों, धन कुबेरों के स्वार्थों, धार्मिक कुरीतियों और रूढ़िवादिता के कारण छिन्न भिन्न होता रहा? और किन महापुरुषों ने हिन्दू संगठन का बीड़ा उठाया जिस कारण आज सर्वत्र एक हिंदू उत्कर्ष का भाव दिखने लगा है? इन पर विचार किये बिना भारत के नवीन भाग्योदय पर विमर्श अधूरा ही कहा जायेगा। स्मरण रखिये महाशक्ति संपन्न, विष्णु के अवतार श्री राघव को भी रावण वध से पूर्व भगवती शक्ति का आवाहन कर आशीर्वाद लेना पड़ा था। हमारे अवतारी पुरुष और वीर पराक्रमी गुरु दुष्ट हन्ता, जनसंगठक, मर्यादा रक्षक, प्रजा वत्सल, अत्यंत सौम्य, अक्रोधी, शालीन, भद्र, सबकी सुनने वाले और विनम्र रहे हैं।




## आखिर यूपी में क्या सियासी गुल खिलाएगी राहुल-अखिलेश की जोड़ी?

-कमलेश पांडे

**राहुल गांधी से पहले संवाददाता सम्मेलन की शुरुआत करते हुए अखिलेश यादव का यह कहना कि मुझे खुशी है आज हम मिलकर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे हैं, बेहद अहम है। उन्होंने तो साफ कहा कि यूपी में गाजियाबाद से लेकर गाजीपुर तक भाजपा का सफाया होने जा रहा है।**

उत्तरप्रदेश में पहले चरण के मतदान से दो दिन पहले यानी गत बुधवार को दिल्ली से सटे गाजियाबाद महानगर के कौशांबी स्थित फाइव स्टार होटल रेडिसन ब्लू सभागार में, गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र की इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा के समर्थन में कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जो संयुक्त प्रेस वार्ता को संबोधित किया, उसके सियासी मायने स्पष्ट हैं। यहां के शानदार मंच से दोनों नेताओं ने भाजपा की मोदी सरकार के प्रति जो तल्खी दिखाई, उससे यह सवाल उभरकर सामने आया कि आखिर यूपी में क्या सियासी गुल खिलाएगी राहुल-अखिलेश की जोड़ी? आपको पता होना चाहिए कि यूपी में कांग्रेस-सपा गठबंधन होने के बाद पहली बार दोनों नेता एक साथ, एक मंच पर दिखाई दिए और पत्रकारों के लाख कुरेदने के बावजूद भी संतुलित और सधे हुए अंदाज में जो बातें कहीं, उसके राजनीतिक मायने स्पष्ट हैं।

पहला यही कि कांग्रेस-सपा की यह युगलबंदी लंबी चलेगी। क्योंकि पीएम पैदा करने वाले इस प्रदेश से यदि भाजपा और एनडीए गठबंधन को खदेड़ना है, तो पीएम के हवा-हवाई मुद्दों की बजाए राहुल गांधी-अखिलेश यादव के जमीनी मुद्दों यानी कांग्रेस की गारंटी (जिसमें इंडिया गठबंधन के मुद्दों को समाविष्ट किया गया है) की बात पर जोर देना होगा। कांग्रेस की गारंटी का मतलब समाज के समस्त दबे-कुचले लोगों के परवरिश और उत्थान की बात, जैसा कि उसमें समाविष्ट किया हुआ है। साफ शब्दों में कहें तो किसान-मजदूर-कारीगर, युवा, महिलाएं, कुटीर-लघु कारोबारी आदि के हित। दूसरा, रामनवमी के दिन ही इंडिया गठबंधन के पहले संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन होने और इस दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सपा नेता अखिलेश यादव द्वारा देशवासियों और पत्रकारों को रामनवमी की बधाई देने का स्पष्ट मकसद है कि इंडिया गठबंधन सनातन मर्यादाओं की उपेक्षा अब नहीं करेगा। क्योंकि 2014 और 2019 का नजीर उसके सामने है। लिहाजा, 2024 में पुरानी गलतियों से सबक लेने की कोशिश की गई है। शुरुआत भी अच्छी है। तीसरा, इस प्रेस वार्ता में राहुल गांधी का यह कहना कि ये चुनाव विचारधारा का चुनाव है, काफी अहम है। उनके शब्दों में, एक तरफ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा लोकतंत्र और संविधान को खत्म करने की कोशिश कर रहे हैं। वहीं, दूसरी तरफ कांग्रेस नीत इंडिया गठबंधन देश में लोकतंत्र और संविधान को बचाने की लड़ाई लड़ रही है। इससे साफ है कि कांग्रेस अपने पुराने मुद्दे पर अडिग है और सावधानी पूर्वक नए मुद्दों से खुद को जोड़ रही है, जो अच्छी बात है। चतुर्थ, बकौल राहुल गांधी, इस चुनाव में 2-3 बड़े मुद्दे हैं। वह है महंगाई, बेरोजगारी और भागीदारी। लेकिन इसके बारे में ना तो प्रधानमंत्री बात कर रहे हैं और ना ही बीजेपी बात कर रही है। यही वजह है कि उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी पर सीधे हमला बोलते हुए कहा कि



हमारे प्रधानमंत्री कभी मुद्दों पर बात नहीं करते। मुद्दों पर बात करने की बजाय कभी वह समुद्र की गहराईयों में चले जाते हैं, तो कभी वह आसमान में सी प्लेन पर चले जाते हैं। संभवतया जनता भी इस बात को समझने लगी है, जिससे यूपी में राहुल-अखिलेश का ग्राफ ऊंचा उठने के संकेत मिलने लगे हैं।

पांचवां, राहुल गांधी ने कहा कि पीएम ने एक साक्षात्कार में इलेक्टोरल बॉन्ड को सही बताया और चुनाव में पारदर्शिता लाने के लिए इसे जरूरी बताया। यदि यह सच है तो इस सिस्टम को सुप्रीम कोर्ट ने रद्द क्यों किया? उन्होंने यह भी कहा कि जिन लोगों ने भाजपा को चुनाव के नाम पर करोड़ों की रकम दी, भाजपा उनका नाम क्यों नहीं उजागर कर रही है। उन्होंने पीएम मोदी पर तंज कसते हुए यहां तक कहा कि इलेक्टोरल बॉन्ड अपने आपमें दुनिया का सबसे बड़ा संगठित घोटाला है। इसमें सरकारी एजेंसी और बीजेपी नेतृत्व की दोनों भूमिका संदेहास्पद है। इस प्रकार इलेक्टोरल बांड सबसे बड़ा एक्सटॉर्शन है। पीएम मोदी भ्रष्टाचार के चैंपियन हैं। विपक्ष के नेता का ऐसा तेवर तभी दिखता है, जब सत्तारूढ़ सरकार का अवसान सुनिश्चित होने का फीडबैक कार्यकर्ता देते हैं। छठा, राहुल गांधी से पहले संवाददाता सम्मेलन की शुरुआत करते हुए अखिलेश यादव का यह कहना कि मुझे खुशी है आज हम मिलकर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे हैं, बेहद अहम है। उन्होंने तो साफ कहा कि यूपी में गाजियाबाद से लेकर गाजीपुर तक भाजपा का सफाया होने जा रहा है। भाजपा की हर बात झूठी निकली। न किसान की आय दोगुनी हुई, न युवाओं को रोजगार मिला, विकास के वादे भी अधूरे हैं। इलेक्टोरल बॉन्ड ने इनकी पोल खोल दी है। भाजपा भ्रष्टाचारियों का गोदाम बन गई है। लूट और झूठ भाजपा की पहचान बन गई है। इसलिए मोदी-योगी सरकार से मुक्ति के लिए सामूहिक प्रयास करने होंगे। कार्यकर्ताओं को तालमेल बिठाकर चलना होगा। सप्तम, अखिलेश यादव का यह कहना कि गाजियाबाद यानी पश्चिम उत्तरप्रदेश से चल रही हवा पूर्वी यूपी में गाजीपुर तक जाएगी और पूरे देश में बदलाव लाएगी। हमारा इंडिया गठबंधन गाजियाबाद से गाजीपुर तक क्लीन स्वीप करेगा। हमें पूरी उम्मीद है कि इस बार केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी, काफी अहम है। उनका यह कहना कि इस बार पश्चिम से बदलाव की हवा चली है। जनता भाजपा के झूठ और वादा खिलाफी से तंग आ चुकी है। इलेक्टोरल बॉन्ड ने भाजपा की बैंड बजा दी है। भाजपा भ्रष्टाचारियों का गोदाम बनकर रह गई है। उनकी इन बातों से साफ संकेत मिलता है कि उनके द्वारा शुरू किया हुआ पीडीए अभियान अपनी जमीनी पकड़ बना चुका है, जिसका आत्मविश्वास उनके शब्दों से झलक रहा है। कांग्रेस को भी इसका फायदा मिलेगा। अष्टम, आगामी चुनाव में सीटों की संख्या को लेकर पत्रकारों के सवालों के जवाब देते हुए राहुल गांधी का यह कहना कि पहले उन्हें लगता था कि बीजेपी 180 सीट जीत जाएगी, लेकिन अब उन्हें लग रहा है कि बीजेपी 150 सीटों पर सिमट जाएगी। इससे साफ जाहिर है कि मीडिया रिपोर्ट के उलट भी उनका जमीनी तंत्र सक्रिय है और उन्हें लगातार फीडबैक मिल रहे हैं। तभी तो उन्होंने कहा कि हर राज्य से रिपोर्ट मिल रही है कि हम अच्छा कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश में हमारा गठबंधन बहुत मजबूत है और हम अच्छा करेंगे। नवम, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने साफ कहा है कि गठबंधन तीन प्रमुख मुद्दों पर चुनाव लड़ रही है। इसमें पहला बेरोजगारी, दूसरा महंगाई और तीसरा भागीदारी है। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में हर बार परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक होता है जिससे लाखों युवा आहत होते हैं। इसलिए, जब गठबंधन की सरकार आएगी तो वह युवाओं को रोजगार देगी। वहीं, प्रत्येक परिवार की एक महिला को सालाना एक लाख रुपये देगी। वहीं, जातीय जनगणना कराकर पिछड़े लोगों को आगे ले जाने का काम करेगी। दशम, इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा के पक्ष में वोट करने की अपील के लिए आहूत इस संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में बागपत से सपा प्रत्याशी अमरपाल शर्मा के अलावा अन्य दो गठबंधन प्रत्याशियों को साथ खड़ा करके पत्रकारों को सामूहिक फोटो दिए। इस दौरान उन्होंने अपने गठबंधन के सभी प्रत्याशियों के लिए मतदान करने की अपील की।

# पतंजलि ने कहा-हमने 67 अखबारों में माफीनामा छपवाया

नई दिल्ली। भ्रामक विज्ञापनों पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान पतंजलि आयुर्वेद ने कहा कि उसने 67 अखबारों में माफीनामा प्रकाशित किया है, जिसमें कहा गया है कि वह अदालत का पूरा सम्मान करता है और उनकी गलतियों को दोहराया नहीं जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने पूछा कि क्या पतंजलि द्वारा अखबारों में दी गई माफी का आकार उसके उत्पादों के लिए पूरे पेज के विज्ञापनों के समान था। विज्ञापन में पतंजलि ने हमारे अधिवक्ताओं द्वारा शीर्ष अदालत में बयान देने के बाद भी विज्ञापन प्रकाशित करने और प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित करने की गलती के लिए माफी मांगी। पतंजलि ने सुप्रीम कोर्ट में दावा किया कि विज्ञापन की कीमत 10



लाख रुपये है। जस्टिस हिमा कोहली और अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने पूछा कि सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई से ठीक पहले एक हफ्ते बाद माफी क्यों दाखिल की गई। जस्टिस कोहली ने कहा कि क्या माफ़ी का आकार आपके विज्ञापनों के समान है? बाबा रामदेव और उनके सहयोगी आचार्य बालकृष्ण व्यक्तिगत रूप से अदालत में उपस्थित थे। अदालत ने पतंजलि को विज्ञापनों का मिलान कर पीठ के समक्ष प्रस्तुत करने का आदेश दिया। उन्हें बड़ा न करें और हमें आपूर्ति न करें। हम वास्तविक आकार देखना चाहते हैं। हम यह देखना चाहते हैं कि जब आप कोई विज्ञापन जारी करते हैं तो इसका मतलब यह नहीं है कि हमें इसे माइक्रोस्कोप से देखना होगा।

सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि अन्य एफएमसीजी भी भ्रामक विज्ञापन प्रकाशित कर रहे हैं और जनता को धोखा दे रहे हैं। न्यायमूर्ति कोहली ने कहा कि यह, विशेष रूप से, शिशुओं, स्कूल जाने वाले बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य को प्रभावित कर रहा है। जो उनके उत्पादों का उपभोग कर रहे हैं। अदालत ने आगे कहा कि ड्रग्स एंड मैजिक रेमेडीज़ एक्ट के दुरुपयोग को रोकने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों की जांच करने के लिए मामले में उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय को शामिल करना आवश्यक था।

# दक्षिण एशिया में डिफेंस एक्सपोर्ट का बड़ा खिलाड़ी बना भारत

## अचानक फिलीपींस पहुंची ब्रह्मोस मिसाइल, बौखलाया चीन



नई दिल्ली।

दक्षिण चीन सागर में चीनी दावों के कारण बढ़ते तनाव के बीच, रक्षा निर्यात को भारी बढ़ावा देते हुए, भारत आज ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलों के भूमि संस्करण की चौथी बैटरी फिलीपींस भेजने की राह पर है। यह समझा जाता है कि ब्रह्मोस मिसाइलों की तीन बैटरी पहले ही द्वीप राष्ट्र को सौंप दी गई है और चौथी 2022 में दोनों सहयोगियों द्वारा हस्ताक्षरित 375 मिलियन अमरीकी डालर के सौदे के हिस्से के रूप में मनीला के रास्ते में है। प्रत्येक बैटरी में चार लॉन्चर शामिल हैं पारंपरिक निवारक की उत्तरजीविता के लिए एक मोबाइल प्लेटफॉर्म पर प्रत्येक लॉन्चर के साथ तीन 290 किमी रेंज की मिसाइलें। हथियार की सुपरसोनिक गति को देखते हुए, मिसाइल को जमीन या जहाज-आधारित बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस (बीएमडी) सिस्टम द्वारा रोकना बहुत मुश्किल है। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान नौसेना समूह और इमैनुएल मैक्रॉन सरकार के साथ बातचीत करने के लिए फ्रांस की यात्रा पर हैं, ब्रह्मोस फिलीपींस सौदे ने यह सुनिश्चित कर दिया है कि भारत का रक्षा निर्यात पिछले वित्त वर्ष की तुलना में साल-दर-साल 32.5 प्रतिशत की भारी वृद्धि के साथ 2023-2024 में पहले ही रू. 21083 करोड़ तक पहुंच गया है। चूंकि ब्रह्मोस के पास एक सिद्ध ट्रैक रिकॉर्ड है, इसलिए भारत को निकट भविष्य में सुपरसोनिक मिसाइलों के लिए और अधिक ऑर्डर मिलने की उम्मीद है। भारत ने मिसाइल निर्यात में रूबिकॉन को पार कर लिया है, नरेंद्र मोदी सरकार मुंबई में स्कॉर्पीन-श्रेणी की डीजल-इलेक्ट्रिक पनडुब्बियों का निर्माण करने और इंडोनेशिया जैसे तीसरे देशों को आपूर्ति करने के लिए मझगांव डॉकयार्ड्स लिमिटेड और फ्रांसीसी नौसेना संयुक्त उद्यम स्थापित करने पर भी विचार कर रही है।



# बॉम्बे हाई कोर्ट ने दाऊदी बोहरा उत्तराधिकार मुकदमे को खारिज कर दिया

## सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन के दावे को बरकरार रखा

**मुंबई।** बॉम्बे हाई कोर्ट ने मंगलवार, 23 अप्रैल को दाऊदी बोहरा समुदाय के 53वें धार्मिक नेता या दाई-अल-मुतलक के रूप में सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन की स्थिति को चुनौती देने वाले एक मुकदमे को खारिज कर दिया। कोर्ट ने उनके भतीजे ताहिर फखरुद्दीन के दावे को खारिज कर दिया। जस्टिस जीएस पटेल ने फखरुद्दीन का मुकदमा खारिज करते हुए फैसला सुनाया। दाऊदी बोहरा शिया इस्लाम की इस्माइली शाखा के भीतर एक संप्रदाय है। यह मुकदमा मूल रूप से मार्च 2014 में सैयदना खुजैमा कुतुबुद्दीन द्वारा यह घोषणा करने के लिए दायर किया गया था कि उन्हें 52वें दाई अल-मुतलक द्वारा 53वें दाई अल-मुतलक (दाऊदी बोहरा समुदाय के प्रमुख) के रूप में उचित रूप से नियुक्त किया गया था।

सैयदना खुजैमा कुतुबुद्दीन ने दावा किया कि उन्हें दिसंबर 1965 में 52वें दाई द्वारा नास से सम्मानित किया गया था, लेकिन उन्हें नास से सम्मानित किए जाने के बावजूद, 52वें दाई के बेटे सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन ने खुद को 53वें दाई होने की घोषणा की थी।

2024 के चुनाव में पुतिन की एंट्री

# शरद पवार बोले-भारत को न मिल जाए...

मुंबई।

दूसरे चरण का चुनाव नजदीक आते ही राजनीतिक दल अपनी-अपनी रैलियों के दौरान एक-दूसरे पर जुबानी हमले कर रहे हैं। हाल ही में अमरावती में एक रैली में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) प्रमुख शरद पवार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तुलना रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से करते हुए उन पर कड़ी टिप्पणी की थी। अपने संबोधन के दौरान उन्होंने कहा, सत्तारूढ़ पार्टी के सांसद हमें बताते रहते हैं कि पार्टी हर मंगलवार को बैठक आयोजित करती है, लेकिन कोई विचार-विमर्श नहीं होता है। लोग अपनी राय नहीं रख सकते। केवल पीएम बोलेंगे और अपने विचार बताएंगे और लोगों से अपेक्षा



करेंगे। सिर्फ सुनो, किसी को एक शब्द भी बोलने की इजाजत नहीं। हाल ही में हमने एक रूसी शासक के बारे में पढ़ा है और उस शासक का नाम पुतिन है। इस देश के लोग बहुत डरे हुए हैं कि क्या मोदी इस देश में बनने वाले नए पुतिन हैं। गौरतलब है कि विपक्षी दल लगातार पीएम मोदी पर उनकी प्रशासन शैली को लेकर निशाना साधते रहे हैं और उन पर पार्टी में वन मैन शो चलाने का आरोप लगाते रहे हैं। एनसीपी प्रमुख की हालिया टिप्पणी इस सिलसिले में नई है। अमरावती में 26 अप्रैल को आम चुनाव के दूसरे चरण में मतदान होना है। भाजपा के नवनीत राणा, मौजूदा सांसद, कांग्रेस के बलवंत बसवंत वानखेड़े के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में नवनीत राणा ने निर्दलीय चुनाव लड़ा और शिवसेना के आनंदराव अडसुल को हराकर सीट जीती। हाल ही में वह बीजेपी में शामिल हुईं और उन्हें पार्टी का टिकट मिला।

# नहीं चाहिए देशद्रोहियों और पाक परस्त लोगों का वोट

## शिकायत के बाद भी गिरिराज सिंह ने फिर दिया बयान

**नई दिल्ली।** अक्सर अपने बयानों को लेकर सुर्खियों में रहने वाले केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता गिरिराज सिंह ने एक बार फिर ऐसा कुछ कह दिया हा जिससे बवाल शुरू हो गया है। गिरिराज सिंह बिहार के बेगूसराय सीट से मौजूदा बीजेपी सांसद है। पार्टी ने उनपर फिर से दांव लगाया है। गिरिराज सिंह ने बड़ा बयान देते हुए कहा कि उन्हें देशद्रोहियों और पाकिस्तान परस्त लोगों का वोट नहीं चाहिए। उनका एक बयान भी वायरल हो रहा है जिसमें वह कह रहे हैं कि आप मेरे लिए उन लोगों से कभी वोट न मांगें, जो देशद्रोही हैं, पाकिस्तान परस्त हैं और भारत के खिलाफ जहर उगलते हैं। इसके बाद सीपीआई में चुनाव आयोग से इसकी शिकायत की थी। हालांकि, गिरिराज सिंह ने फिर से कुछ ऐसा ही बयान दे दिया है। अब गिरिराज ने कहा है कि सीपीआई और इंडिया गठबंधन वाले बताएं कि उन्हें देशद्रोही और पाकिस्तान परस्त का वोट चाहिए क्या। गिरिराज सिंह ने कहा कि मेरे बयान को लेकर शत्रुघ्न प्रसाद सिंह ने चुनाव आयोग को पत्र लिखा है। इंडिया गठबंधन बताए, कम्युनिस्ट पार्टी बताए कि जो आरोप उन्होंने हम पर लगाए हैं, क्या वह देशद्रोहियों का वोट लेंगे। शत्रुघ्न प्रसाद सिंह ने लिखा, ''उनका बयान उत्तेजक, भड़काऊ और एक विशेष समुदाय के खिलाफ है। निर्वाचन आयोग को भाजपा उम्मीदवार के घृणा भाषण की जांच करनी चाहिए ।





# तिहाड़ जेल में अरविंद केजरीवाल का शुगर लेवल 300 पार होने पर दी गई इन्सुलिन

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल तिहाड़ जेल में बंद है। शराब घोटाले में जेल में बंद अरविंद केजरीवाल लगातार खुद को बीमार बता रहे है। इस मामले पर विवाद थमता नज़र नहीं आ रहा है। इन्सुलिन के मामले पर आम आदमी पार्टी और बीजेपी लगातार आमने सामने आ रही है। दोनों पार्टियां लगातार बयानबाजी करने से पीछे नहीं हट रही है। इसी बीच जानकारी सामने आई है कि तिहाड़ जेल में बंद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को पहली बार इंसुलिन दी गई है। सोचो के अनुसार जेल में केजरीवाल का शुगर लेवल बार-बार बढ़ रहा है। अरविंद केजरीवाल का शुगर लेवल



320 के स्तर पर पहुंच गया था। इसके बाद उन्हें इंसुलिन दी गई है। अरविंद केजरीवाल शराब घोटाला मामले में तिहाड़ जेल में बंद है। जेल में बंद रहने के बाद यह पहला मौका है जब उन्हें इन्सुलिन दी गई है। वही इंसुलिन न दिए जाने को लेकर आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं। पार्टी कार्यकर्ताओं ने हाल ही में तिहाड़ जेल के बाहर जेल प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया था। आपने तो उन्हें तिहाड़ जेल के अधिकारियों से केजरीवाल को इंसुलिन उपलब्ध कराने की मांग भी की थी। इस मामले पर आम आदमी पार्टी ने आरोप लगाया था कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को इंसुलिन नहीं दी जा रही है जिस कारण जेल में उनकी धीमी मौत हो रही है। आम आदमी पार्टी नहीं यह भी सवाल उठाया था कि अधिकारी इंसुलिन देने से मना क्यों कर रहे हैं। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने आम आदमी पार्टी द्वारा लगाया गए आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया था।

# विधायकों की बगावत हिमाचल प्रदेश में प्रमुख चुनावी मुद्दा होगा

शिमला ।

हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि कांग्रेस राज्य में लोकतंत्र को बचाने के लिए चुनाव लड़ रही है। उन्होंने कहा कि पार्टी के छह विधायकों का बगावत करना भी इस चुनाव में बड़ा मुद्दा होगा। कांग्रेस के छह बागी विधायक विधानसभा उपचुनाव में भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं। कांग्रेस के छह बागियों और तीन निर्दलीय विधायकों ने 27 फरवरी को राज्यसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार हर्ष महाजन के समर्थन में मतदान किया था। सुक्खू ने कांगड़ा जिले में एक बातचीत में कहा, ''चुनाव हो रहे हैं, यह लोकतंत्र का उत्सव है और हिमाचल प्रदेश में हम लोकतंत्र को बचाने के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। हम आम जनता से पूछ रहे हैं कि जिन नेताओं को उन्होंने पांच साल के लिए चुना, उन्होंने 14 महीने में राज्यसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार के पक्ष में मतदान क्यों किया और फिर अयोग्य ठहराए गए।'' उन्होंने कहा, ''ऐसा लगता है कि लोकतंत्र में जब जनता के वोट से नेता का निर्वाचन नहीं होता, तो वे धनबल के प्रयोग से कुर्सी छीनना चाहते हैं और आगामी लोकसभा और विधानसभा उप चुनाव में यह एक मुद्दा होगा।

# विसरा परीक्षण आया सामने हत्या के आरोप खारिज

## फॉरेंसिक रिपोर्ट में मुख्तार अंसारी के अंदर नहीं मिला जहर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में अपराधों का बादशाह माना जानें वाला मुख्तार अंसारी अब इस दुनिया में नहीं है। जेल में अपनी सजा काटने के दौरान उसका निधन हो गया। परिवार का आरोप है कि जेल में मुख्तार अंसारी की हत्या की गयी है लेकिन जो मेडिकल रिपोर्ट सामने आयी है वो कुछ और ही बोल रही हैं। मुख्तार अंसारी को 30 मार्च को सुरक्षा घेरे के बीच



गाज़ीपुर में दफनाया गया था। 63 वर्षीय व्यक्ति 2005 से उत्तर प्रदेश और पंजाब में सलाखों के पीछे था और उसके खिलाफ 60 से अधिक आपराधिक मामले थे। मंगलवार को आई विसरा परीक्षण रिपोर्ट ने हत्या के आरोप को खारिज कर दिया क्योंकि गैंगस्टर से नेता बने मुख्तार अंसारी की फोरेंसिक रिपोर्ट में कोई जहर नहीं पाया गया, जिनकी जेल में सजा काटने के दौरान उत्तर प्रदेश के बांदा के एक अस्पताल में दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि मुख्तार अंसारी की विसरा जांच रिपोर्ट में जहर की पुष्टि नहीं हुई है। उनके परिवार की ओर से सांसद भाई अफजाल अंसारी ने आरोप लगाया था कि गैंगस्टर से नेता बने अफजल की जहर देकर हत्या की गई है।

फिल्म/टीवी मनोरंजन

# गर्लफ्रेंड सबा के साथ पॉटरी क्लास में ऋतिक ने की मस्ती



बॉलीवुड के सबसे पसंदीदा कपल्स में से एक हैं ऋतिक रोशन और सबा आजाद। वह जब भी एक साथ नजर आते हैं तो फैंस के चेहरे पर खुशी आ जाती है। हाल ही में ऋतिक रोशन की फिल्म फाइटर रिलीज हुई थी। अब अभिनेता अपनी आने वाली फिल्म वॉर 2 की शूटिंग में व्यस्त चल रहे हैं। इसी बीच ऋतिक और सबा की एक सेल्फी ने सोशल मीडिया में खलबली मचा दी है। वॉर 2 की शूटिंग से थोड़ा वक्त निकालकर ऋतिक रोशन अपनी गर्लफ्रेंड सबा आजाद के साथ क्वालिटी टाइम स्पेंड कर रहे हैं। दरअसल, ऋतिक ने अपनी गर्लफ्रेंड सबा के साथ पॉटरी क्लास में हिस्सा लिया। इसके बाद अभिनेता ने अपनी एक तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर की, जो अब सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है। मुंबई में पॉटरी क्लास की एक वर्कशॉप हुई, जिसमें सबा आदाज ने हिस्सा लिया। इस दौरान सबा को स्पोर्ट करने के लिए ऋतिक ने भी उनके साथ पॉटरी क्लास को ज्वाइन किया। पॉटरी क्लास के बाद ऋतिक रोशन ने अपनी और गर्लफ्रेंड सबा के साथ एक क्यूट सेल्फी सोशल मीडिया पर पोस्ट की। इस सेल्फी में ऋतिक अपने चेहरे की ओर उंगली से इशारा करते नजर आ रहे हैं। दरअसल, उनके चेहरे पर मिट्टी लगी हुई हैं, जिसे ऋतिक दिखाना चाह रहे हैं। इस सेल्फी में सबा ने ऋतिक के कंधे पर हाथ रख रखा है। इस सेल्फी में दोनों मुस्कुराते हुए नजर आ रहे हैं। 2019 में आई वॉर फिल्म की सीक्वल है वॉर 2। अयान मुखर्जी निर्देशित स्पाई यूनिवर्स की फिल्म वॉर 2 में ऋतिक के अलावा जूनियर एनटीआर भी अहम रोल में नजर आएंगे।



# एक्ट्रेस होने के साथ-साथ बिजनेसवुमन भी हैं तारक मेहता की 'माधवी भाभी'

टेलीविजन का मोस्ट पॉपुलर शो तारक मेहता का उल्टा चश्मा पिछले काफी समय से दर्शकों का मनोरंजन करता आ रहा है। इस शो के हर किरदार ने लोगों के दिलों में अपनी अलग-अलग जगह बना रखी है। शो में कई किरदारों को बदला गया, लेकिन कभी भी यह ऑफ एयर नहीं गया। वहीं, सभी कैरेक्टर काफी फेमस हैं। इन्हीं में से एक माधवी भाभी का किरदार निभाने वाली सोनालिका जोशी शो में जितनी सभ्य और घरेलू महिला हैं, उतनी ही वे असल जिंदगी में ग्लैमरस और बोल्ड हैं। आज हम आपको सोनालिका की रियल लाइफ के बारे में बताने जा रहे हैं। तारक मेहता का उल्टा चश्मा शो में सभी किरदारों के साथ माधवी भाभी भी चर्चित पात्र हैं। सोसायटी के सेक्रेटरी भिड़े की पत्नी माधवी भाभी शो में अपनी सादगी के लिए पसंद की जाती हैं। सोनालिका का जन्म 5 जून 1976 में हुआ था। उन्होंने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत मराठी थिएटर से की थी। स्क्रीन पर उनकी नेचुरल एक्टिंग के लिए उन्हें काफी पसंद किया जाता है।

# राशा थडानी, शनाया कपूर समेत बॉलीवुड डेब्यू करने जा रहे हैं ये स्टार किड्स



हर साल कई सितारे बॉलीवुड में अपना डेब्यू करते हैं। ऐसे में कई स्टार किड्स ऐसे हैं, जो अपना बॉलीवुड डेब्यू कर चुके हैं। बीते साल सुहाना खान, खुशी कपूर और अलिजेह अग्निहोत्री समेत कई सितारों ने फिल्मी दुनिया में अपना कदम रख लिया है। ऐसे ही इस साल भी की स्टार किड्स ऐसे हैं, जो बॉलीवुड में एंट्री लेने जा रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, राजकुमार हिरानी के बेटे वीर हिरानी भी जल्द ही अपना डेब्यू करने वाले हैं। वहीं, रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी भी इंडस्ट्री में एंट्री करने वाली हैं। बॉलीवुड के फेमस निर्देशक राजकुमार हिरानी के बेटे वीर आइकॉनिक प्ले लेटर्स फ्रॉम सुरेश के साथ अपना बॉलीवुड डेब्यू करने जा रहे हैं। इस प्ले को थिएटर के दिग्गज कहे जाने वाले फिरोज अब्बास खान ने निर्देशित किया है। बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान भी जल्द ही अपना बॉलीवुड डेब्यू करने वाले हैं। वे स्टारडम नाम की वेब सीरीज के साथ अपने निर्देशन की शुरुआत कर सकते हैं। संजय कपूर की बेटी शनाया कपूर, सोनम कपूर और अर्जुन कपूर की कजिन हैं। शनाया की अच्छी-खासी फैन फॉलोइंग है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, शनाया कपूर पहले करण जौहर की फिल्म बेधड़क से अपने फिल्मी करियर की शुरुआत करने वाली थीं, लेकिन अब वे मोहनलाल की पैन इंडिया फिल्म वृषभा में नजर आएंगी।

# अंजनी पुत्र महाबलदाई, संतन के प्रभु सदा सहाई







## हनुमान जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

**नरसिंहपुर।** अंजनी पुत्र, वीर बजरंगी, भक्त शिरोमणि श्री हनुमान जी महाराज की जन्मोत्सव नगर व आसपास के क्षेत्रों में आस्था, श्रृद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रातः से ही धार्मिक स्थलो और श्री हनुमान मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहा। मंदिरों में भगवान के दर्शन, हनुमान चालीसा, सुंदरकाण्ड पाठ, चोलावंदन, अभिषेक,आरती, हवन पूजन के साथ दिन भर भंडारा व प्रसाद वितरण का कार्यक्रम चलता रहा। इस अवसर पर बडी संख्या में श्रृद्धालुओं ने मंदिरों में जाकर भगवान का गुणानुवाद किया। मंदिरों में जन्मोत्सव पर श्री हनुमान जी महाराज के जयकारो की अनुगूंज दिन भर सुनाई दी वहीं नगर में इस अवसर पर जलूस भी निकाला गया। जलूस का स्वागत जगह-जगह पर किया गया जुलूस में शामिल लोगो का उत्साह और हनुमान जी महाराज के जय के नारो का उद्घोष वातावरण में श्रृद्धालुओं को अतिरेक उत्साह दे रहा था जिससे वातावरण और धर्ममय हो गया। जिसमें बडी संख्या में लोगों ने भाग लेकर धर्मलाभ अर्जित किया। नगर के गुदरी स्थित हनुमान मंदिर,कृष्णवराममंदिर,बाबाघाट,कृष्णा वार्ड में पंचमुखी हनुमान मंदिर,गया दत्त वार्ड में राममंदिर स्थित हनुमान मंदिर, स्टेशन थाना हनुमान मंदिर,सिंधी कालोनी पंचमुखी हनुमान मंदिर, गयावार्ड स्थित राममंदिर में स्थित हनुमान मंदिर,रौंसरा हनुमान मंदिर,सिद्ध के झिरना हनुमान मंदिर,बरगी रेल्वे फाटक हनुमान मंदिर,चरहाई हनुमान मंदिर,इंद्रा वार्ड में हनुमान मंदिर,नगरपालिका चौरहा हनुमान मंदिर,सिविल कोर्ट,तहसील परिसर,सिंचाई कालोनी,थाना प्रागंण स्थित,पीडब्लूडी, पीएचई कार्यालय ,वनविभाग,अनगढ़ मंदिर,बड़ेपूल के पास,नृसिंह वार्ड स्थित मनोकामनेश्वर मंदिर,नृसिंह मंदिर,झिरना स्थित,सदर मढ़िया,जरजोला रोड स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर जी में जयंती दिवस पर दिनभर श्रृद्धालुओं की भीड़ रही। सायं भंडारा की समाप्ति के उपरांत महाआरती की गई जिसमें अंजनी पुत्र हनुमान जी महाराज की महाआरती से सभी जगह जन्मोत्सव दिवस का समापन किया गया।

### शोभायात्रा निकाली गई

श्री हनुमान जयंती के पावन पर्व पर नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुये श्री हनुमान जी की शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत और आरती की गई। बडी संख्या में लोगो के साथ झांकियां आकर्षण का केन्द्र रहीं।

# मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने जनपद मैदान नरसिंहपुर में विजय संकल्प जनसभा को किया संबोधित

## ''आप का एक वोट सुदर्शन चक्र के समान इस चुनाव में करेगा कांग्रेस का विनाश''



भगवान के अस्तित्व को नकारने वाली कांग्रेस को नहीं है



हिन्दुओं से वोट मांगने का नैतिक अधिकार : मोहन यादव

**नरसिंहपुर।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने जनपद मैदान नरसिंहपुर में विजय संकल्प जनसभा को भाजपा जिलाध्यक्ष इंजी.अभिलाष मिश्रा केबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटैल, पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी, पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटैल, जिला प्रभारी श्रीमति अमिता चपरा, विधायक विश्वनाथ सिंह पटैल, महेन्द्र नागेश, जिला पंचायत अध्यक्ष ज्योति काकोड़िया, नगर पालिका नीरज महाराज की गरिमामय उपस्थिति में सम्बोधित किया। उपस्थित जनता जनार्द्धन को संबोधित करते हुए कहा कि यह भारत भगवान राम का देश है। अयोध्या में होने वाली प्राण प्रतिष्ठा के समय प्रत्येक व्यक्ति उत्साहित व आनंदित था सभी ने उस दिन को दीपोत्सव के रूप में मनाया वहीं दूसरी ओर सनातन विरोधी कांग्रेसी पार्टी है जिसने कोर्ट में भगवान राम के अस्तित्व को नकारने का महापाप किया साथ ही अयोध्या से आये निमंत्रण को अस्वीकार कर हिन्दू विरोधी मानसिकता का परिचय दिया है इस कृत्य के बाद कांग्रेस पार्टी को हिन्दुओं से वोट मांगने नैतिक अधिकार भी नहीं है। मोदी जी ने अपने जीवन का प्रत्येक क्षण देश की जनता के नाम किया है मोदी जी का अपना व्यक्तिगत परिवार नहीं है और न ही कोई व्यक्तिगत जीवन है उनके लिए तो देश की 140 करोड जनता ही मोदी जी का परिवार है। तो दूसरी ओर कांगेस शासन के समय उनके प्रधानमंत्री डॉ.मनमोहन सिंह गांधी परिवार के दबाव में तुष्टीकरण में व्यस्त रहते हुए समाज विशेष को खुश करने का कार्य करते थे। वे कहते थे देश की सम्पत्ति पर पहला अधिकार मुसलमानों का है। कांग्रेस पार्टी मुस्लिम लीग के समान देश को बांटने का कार्य कर रही है। इस भाव से देश नहीं चल सकता है। इस प्रवृत्ति के लिए न कभी कांग्रेस पार्टी ने क्षमा मांगी है और न आगे मांगेगी। मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय सेना सशक्त और शक्तिशाली हुई है। जब सेना पाकिस्तान में सर्जिकल स्ट्राइक करती है। तो कांग्रेस पार्टी पाकिस्तान की एजेन्ट बनकर सेनिकों से उनकी वीरता का सबूत मांगती है। कांग्रेस को देश की तरक्की प्रगति खुशहाली व हर उस बात से तकलीफ है जिससे भारतवासी व भारत का सम्मान विश्व में बढ़ता है। उसे तो बस भारत विरोधी षडयंत्र कर देश को विश्व में नीचा दिखाना है। आगामी चुनाव में आप सब का एक एक वोट सुदर्शन चक्र के समान कांग्रेस का विनाश कर देगा। मोदी जी भारत को दिव्य भव्य व विकास में विश्व का प्रथम देश बनाना चाहते है। उन्होने भारत को विश्व की तीसरी आर्थिक महाशक्ति व 2047 तक विकसित भारत का संकल्प लिया है। और आप सभी जानते है कि मोदी जी की गारंटी कार्य के पूरा होने की शतप्रतिशत गांरटी है। उन्हाने सभी से विनम्र अपील करते हुए कहा कि आप सभी प्रत्येक मतदान केन्द्र में प्रचंड बहुमत से कमल का फूल खिलायें और तीसरी बार नरेन्द्र मोदी जी को प्रधानमंत्री व नर्मदापुरम लोकसभा से चै.दर्शन सिंह को प्रचंड बहुमत से विजयी बनाते हुए मोदी जी के हाथों को मजबूती प्रदान करे। विजय संकल्प जनसभा की जानकारी देते हुए जिला मीडिया प्रभारी अभिनव शर्मा ने बताया कि सभा को केबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटैल, चै.दर्शन सिंह, पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी, विधायक विश्वनाथ सिंह पटैल, महेन्द्र नागेश सहित भाजपा नेताओं ने सम्बोधित किया सभा का संचालन पूर्व जिलाध्यक्ष महंत प्रीतमपुरी व आभार विधानसभा संयोजक सुनील कोठारी ने किया। इस अवसर पर जिला महामंत्री डॉ.हरगोविन्द पटैल, ठाकुर राजीव सिंह, लोकसभा सहसंयोजक हरिप्रताप ममार, विधानसभा प्रभारी अभिजीत महाजन जिला पंचायत उपाध्यक्ष अनीता ठाकुर, देवी सिंह पटेल, कु.प्रतिज्ञा परिहार, मातवर सिंह पटैल, संध्या कोठारी, मंडल अध्यक्ष रमाकांत चैबे, रजत चैहान, रामनारायण सोनी, ब्रजेश पटेल, परषोत्तम पटेल, राधेश्याम नेमा, निशा सोनी, विवेक महाजन, लालसाहब जाट, राव महेन्द्र सिंह, रामस्नेही पाठक, अभिषेक नेमा, सुनील प्रजापति, राजेन्द्र पटेल सहित भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिधि, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में क्षेत्र की देवतुल्य जनता उपस्थित रही।

# अधिवक्ताओं ने सहज उपलब्ध मुख्यमंत्री के काफिले को रोककर सोंपा ज्ञापन

**नरसिंहपुर।** म.प्र.के सहज उपलब्ध मुख्यमंत्री डा.मोहन यादव का नगर प्रवास के दौरान अधिवक्ताओं ने रोड पर खड़े होकर सहज निवेदन कर अपनी समस्याओं का ज्ञापन सोंपा। ज्ञापन में जिला अधिवक्ता संघ ने मांग की है कि शासन द्वारा तहसील करेली में सिविल न्यायालय को प्रारंभ किये जाने का निर्णय लिया। उक्त न्यायालय को नहीं खोले जाने की मांग की है इस संदर्भ में अवगत कराया है कि जिला न्यायालय में वर्तमान में सोलह न्यायालय कार्यरत है जिनमें प्रकरणों की संख्या बेहद कम होती जा रही है तथा उक्त न्यायालयों के क्षेत्राधिकार में थाना कोतवाली नरसिंहपुर,थाना स्टेशन गंज सम्पूर्ण तथा थाना करेली व थाना सुआतला का आधा थाना क्षेत्र एवं थाना मुंगवानी व थाना ठेमी क्षेत्र का 1/4 हिस्से के ही प्रकरण प्रस्तुत हो रहे हैं। जिससे न्यायालयों बेहद कम संख्या में प्रकरण विचार हेतु लंबित है यदि सिविल न्यायालय करेली खुलती है तो तहसील करेली की सीमा जिला न्यायालय से मात्र दो किलो मीटर दूर ग्राम खेरी,ग्राम कपूरी,ग्राम रामपिपरिया,देवाकछार आदि ग्राम के लोग 15 किलो मीटर दूर तहसील करेली न्यायालय में न्याय प्राप्त करने पहुंचेगे। जबकि उक्त ग्राम जिला न्यायालय से दो किलोमीटर दूर स्थित है। जिला न्यायालय से तहसील करेली मुख्यालय कुल 12 किलोमीटर दूर है थाना नरसिंहपुर की सीमा से मात्र 6 किलो मीटर दूर है तहसील करेली राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित है आवागमन के साधन सहज उपलब्ध है यदि शासन सिविल न्यायालय खोलती है तो नया न्यायालय भवन,नये न्यायाधीश निवास,नये अधिवक्ता कक्ष, व पक्षकारों को सुविधा उपलब्ध कराने हेतु करोड़ों रूपये शासन के खर्च होगें।

# ईशान राय को नरसिंहपुर जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया

**नरसिंहपुर।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन एन एस यू आई में छात्र नेता ईशान राय को इस संगठन का नरसिंहपुर जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। एनएसयूआई के प्रदेश कार्यालय सचिव घनश्याम हारोडे ने बताया कि राष्ट्रीय सचिव सुश्री रितु बराला एवं राष्ट्रीय सचिव महावीर गुर्जर , जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेंद्र राजपूत, पूर्व ऊर्जा मंत्री एन पी प्रजापति, पूर्व विधायक सुनील जायसवाल, लोकसभा प्रत्याशी संजय शर्मा, सुनीता पटेल, वरिष्ठ नेता लाखन सिंह पटेल , संगठन मंत्री संदीप पटेल की सहमति एवं संगठन के प्रदेशध्यक्ष आशुतोष चौकसे के आदेश से ईशान राय को भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन, म.प्र. की जिला इकाई नरसिंहपुर का अध्यक्ष नियुक्त किया जाता है । नियुक्ति पत्र में कहा गया है कि भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के ज्ञान प्रसार सह जीवन और देशभक्ति के उद्देश्यों के प्रति निष्ठा के साथ छात्र समुदाय के व्यापक हित एवं व्यक्तित्व विकास के अभियान चलाकर छात्रों को राष्ट्रीय विचारधारा, जो भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की विचारधारा भी है से जोड़ने का कार्य करेगें ।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने एसएसटी टीम का किया गठन

**अनूपपुर (स्वतंत्रमत)।** संसदीय क्षेत्र शहडोल 12 (अ.ज.जा.) के लोकसभा सामान्?य निर्वाचन के तहत मतदान 19 अप्रैल को सम्पन्न हुआ है। पडोसी राज्य में मतदान होना है, जिसे दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष वशिष्ठ ने संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत अनूपपुर जिले सभी विधानसभा से लगी से पड़ोसी राज्य से लगी सीमा क्षेत्र अंतर्गत एसएसटी टीम का गठन किया है। कलेक्टर ने जारी आदेश में कहा है कि विधानसभा क्षेत्र 86 कोतमा के अंतर्गत रामनगर डोला में प्रातरू 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक राजस्व निरीक्षक भू अभिलेख अनूपपुर सूरजभान टांडिया एवं वीडियोग्राफर राकेश यादव, दोपहर 2 से रात 10 बजे तक टीम 2 उप यंत्री नगर परिषद डोला मानशाह कुंजाम एवं वीडियोग्राफर मुकेश यादव तथा रात 10 बजे से प्रातरू 6 बजे तक टीम-3 उपयंत्री नगर परिषद डूमरकछार शिवराम एवं वीडियोग्राफर नरेंद्र यादव की ड्यूटी लगाई गई है। इसी प्रकार बगडुमरा नाका में प्रातरू 6 बजे से दोपहर 2 तक टीम-1 राजस्व निरीक्षक भू अभिलेख अनूपपुर मेघनंद सिंह कंवर एवं वीडियोग्राफर अंबिका प्रसाद यादव, दोपहर 2 से रात 10 तक टीम-2 समग्र विस्तार अधिकारी सामाजिक न्याय एवं निरूशक्त कल्याण विभाग अनूपपुर ईश्वर चंद्र शर्मा एवं वीडियोग्राफर ओम प्रकाश यादव इसी प्रकार रात 10 बजे से प्रातरू 6 बजे तक टीम-3 उपयंत्री अविनाश मरकाम एवं वीडियोग्राफर नरेंद्र यादव की ड्यूटी लगाई गई है। इसी प्रकार मझौली छतई, पुष्पराजगढ़ के धरमपानी में भी ड्यूटी लगाई गई है। कलेक्टर ने आदेश में कहा है कि उक्त समिति भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आदर्श आचरण संहिता के अंतर्गत निदेशों का पालन करेगी जांच की पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करेगी साथ ही टीम अपने समय में साप्ताहिक परिवर्तन करती रहेगी।

# प्रदेश की प्रावीण्य सूची में जिला अव्वल स्थान पर

## कक्षा पांचवी एवं आठवीं के परिणाम में प्रथम स्थान

नरसिंहपुर

राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल द्वारा कक्षा पांचवी एवं आठवीं का परीक्षा परिणाम विभाग के पोर्टल पर निर्धारित लिंक द्वारा जारी किया गया। सत्र 2022/23 के वार्षिक मूल्यांकन परीक्षा परिणाम में प्रदेश की प्रावीण्य सूची में जिले ने वार्षिक परीक्षा परिणाम में प्रदेश स्तर पर कक्षा पांचवी एवं आठवीं में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा पांचवी में जिले का परीक्षा परिणाम दर्ज 16 हजार 797 में से 16 हजार 582 उत्तीर्ण होकर 98.72 प्रतिशत के साथ अव्वल रहा। जिसमें 50.14 प्रतिशत छात्र- छात्राएं ए, ए+में उत्तीर्ण हुए। वहीं कक्षा आठवीं में जिले का परीक्षा परिणाम दर्ज 17 हजार 201 में से 16 हजार 918 उत्तीर्ण होकर 98.35 प्रतिशत के साथ प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहा। जिसमे 54.96 प्रतिशत बच्चे ए, ए+ में उत्तीर्ण हुए।एपीसी श्री यजुवेंद्र सिलावट ने बताया कि कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले एवं सीईओ जिला पंचायत के निर्देशन

### परीक्षा में उपस्थिति में भी रहा प्रदेश में अव्वल

में जिला शिक्षा अधिकारी एचपी कुर्मी जिला परियोजना समन्वयक डॉ. आरपी चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में कक्षा पांचवी आठवीं बोर्ड परीक्षा हेतु व्यापक स्तर पर शैक्षणिक गतिविधियों का नवाचार विद्यालयों में किया गया था।उल्लेखनीय है कि परीक्षा के दौरान आने वाली तकनीकी समस्याओं का जिला प्रोग्रामर श्री शरद यादव एवं विकासखंड स्तर पर एमआईएस द्वारा त्वरित निराकरण किया गया। जिससे समस्त बच्चे परीक्षा में सम्मिलित हो सके। नरसिंहपुर जिले द्वारा पिछले वर्षों के प्रश्न पत्र के अभ्यास कराए गए एवं प्रत्येक पाठ की दिवसवार विशिष्ट अकादमिक कार्ययोजना भी शालाओं के साथ साझा की गई। ऑनलाइन वेब मीटिंग के माध्यम से छात्र- छात्राओं के शिक्षण पर चर्चा की गई। जिससे शिक्षकों को शिक्षण में सहायता प्राप्त हुई। प्रदेश की प्रावीण्य सूची में पांचवी एवं आठवीं में प्रथम स्थान प्राप्त होने पर जिला शिक्षा अधिकारी, जिला परियोजना समन्वयक द्वारा जिला शिक्षा केंद्र पर मां सरस्वती जी की पूजा अर्चन कर प्रसाद वितरण किया गया। शिक्षा विभाग की टीम एवं छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं देकर उज्जवल भविष्य की कामना की। उक्त अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी डॉ. एसके पाल सहित कार्यालयीन स्टाफ की उपस्थिति रही।

### परिणाम को लेकर बच्चे उत्साहित

राज्य शिक्षा केन्द्र के जिस सर्वर आरएसकेएमपी डॉट इन पर परिणाम घोषित हुआ है। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा बताया गया परिणाम की निर्धारित लिंक सभी को उपलब्ध करा दी गई है। परिणाम देखकर बच्चे उत्साहित नजर आए साथ ही पूरे प्रदेश में एक मात्र जिला है। जिसके 50 प्रतिशत से भी अधिक बच्चे ए, ए+ में उत्तीर्ण हुए। जिस पर जिला कलेक्टर श्रीमती पटले द्वारा प्रसन्नता व्यक्त करते हुए जिले के शिक्षा विभाग के अधिकारियों, शिक्षको, पालकों एवं बच्चों को बधाई दी।

# निर्माण कार्यों में शिथिलता व लापरवाही नही की जाएगी बर्दाश्त

**अनूपपुर (स्वतंत्रमत)।** निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता और लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी। तय समय-सीमा में कार्यों को पूर्ण करने के लिए विभागीय अधिकारी मानीटरिंग करना सुनिश्चित करें तथा अद्यतन स्थिति की जानकारी मय फेटोग्राफ संधारित करें। उक्ताशय के निर्देश कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने नर्मदा सभागार में आयोजित जिला खनिज प्रतिष्ठान मद के प्रगतिरत विभिन्न निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए दिए। बैठक में कलेक्टर श्री आशीष वशिष्ठ ने जनजातीय कार्य विभाग तथा सर्व शिक्षा अभियान के प्रगतिरत निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि नवीन शैक्षणिक सत्र के पूर्व स्कूल भवन, अतिरिक्त भवन व हॉस्टल के कार्य पूर्ण किए जांए। जिससे विद्यार्थियों को किसी भी तरह की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि कार्य को गतिपूर्वक करने के लिए मॉनीटरिंग आवश्यक है। संबंधित अधिकारी रिव्यू बैठक सुनिश्चित करें। लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के विरूद्ध जवाबदेही तय कर कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बैठक में कार्यों की पूर्णता के संबंध में समीक्षा करते हुए अधिकारियों को उपयोगिता व पूर्णता प्रमाण पत्र प्राप्त होने पर राशि के निर्गमन के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में निर्माण कार्यों की कार्यवार समीक्षा करते हुए विद्यालय प्रबंधन समिति के कार्यों की नियमित मॉनीटरिंग कर कार्यों की पूर्णता के निर्देश दिए। जिला खनिज प्रतिष्ठान मद अंतर्गत स्वीकृत निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को समय-सीमा में कार्य सुनिश्चित करने तथा भवन के हैण्डओवर की कार्यवाही के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बैठक में लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान अनूपपुर बायपास सड़क निर्माण कार्य की प्रगति बढ़ाए जाने के निर्देश दिए। नगरपालिका अनूपपुर के डीएमएफ मद के कार्यों की समीक्षा के दौरान कार्यों में प्रगति परिलक्षित नही होने पर कलेक्टर ने उपयंत्री तथा संविदाकार के विरूद्ध कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यों में शिथिलता होने व बार-बार निर्देश के बाद भी कार्यों में प्रगति नही होने पर जिम्मेदारी तय कर संबंधितों के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी।

# हर्षोल्लास से मना हनुमान जन्मोत्सव

## पवनसुत के दर्शन करने मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़







कटनी/ब्यूरो।

मर्यादा पुरषोाम भगवान श्री राम के अनन्य भक्त, केशरीनंदन पवनसुत हनुमान जी का जन्मोत्सव आज शहर में अपार उत्साह और उमंग के बीच मनाया गया। इस अवसर पर शहर और उपनगरीय क्षेत्रों सहित ग्रामीण अंचलों में स्थित हनुमान मंदिरों में सुबह से ही विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर कमानिया गेट स्थित सिद्धपीठ दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर से गत सुबह भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा शहर के सभी प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। शोभायात्रा में बाल स्वरूप में भगवान सीताराम की झांकी के रूप में बच्चे शामिल रहे एवं अयोध्या में बने भगवान राम के विग्रह की झांकी भी आकर्षण का केन्द्र रही। शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने जय श्री राम, जय हनुमान के जयकारे लगाए।

शोभायात्रा का हनुमान भक्तों ने जगह-जगह स्वागत किया। शोभायात्रा मंदिर परिसर से शुरू होकर शहर के विभिन्न मार्गों से होती हुई वापस मंदिर परिसर पहुंचकर समाप्त हुई हनुमान जयंती के मौके पर दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में हवन एवं सुंदर कांड पाठ के पश्चात भंडारे का आयोजन किया जाएगा। हनुमान जयंती के अवसर पर जिले भर के मंदिरों में विविध धार्मिक आयोजन दिन भर चलते रहे। कहीं विशेष हवन पूजन तो कहीं अखंड रामचरित मानस के पाठ और हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। कई स्थानोंपर भंडारे का आयोजन भी किया गया। कटनी के प्रसिद्ध मंदिर मुहास, पठरा, देवरी, हनुमत कुटी, पिपरौंध, शहर के मध्य में विराजे दक्षिणमुखी हनुमान जी, छपरवाह के प्राचीन सिद्ध मंदिर में मानस पाठ, कटाए घाट के रामायणी हनुमान जी, कटाए घाट मोड़ स्थित हनुमान मंदिर, निषाद स्कूल हनुमान मंदिर, वेंकट वार्ड के चित्रकूट वाले हनुमान मंदिर, पुरानी कचहरी स्थित सिद्ध हनुमान जी मंदिर सहित कई मंदिरों में हनुमान जी का जन्मोत्सव विविध धार्मिक आयोजनों के बीच मनाया गया।

## राम मंदिर में आकर्षक साज-सज्जा के साथ मनाई गई हनुमान जयंती



श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर आज 23 अप्रैल को वीरेन्द्र कुमार दुबे (वीरू भैया) के सानिध्य में सुंदरकांड (संगीतमय) का आयोजन शाम 5 बजे किया गया। इसके पश्चात महाआरती शाम 7:30 व प्रसाद वितरण का रात 8 बजे किया गया। श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर



पर आज गायत्री नगर स्थित राम मंदिर में आज सुबह से ही विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सुबह भगवान श्री राम का आकर्षक श्रृंगार किया गया। मंदिरों को रंगोली एवं गुब्बारों से सजाया गया है। इस अवसर पर शिक्षक संजय श्रीवास्तव, दिनेश गायकवाड़, विनय-ज्योति दीक्षित पूर्व पार्षद, शाश्वत श्रीवास्तव, पलक श्रीवास्तव, गोपू ठाकुर, पवन विश्वकर्मा, उर्मिला विश्वकर्मा, मनीष-क्षमा गुप्ता, इशांक साहनी, नमन साहनी, अमन विश्वकर्मा, ईशानी विश्वकर्मा, पूर्वांशी विश्वकर्मा, कान्हा मौय, राजू विश्वकर्मा, अनुज गुप्ता, रामप्रकाश बंटू मौर्य,ज्योति मौर्य, रमेश विश्वकर्मा एवं समस्त राम मंदिर गायत्री नगर समिति व भक्तगण की उपस्थिति रही।

# डीपीएस में बच्चों के विकास के लिए अनोखी और मनोरंजक दिमाग बढ़ाने वाली गतिविधियां



**कटनी/ब्यूरो।** गत दिवस दिल्ली पब्लिक स्कूल मे हुई फोर्क प्रिटिंग ऐक्टिविटी का आयोजन। विद्यार्थियों ने काँटों का उपयोग करके बहुत ही रचनात्मक कला का प्रदर्शन किया। उन्हें पेंट के साथ खोज करना और सृजन करना पसंद था। इस पेंटिंग गतिविधि से बच्चों को अपने मोटर कौशल विकसित करने में मदद मिली। यह वास्तव में एक मज़ेदार गतिविधि थी। प्रत्येक बच्चे ने उत्साहपूर्वक फोर्क पेंटिंग गतिविधि की। बच्चों के लिए मनोरंजक गतिविधियां न केवल उनके दिमाग के विकास में सहायक होती हैं। बच्चों के अंदर हर काम को लेकर उत्सुकता रहती है। उनके दिमाग में एक साथ बहुत सारी चीजें चल रही होती हैं इसी बात को ध्यान मे रखते हुए उन्हे स्कूल मे हर प्रकार की गतिविधि करवाई जाती है। जिस से बच्चों का सर्वांगीण विकास हो द्य विद्यालय की निर्देशिका श्रीमती जूही जैन ने इस एक्टिविटी की सराहना करते हुए कहा की इस तरह की एक्टिविटी से बच्चों में आत्मविश्वास का बढ़ाता और हर चीज को करने की प्रेरणा मिलती है। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती सीमा दुबे और उपप्राचार्या श्रीमती शबनम अख्तर के निर्देशन से इस पूरे कार्यक्रम को संपन्न कराया गया।

# कैंडल मार्च के माध्यम से मतदाताओं से की मतदान करने की अपील

**कटनी/ब्यूरो।** लोकसभा निर्वाचन में मतदान प्रतिशत बढ़ाने और शत.प्रतिशत मतदान का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए जिला कलेक्टर एवं निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत कटनी नगर निगम द्वारा कैंडल मार्च का आयोजन किया गया। नगर निगम के अधिकारियो कर्मचारियों द्वारा कैंडल मार्च निकालकर आमजनों को आगामी लोकसभा चुनाव में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने और अधिक से अधिक मतदान करने का संदेश दिया। इस दौरान निगम आयुक्त विनोद कुमार शुक्ल ने हरी झंडी दिखाकर कैंडल मार्च को रवाना





किया। यह कैंडल मार्च नगर निगम कटनी कार्यालय से प्रारंभ होकर पुलिस थाना कटनी, गांधी द्वार, जवाहर चौक रूई बाजार, मेंन मार्केट कपड़ा बाजार, सुभाष चौक, मोहन टॉकीज होते हुए महारानी लक्ष्मीबाई चौक कचहरी चौक पर हम कटनी है, वोट करेंगे स्लोगन पर कैंडल रखते हुए निगमायुक्त द्वारा मतदाता शपथ दिलाए जाने के उपरांत कार्यक्रम का समापन किया गया। इस दौरान उपायुक्त पीकेअहिरवार, कार्यपालन यंत्री केपी शर्मा, सुधीर मिश्रा, राजस्व अधिकारी एवं निर्वाचन प्रभारी जागेश्वर प्रसाद पाठक, शासकीय कन्या महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर चित्रा प्रभात, पूजा द्विवेदी जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग, वनश्री कुर्वेती महिला सशक्तिकरण अधिकारी, प्रोफेसर माधुरी गर्ग, थाना प्रभारी कोतवाली आशीष शर्मा, साधुराम उच्चतर माध्यमिक शाला प्राचार्य सुमनलता सोलंकी, प्रफायर नियंत्रण अधिकारी अरविंद कुमार प्यासी, प्रसहायक यंत्री आदेश जैन, सुनील सिंह, अनिल जायसवाल, उपयंत्री अश्वनी पांडे, मृदुल श्रीवास्तव, मोना करेरा, जेपी सिंह बघेल, पवन श्रीवास्तव, शैलेंद्र प्यासी प्र.स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी एवं अन्य अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थित रही।

# कलेक्टर ने किया स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

## सुरक्षा बलों को मुस्तैद रह कर चाक-चौबंद निगरानी के दिए निर्देश



**कटनी/ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद ने सोमवार की शाम कृषि उपज मंडी पहरुआ परिसर स्थित स्ट्रांग रूम में कड़ी सुरक्षा में रखी गई ईव्हीएम, व्हीव्हीपेट मशीनों के स्थल का औचक निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान सीसी टी व्ही कैमरों एवं एल ई टीव्ही की जांच की जाकर मुस्तैद सुरक्षा प्रहरियों को सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद रखने के निर्देश दिए। बताते चलें की कटनी के कृषि उपज मंडी परिसर में स्ट्रांग रूम में जिले की विधानसभा क्षेत्र बडवाराए का स्ट्रांग रूम बनाया गया हैं। शहडोल लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बडवारा विधानसभा क्षेत्र में 19 अप्रैल को मतदान हो चुका है। इनकी कड़ी निगरानी और सुरक्षा के लिए चौबीसों घंटे सुरक्षा बलों द्वारा पहरेदारी की जा रही है।

लगाई गई है एलईडी स्क्रीन

पूरी निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता बरतते हुए जिला प्रशासन ने अभ्यर्थी अथवा उनके निर्वाचन अभिकर्ताओं के नजरिए से स्ट्रांग रूम का 24 बाय 7 निरीक्षण करने सुरक्षा घेरा के बाहर से तथा एलईडी स्क्रीन में सुगमता और सहजता से पूरा दृश्य देखने की उम्दा व्यवस्था की हैं। अभ्यर्थी एवं निर्वाचन अभिकर्ता यदि चाहें तो सुरक्षा घेरा के बाहर टेंट लगाकर स्ट्रांग रूम की देखरेख कर सकते हैं। इस हेतु रिटर्निंग आफिसर, सहायक रिटर्निंग अधिकारी से अनुमति लिया जाना अनिवार्य होगा तथा अधिकृत प्रतिनिधि एवं अभिकर्ता को रिटर्निंग आफ्सिर द्वारा पहचान पत्र जारी किया जावेगा। आयोग के निर्देशानसार स्ट्रांग रूम की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर ने स्ट्रांगरूम की देखरेख हेतु कार्यपालिक दंडाधिकारियों की ड्यूटी लगाई है जो प्रतिदिन स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करेंगे।

# जायंट्स ग्रुप ने निर्धन कन्या के विवाह में दी सामग्री

**कटनी/ब्यूरो।** जायंट्स ग्रुप ऑफ कटनी सहेली के द्वारा इस महिने तीन लड़कियों की शादी में सहयोग दिया गया जो कि एक ग्रुप संस्थापक गीता जोशी के घर में निर्धन कन्या की शादी में सहयोग दिया गयाए दूसरी कन्या की शादी के सहयोग दियाए दूसरी कन्या के विवाह के लिए आशा दीक्षित भाभी के घर में दिया गया और तीसरी कन्या की शादी में सहयोग गौरी विश्वकर्मा के घर में दिया गया इसमें सहेलियों ने



कलश, परात साड़ीयां, पैंट-शर्ट के कपड़े, पायल बिछिया, सिंगार का समान, ज्वेलरी सेट, बेड शीट, कंबल, आटा, चावल, तेल, शक्कर ज्वेलरी बॉक्स, पर्स, बर्तन, पानी की टंकी, गौरी विश्वकर्मा के सौजन्य से फ्रिज व कैश दिया गया। सहयोग देने वालों के नाम कल्पना दुबे, गौरी साहू, शशि शुक्ला, कमला यादव, गीता जोशी, लक्ष्मी दीक्षित, दीपिका शर्मा, प्रिया श्रीवास्तव, दीपाली गुप्ता, सुषमा गोस्वामी, गीता पाठक, आशा दीक्षित, ममता गर्ग, मनीषा गौतम, मंजु सिंह, शोभा गुप्ता, सारिका सोनी, रिलि गुप्ता, आरती सोनी, जलपा पटेल, किम्प्ल पटेल, निमिषा गुप्ता, तृप्ति अग्रवाल, रेखा खरे, रिचा सेक्सरिया, अंजना निषाद, कल्पना बडगैयां, आरती मिश्रा, ममता विश्वकर्मा, गौरी विश्वकर्मा व सभी सहेलियों का सहयोग रहा।

# पुलिस अधीक्षक ने किया ड्यूटी वितरण स्थल का निरीक्षण

**कटनी/ब्यूरो।** आगामी लोकसभा निर्वाचन में मतदान सामग्री एवं पुलिस ड्यूटी वितरण स्थल का निरीक्षण पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन के द्वारा किया गयाए निरीक्षण में मतदान सामग्री वितरण स्थल जिसमे कृषि उपज मंडी में जाकर तैयारियों का जायजा लिया गया। सुरक्षा के संबंध में जानकारी लेते हुए पूरे एरिया को सुरक्षित करने के लिए ठोस बैरिकेडिंग करने के निर्देश दिए। साथ ही परिसर में सभी आवश्यक जगहों पर सुरक्षा के लिए जवानों की तैनाती को लेकर दिशा निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन के द्वारा पूरे परिसर में सभी आवश्यक तैयारियां जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सामग्री वितरण के दिन लोगों की काफी आवाजाही रहेगी। उसके अनुरूप



सभी कार्य सुचारू रूप से संपन्न होए इसके लिए जरूरी इंतजाम समय से पूरे कर लिए जाएं एवं विधानसभावार सामग्री वितरण के लिए व्यवस्था करने के निर्देश दिए। वाहन पार्किंग के संबंध में जानकारी लेते हुए जगह का निरीक्षण किया। पार्किंग व्यवस्था के साथ वाहनों के सुचारू आवाजाही के लिए सभी जरूरी व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इस मौके पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती ख्याति मिश्रा रक्षित निरीक्षक श्रीमती संध्या राजपूत थाना प्रभारी गण अन्य अधिकारी कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## समाज की समस्याओं के निराकरण का होगा प्रयास : वीडी शर्मा



**कटनी/ब्यूरो।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष कटनी खजुराहो लोकसभा सांसद प्रत्याशी विष्णुदत्त शर्मा का वैश्य महासम्मेलन मध्य प्रदेश कटनी गहोई समाज एवं सभी वैश्य समाज के घटकों के अध्यक्ष पदाधिकारी वैश्य बंधु एवं सदस्यों के साथ गहोई धर्मशाला कटनी में जनसंवाद हुआ। सर्वप्रथम वैश्य महासम्मेलन जिला अध्यक्ष मनीष त्रिसोलिया एवं युवा अध्यक्ष हितेश बिलैया द्वारा प्रदेशअध्यक्ष का स्वागत किया।सांसद बीडी शर्मा ने अपने उद्बोधन में समाज की समस्याओं के निराकरण के प्रयास करने एवं अधिक से अधिक मतदान कर विजयश्री का आशीर्वाद वैश्य बंधु से देने की बात कही। इस अवसर पर मंचासीन अतिथि सभी समाज के प्रमुख पदाधिकारी सदस्य मातृशक्ति एवं वैश्य बंधु उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला प्रभारी बालमुकुंद गुप्ता द्वारा किया गया। जिला अध्यक्ष मनीष त्रिसोलिया द्वारा उपस्थित सामाजिक बंधुओ का धन्यवाद आभार व्यक्त किया।

# दो हज़ार के इनामी फरार बदमाश को पकड़ने में मिली सफलता

## अभिजीत कुमार रंजन पुलिस अधीक्षक जिला कटनी के निर्देशन एवं डॉ श्री संतोष

**कटनी/ब्यूरो।** डेहरिया अतिरिक्त पुलिस अर्थीक्षक श्रीमति ख्याति मिश्रा नगर पुलिस अधीक्षक जिला कटनी के मार्गदर्शन में अनूप सिहं निरीक्षक थाना प्रभारी थाना माधवनगर राकेश पटेल उप निरीक्षक एवम् पुलिस स्टॉफको 2000 के इनामी बदमाश को पकड़ने में सफ्लता पाई है। फरियादी सुमित समुद्रे पिता सुभाष समुद्रे उम्र 28 वर्ष निवासी कुम्हार मोहल्ला माधवनगर थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि दिनांक 01-02-24 के दोपहर करीब 03:00 बजे फरियादी एवं इसकी पत्नि और बच्चे घर में थे उसी समय राज वंषकार उर्फ धर्मेन्द्र वंषकार, प्रिंस उर्फ फोग्गा गौटिया, छोटू उर्फजय चौहतवान, डग्गू उर्फनन्दलाल कोल इसके घर के सामने आये और इसे बाहर बुलाये पुरानी बुराई को लेकर मां बहन की गंदी.गंदी गालियां देते हुये फरियादी से शराब पीने के लिये 1000/-रूपये मांग रहे थे तब यह पैसा एवं गाली देने से मना किया तो और घर के अन्दर चला गया तब चारो लोग घर के अन्दर जबरन घुसकर शराब



पीने के लिये रूपये मांगने लगे रूपये न देने पर बम पटकने की धमकी देने लगे उसी समय छोटू उर्फ जय चौहतवान ने अपने पास रखी थैली से एक बम निकालकर घर के अन्दर पटक दिया जिससे घर में रखा सामान छतिग्रस्त हो गया था। वारदात घटना के पश्चात् ही आरोपी जय उर्फ छोटू चौहतवान, छग्गू उर्फ नन्दलाल कोल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था किन्तु धर्मेन्द्र उर्फ राज वंषकारए प्रिंस उर्फ फोग्गा गोटिया घटना को अंजाम देकर घटना दिनांक से फरार चल रहे थे, जिनकी गिरफ्तारी किये जाने का हरसंभव प्रयास किये जा रहे थे। तब पुलिस अधीक्षक कटनी के द्वारा आरोपी धर्मेन्द्र उर्फ राज वंषकार, प्रिंस उर्फ फोग्गा गोटिया गिरफ्तारी में सहयोग करने कराने वाले को द्वारा 2000 रूपये का ईनाम उद्घोषणा की गई थी। इसी क्रम में मुखबिर तंत्र से सूचना मिली कि आदतन अपराधी धर्मेन्द्र उर्फराज वंषकार घर के पास देखा गया है सूचना पर तत्काल ही पुलिस मौके पर पहुंची। आरोपी पुलिस को देखते ही गिरफ्तारी से बचने के लिये घर में घुस गया और सुसाईड करने की धमकी देते हुये अपने घर का दरवाजा अन्दर से बन्द कर लिया जिसे काफ़ी मान मनौव्वल करते हुए बमुश्किल से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा गया है। सराहनीय कार्य में अनूप सिंह निरीक्षक थाना प्रभारी माधवनगर उप निरीक्षक राकेश पटैल एवं आरक्षक अनूप सिंह आरक्षक पंकज यादव की विशेष भूमिका रही है।

# जबलपुर में चल रही अंडर-22 क्रिकेट प्रतियोगिता



**कटनी/ब्यूरो।** सेमीफाइनल मुकाबले में कटनी जिला ने जबलपुर जिला को 3 विकेट से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। पहले खेलते हुए जबलपुर जिले की टीम 37 ओवर में 182 रन बनाकर आउट हो गई।कटनी से अय्याज ने 3एसंकल्प सिंघवी ने 3 विकेट लिए। जवाब में कटनी जिले ने 7 विकेट खोकर लक्ष्य प्राप्त किया। संकल्प ने नाबाद 56 , हर्ष मंगलनी ने 43 , अय्याज ने 27 , जतिन ने 22 एवम सचिन यादव ने नाबाद 15 रन बनाए।कटनी ने डिंडोरी को क्वाटर फाइनल मुकाबले मे 6 विकेट से पराजित किया था।संकल्प सिंघवी ने उस मैच में नाबाद 88 रन एवम सचिन बर्मन ने 21 रन बनाए थे।नीलेश नामदेव ने 4 विकेट लिए थे। कटनी की जीत पर जिला क्रिकेट संघ के सदस्य, वरिष्ठ खिलाड़ियों एवम खेल प्रेमियों ने बधाई दी।

# टाइटंस के खिलाफ दिल्ली को गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद

## पंत की कप्तानी पर भी रहेंगी नजरें



नयी दिल्ली।

दिल्ली कैपिटल्स की टीम इंडियन प्रीमियर लीग में बुधवार को यहां गुजरात टाइटंस के खिलाफ उतरेगी तो उसे अपने गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी जबकि ऋषभ पंत की कप्तानी पर भी नजरें रहेंगी। पंत के लिए घरेलू मैदान पर वापसी उम्मीद के मुताबिक नहीं रही और दिल्ली को लगातार दो जीत दर्ज करने के बाद शनिवार को घरेलू मैदान पर सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 67 रन की बड़ी हार का सामना करना पड़ा। इस हार से दिल्ली की टीम आठ मैच में तीन जीत और पांच हार से छह अंक के साथ आठवें स्थान पर खिसक गई है। टीम अच्छी तरह से जानती है कि अगर उसे प्ले ऑफ के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीदों को जीवंत रखना है तो जीत की राह पर लौटना होगा।

सनराइजर्स के खिलाफ पंत के फैसलों पर कई बार सवाल उठे। टॉस के समय वह अरूण जेटली स्टेडियम में ओस के पहलू को सही तरह से नहीं भांप पाए और उन्होंने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पंत का पारी का दूसरा ओवर ललित यादव को सौंपने का फैसला और भी विवादास्पद रहा और सनराइजर्स ने तूफानी शुरुआत करते हुए पावर प्ले में बिना विकेट खोए 125 रन बनाए। पंत बल्लेबाजी के दौरान जूझते नजर आए और लक्ष्य का पीछा करते हुए 35 गेंद में सिर्फ 44 रन बना पाए।

सनराइजर्स के 267 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सलामी बल्लेबाजों से तूफानी शुरुआत की अपेक्षा थी लेकिन पृथ्वी साव और डेविड वार्नर ने निराश किया। युवा जेक फ्रेजर-मैकगर्क ने सिर्फ 18 गेंद में 65 रन बनाए लेकिन उन्हें दूसरे छोर से पर्याप्त समर्थन नहीं मिला। अभिषेक पोरेल ने भी 22 गेंद में 42 रन की पारी खेली लेकिन यह नाकाफी था। सनराइजर्स ने दिल्ली के गेंदबाजों के खिलाफ आसानी से रन बटोरे। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज खलील अहमद की कोटला की छोटी बाउंड्री के बीच शॉर्ट पिच गेंदबाजी करने की रणनीति गलत साबित हुई।

तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ एनरिक नोर्किया मौजूदा सत्र में बिलकुल भी लय में नजर नहीं आ रहे और टीम को पीठ में जकड़न के कारण अनुभवी इशांत शर्मा के पिछले मैच से बाहर रहने के बाद उनके वापसी करने की उम्मीद होगी। कुलदीप यादव मौजूदा सत्र में 7.60 की इकोनॉमी रेट से पांच मैच में 10 विकेट चटकाकर दिल्ली के सबसे सफल गेंदबाज रहे हैं लेकिन सनराइजर्स के खिलाफ वह भी काफी महंगे साबित हुए। उन्होंने दिल्ली के गेंदबाजों के बीच सर्वाधिक आठ खाली गेंद डाली लेकिन सर्वाधिक सात छक्के भी खाए।

नए कप्तान शुभमन गिल के नेतृत्व में टाइटंस के प्रदर्शन में भी निरंतरता की कमी दिखी है लेकिन पंजाब किंग्स के खिलाफ पिछले मैच में तीन विकेट की जीत की बदौलत यह पूर्व चैंपियन टीम आठ मैच में चार जीत और इतनी ही हार से आठ अंक के साथ छठे स्थान पर है। टाइटंस की नजरें भी जीत की लय को बरकार रखते हुए प्ले ऑफ का दावा मजबूत करने पर टिकी होंगी। टीम को बल्लेबाजी में गिल के अलावा साई सुदर्शन, डेविड मिलर और अजमतुल्लाह उमरजई से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी जबकि राहुल तेवतिया को फिनिशर की भूमिका निभानी होगी। गेंदबाजी विभाग में दारोमदार अनुभवी मोहित शर्मा, नूर अहमद और राशिद खान पर होगा।

**टीम इस प्रकार हैं**

**दिल्ली कैपिटल्स:** ऋषभ पंत (कप्तान), डेविड वार्नर, अभिषेक पोरेल, रिकी भुई, यश ढुल, शाई होप, पृथ्वी साव, ट्रिस्टन स्टब्स, कुमार कुशाग्र, स्वस्तिक चिकारा, इशांत शर्मा, झाय रिचर्डसन, रसिक डार, विक्की ओस्तवाल , एनरिक नोर्किया, मुकेश कुमार, कुलदीप यादव, प्रवीण दुबे, खलील अहमद, सुमित कुमार, अक्षर पटेल, ललित यादव, और जेक फ्रेजर-मैकगर्क।

**गुजरात टाइटंस:** शुभमन गिल (कप्तान), डेविड मिलर, रिद्धिमान साहा, साई सुदर्शन, शाहरुख खान, मैथ्यू वेड, केन विलियमसन, अजमतुल्लाह उमरजई, अभिनव मनोहर, राशिद खान, विजय शंकर, राहुल तेवतिया, स्पेंसर जॉनसन, कार्तिक त्यागी, जोशुआ लिटिल, दर्शन नालकंडे, नूर अहमद, रविश्रीनिवासन साई किशोर, मोहित शर्मा, जयंत यादव, उमेश यादव, सुशांत मिश्रा, संदीप वारियर, शरत बीआर और मानव सुतार। समय- मैच शाम 7.30 बजे शुरू होगा।

# स्पेन की महिला फुटबॉल टीम को लॉरेस पुरस्कार, जोकोविच साल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी




**नयी दिल्ली।** पिछले साल पहली बार महिला फुटबॉल विश्व कप जीतने वाली स्पेन की टीम को सोमवार को लॉरेस विश्व खेल पुरस्कारों में दो और पुरस्कार मिले। स्पेन की महिला फुटबॉल टीम को 2023 के लिए दुनिया की साल की सर्वश्रेष्ठ टीम चुना गया जबकि मिडफील्डर एताना बोनमाती को सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का पुरस्कार मिला। समारोह का आकर्षण नोवाक जोकोविच रहे जिन्हें साल के सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी का पुरस्कार मिला। अमेरिका की जिम्नास्ट सिमोन बाइल्स को वापसी करने वाली सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार दिया गया। रीयाल मैड्रिड के फॉरवर्ड ज्यूड बेलिंगहैम को 'ब्रेकथ्रू पुरस्कार' मिला जबकि दुनिया के पूर्व नंबर एक टेनिस खिलाड़ी रफेल नडाल को उनके फाउंडेशन की बदौलत 'स्पोर्ट फोर गुड अवार्ड' से नवाजा गया। जोकोविच ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन, फ्रेंच ओपन और अमेरिकी ओपन में खिताब जीतने के साथ रिकॉर्ड 24 ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीतने का रिकॉर्ड अपने नाम किया। उन्होंने रोजर फेडरर के रिकॉर्ड की बराबरी करते हुए पांचवीं बार लॉरेस पुरस्कार जीता। लॉरेस के अनुसार नडाल के फाउंडेशन को 'स्पेन और भारत में 1,000 से अधिक कमजोर युवाओं' की मदद करने के लिए पुरस्कृत किया गया।

# सुनील नारायण ने आगामी टी-20 विश्वकप में खेलने की संभावनाओं को किया खारिज



**कोलकाता (वार्ता)।** वेस्टइंडीज ऑलराउंडर स्पिनर सुनील नारायण ने वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी-20 विश्वकप में खेलने की किसी भी संभावना को खारिज करते हुए कहा कि 'अब दरवाजे बंद' हो चुके है। बुधवार को कोलकाता नाइट राइडर्स द्वारा जारी विज्ञप्ति में नारायण ने कहा, मुझे इस बात से खुशी है और मैं आभारी भी हूं कि मेरे फॉर्म के कारण लोग चाहते हैं कि मैं संन्यास से वापसी करूं और आगामी टी-20 विश्व कप खेलूं। लेकिन मैंने संन्यास के निर्णय के साथ शांति चुनी थी और अब वे दरवाजे बंद हो चुके हैं। मैं वेस्टइंडीज़ के लिए खेल रहे लड़कों का समर्थन करूंगा, जिन्होंने राष्ट्रीय टीम में आने के लिए पिछले कुछ महीनों में कड़ी मेहनत की है। ये खिलाड़ी एक और टी-20 विश्वकप खिताब जीतने की काबिलियत रखते हैं और मैं उनको शुभकामना देना चाहूंगा। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में केकेआर के लिए खेल रहे सुनील नारायण शानदार फॉर्म में चल रहे है। नारायण के इस फॉर्म के कारण वेस्टइंडीज के टी-20 कप्तान रोवमन पॉवेल ने कहा था कि वह पिछले 12 महीनों से नारायण से संन्यास से वापसी के बारे में बोल रहे हैं।



## लीग चरण में बेहतर रैंकिंग वाली टीम के घरेलू मैदान पर होगा आईएसएल फाइनल

**मुंबई ।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) ने मंगलवार को कहा कि चार मई को होने वाला 2023-24 सत्र का फाइनल खिताबी मुकाबले में पहुंचने वाली दोनों टीम में से उस टीम के घरेलू मैदान पर खेला जाएगा जो लीग चरण में बेहतर रैंकिंग वाली टीम थी। मोहन बागान ने 15 अप्रैल को मुंबई सिटी एफसी को रोमांचक मुकाबले में हराकर लीग शील्ड जीती जबकि एफसी गोवा की टीम तीसरे स्थान पर रही। अब कोलकाता, मुंबई और गोवा आईएसएल फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल की मेजबानी की दौड़ में हैं। स्थान की पुष्टि होने के बाद मैच के टिकटों की बिक्री शुरू की जाएगी। ओडिशा एफसी और एफसी गोवा ने क्रमश: केरला ब्लास्टर्स एफसी और चेन्नईयिन एफसी के खिलाफ अपने नॉकआउट मैच जीते और आईएसएल 2023-24 सेमीफाइनल में जगह बनाई। सेमीफाइनल मुकाबलों की शुरुआत 23 अप्रैल को भुवनेश्वर में मोहन बागान सुपर जाइंट और ओडिशा एफसी के बीच मैच के साथ होगी।

# सौरव घोषाल ने पेशेवर स्क्वाश से संन्यास लिया

## लेकिन भारत के लिए खेलना जारी रखेंगे



**नयी दिल्ली।** भारत के सबसे बेहतरीन पुरूष स्क्वाश खिलाड़ियों में शामिल सौरव घोषाल ने सोमवार को पेशेवर सर्किट से संन्यास लेने की घोषणा की लेकिन वह अगले कुछ समय तक बहु-खेल स्पर्धाओं वाले आयोजन में भारत का प्रतिनिधित्व करना जारी रखेंगे। पेशेवर सर्किट में 22 साल खेलने वाले घोषाल ने इंचियोन और हांग्झोउ एशियाई खेलों की टीम स्पर्धाओं में दो स्वर्ण पदक जीतने के अलावा राष्ट्रमंडल खेलों में तीन पदक जीते हैं। उन्होंने ग्लासगो में 2022 विश्व युगल चैंपियनशिप में मिश्रित युगल वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था। घोषाल ने अपने इंस्टाग्राम पर लिखा, ''मैंने 22 साल पहले 'पीएसए विश्व टूर' पर अपनी यात्रा शुरू की थी। उस समय मैंने सपने में भी नहीं सोचा था कि मैं इतने लंबे समय तक पेशेवर स्क्वाश खेलूंगा। जब मैंने दुनिया भर में यात्रा की और कुछ बड़े मंचों खेलते हुए मैंने सोचा कि यह कभी खत्म नहीं होगा।''इस 37 साल के खिलाड़ी ने कहा, ''लेकिन हर चीज का एक अंत होता है। यह संदेश लिखते समय मैं भावनाओं से अभिभूत हूं। यह खेल इतने वर्षों से मेरा जुनून, मेरी आजीविका और मेरी पहचान रहा है। इसलिए गर्व और दुख की मिश्रित भावनाओं के साथ मैं पीएसए से अपने संन्यास की घोषणा करता हूं।'' कोलकाता में जन्में घोषाल दुनिया के शीर्ष 10 में पहुंचने वाले एकमात्र भारतीय खिलाड़ी हैं। उन्होंने अप्रैल 2019 में करियर की उच्चतम रैंकिंग हासिल की और छह महीने तक उसे बनाये रखने में सफल रहे। घोषाल ने 2003 में पीएसए में पदार्पण करने के बाद से 18 फाइनल में पहुंचकर 10 पीएसए खिताब जीते हैं। उन्होंने पीएसए टूर पर अपने 511 मैचों में से 281 जीते हैं। घोषाल के नाम 13 राष्ट्रीय खिताब जीतने का रिकॉर्ड भी है। उन्होंने इसमें से आखिरी खिताब 2020 में जीता था। घोषाल का खेल हालांकि अभी पूरी तरह से खत्म नहीं हुआ है और वह भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करना जारी रखेंगे। उन्होंने कहा, '' मुझे उम्मीद है कि मैं प्रतिस्पर्धी स्क्वाश को पूरी तरह से अलविदा नहीं कह रहा हूं। मैं कुछ और समय तक भारत के लिए खेलना चाहूंगा। उम्मीद है कि मेरे अंदर संघर्ष करने की कुछ क्षमता बाकी है और मैं अपने देश के लिए कुछ और हासिल कर सकता हूं। तब तक, धन्यवाद।

## मनिका को पछाड़कर भारत की नंबर एक टेबल टेनिस खिलाड़ी बनी श्रीजा



**नयी दिल्ली।** राष्ट्रमंडल खेलों की मिश्रित युगल चैंपियन श्रीजा अकुला मंगलवार को नवीनतम आईटीटीएफ रैंकिंग में करियर के सर्वश्रेष्ठ 38वें स्थान पर पहुंची और मनिका बत्रा को पछाड़कर शीर्ष रैंकिंग वाली भारतीय महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी बन गईं। नवीनतम रैंकिंग में श्रीजा को एक स्थान का फायदा हुआ जबकि पिछले कुछ समय से भारत की नंबर एक टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका दो स्थान के नुकसान से 39वें पायदान पर खिसक गईं। इस साल 25 साल की श्रीजा ने प्रभावशाली प्रदर्शन किया है। उन्होंने डब्ल्यूटीटी फीडर कॉरपस क्रिस्टी और डब्ल्यूटीटी फीडर बेरूत टूर्नामेंट में क्रमश- जनवरी और मार्च में खिताब जीते। वह गोवा में डब्ल्यूटीटी स्टार कंटेंडर के क्वार्टर फाइनल में भी पहुंची। श्रीजा ने 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में अनुभवी अचंता शरत कमल के साथ मिलकर मिश्रित युगल का स्वर्ण पदक जीता था। यशस्विनी घोरपड़े और अर्चना कामत क्रमश- 99वें और 100वें स्थान पर बरकरार हैं। शरत रैंकिंग में 37वें स्थान के साथ शीर्ष रैंकिंग वाले भारतीय खिलाड़ी हैं। जी साथियान और मानव ठाकर ने क्रमश- 60वें और 61वें स्थान पर एक दूसरे की जगह ली है। कुछ महीने पहले शीर्ष रैंकिंग के भारतीय खिलाड़ी राष्ट्रीय चैंपियन हरमीत देसाई नवीनतम सूची में और नीचे 64वें स्थान पर खिसक गए हैं। भारत पहले ही पेरिस ओलंपिक की टीम स्पर्धाओं के लिए क्वालीफाई कर चुका है। भारतीय टेबल टेनिस महासंघ 16 मई तक उस समय की विश्व रैंकिंग के आधार पर पुरुष और महिला एकल में दो एकल खिलाड़ियों की प्रविष्टियों पर फैसला करेगा।

# तेलों में नरमी, दालें सस्ती, चावल सामान्य



**इंदौर (वार्ता)।** सियागंज किराना बाजार में शक्कर मजबूत बनी रही। खाद्य तेलों में भाव तेजी लिए रहे। कारोबार में? सोयाबीन रिफाइंड ऊंचा होकर बिका। तिलहन में उठाव बना रहा। मंडी बंद रही। दालें घटकर बिकी। चावल में उठाव सामान्य वत बना रहा। सियागंज किराना बाजार में शक्कर में खरीदी से भाव उछाल लिए रहे। आज शक्कर में 40 रुपये बढ़े। शक्कर में 04 गाड़ी की आवक हुई। खोपरा गोला लिवाली से बना रहा। साबूदाना, खोपरा बूरा में मांग साधारण बताई गई। खाद्य तेलों में तेजी दर्ज की गई। सोयाबीन रिफाइंड बढ़कर बिका।आने वाले दिनों में खाद्य तेलों में लिवाली सुधार की संभावना है। तिलहनों में कामकाज पूर्व स्तर पर थमा रहा। मंडी बंद रही। प्रायवेट में हुए सौदों में दलहन मजबूती लिए बताए गए। आज चना कांटा महंगा होकर बिका। दालों में नरमी दर्ज की गई। चावल में उठाव बढ़ा बताया गया।शक्कर 3960 से 4000 रुपये प्रति क्विंटल। खोपरा गोला 114 से 125 रुपये प्रति किलोग्राम। खोपरा बूरा 2550 से 4600 रुपये प्रति 15 किलोग्राम। हल्दी खडी 175 से 275 रुपये प्रति किलोग्राम। साबूदाना 6200 से 6800, पैकिंग में 7100 से 7200 रुपये प्रति क्विंटल। सरसों निमाड़ी 5500 से 5600, सोयाबीन 4600 से 4650 रुपये प्रति क्विंटल। मूंगफली तेल इंदौर 1480 से 1500, सोयाबीन रिफाइंड इंदौर 945 से 950 साल्वेंट 895 से 900, पाम तेल 1000 से 1005 रुपये प्रति 10 किलो। चना (कांटा) 6100 से 6125, चना विशाल 5800 से 5925, मसूर 5950 से 6000, तुअर निमाड़ी 9800 से 11200, तुअर सफेद (महाराष्ट्र) 11500 से 11700, तुअर (कर्नाटक) 11600 से 11800, मूंग 8700 से 9000, मूंग हल्की 7000 से 8000, उड़द 8800 से 9200, उड़द हल्की 3000 से 5000 रुपये प्रति क्विंटल। चना दाल 7900 से 8400, तुअर दाल सवा नंबर 15200 से 15300, तुअर दाल फूल 16200 से 16300, तुअर दाल बोल्ड 17100 से 17200, आयातित तुअर दाल 14200 से 14300, मसूर दाल 7150 से 7450, मूंग दाल 10400 से 10700, मूंग मोगर 11400 से 11700, उड़द दाल 11400 से 11700, उड़द मोगर 11800 से 12000 रुपये प्रति क्विंटल। बासमती 11500 से 12500, तिबार 10000 से 11000, दुबार 8500 से 9500, मिनी दुबार 7500 से 8500, मोगरा 4500 से 7000, बासमती सैला 7000 से 9500, कालीमूंछ 8000 से 8500, राजभोग 6500 से 7500, दूबराज 4000 से 4500, परमल 2800 से 3000, हंसा सैला 2900 से 3100, हंसा सफेद 2500 से 2700, पोहा 4300 से 4800 रुपये प्रति क्विंटल। रवा 1660, मैदा 1530, आटा 1520, चना बेसन 4100 रुपये प्रति 50 किलोग्राम।

# नाबार्ड ने जारी की जलवायु रणनीति 2030

मुंबई (वार्ता)।

सतत विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुये, राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक ( नाबार्ड ) ने पृथ्वी दिवस के अवसर पर अपने जलवायु रणनीति 2030 दस्तावेज़ का अनावरण किया। मंगलवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार नाबार्ड के जलवायु रणनीति 2030 दस्तावेज़ को केंद्र सरकार के इस विशाल वित्तीय प्रतिष्ठान के अध्यक्ष शाजी के वी ने जारी किया। इस व्यापक रणनीति का उद्देश्य भारत की हरित परियोजनाओं के लिये कर्ज की बढ़ती आवश्यकता को पूरा करना है। हरित कर्ज की मांग अत्यधिक है लेकिन उसकी तुलना में भारत में इस तरह के वित्त की आवक काफी कम है। अनुमान है कि भारत को जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिये हरित परियोजनाओं के लिये 2030 तक संचयी रूप से 2.5 लाख करोड़ डॉलर से अधिक के हरित वित्तपोषण की जरूरत होगी। इसका अर्थ है कि इसके लिये सालाना लगभग 170 अरब डॉलर की आवश्यकता होगी। इसे देखते हुये वर्तमान हरित वित्त प्रवाह बहुत ही अपर्याप्त है। बयान के अनुसार 2019-20 तक, भारत ने हरित वित्तपोषण के तहत बाहर से लगभग 49 अरब डॉलर जुटाये थे, जो विशाल आवश्यकताओं के अंश मात्र के बराबर ही था। इस मांग को पूरा करने के लिये नाबार्ड की जलवायु रणनीति 2030 का लक्ष्य सभी क्षेत्रों में हरित ऋण में तेजी लाना, व्यापक बाजार-निर्माण भूमिका निभाना, नाबार्ड का आंतरिक हरित परिवर्तन और रणनीतिक संसाधन जुटाना शामिल है।

# एचडीएफसी मैन्युफैक्चरिंग फंड लॉन्च

**नयी दिल्ली (वार्ता)** एचडीएफसी म्यूचुअल फंड (एचडीएफसी एमएफ) के निवेश प्रबंधक एचडीएफसी एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड ने एचडीएफसी मैन्युफैक्चरिंग फंड लॉन्च करने की घोषणा की है। कंपनी ने आज यहां कहा कि इस ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम का उद्देश्य मुख्य रूप से मैन्युफैक्चरिंग गतिविधियों में लगी कंपनियों की इक्विटी और इक्विटी से संबंधित प्रतिभूतियों में निवेश करके भारत के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की क्षमता को अनलॉक करना है। एचडीएफसी मैन्युफैक्चरिंग फंड के लिए एनएफओ 26 अप्रैल, 2024 को खुलेगा और 10 मई, 2024 को बंद होगा। एचडीएफसी मैन्युफैक्चरिंग फंड की निवेश रणनीति विनिर्माण थीम के तहत विविध क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाले शेयरों में कम से कम 80 प्रतिशत निवेश वाले मुख्य पोर्टफोलियो पर जोर देती है। फंड का लचीला दृष्टिकोण बाजार पूंजीकरण में निवेश की अनुमति देता है, जिससे निवेशकों को विनिर्माण परिदृश्य के भीतर अवसरों की एक विस्तृत श्रृंखला का अनुभव मिलता है।

# पेट्रोल और डीजल की कीमतों में टिकाव



**नयी दिल्ली (वार्ता)।** अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज यथावत रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपये प्रति लीटर पर रहा। वैश्विक स्तर पर सप्ताहांत पर अमेरिकी क्रूड 0.05 प्रतिशत की बढ़त के साथ 81.94 डॉलर प्रति बैरल पर और लंदन ब्रेंट क्रूड 0.11 प्रतिशत की तेजी लेकर 87.10 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।

# शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन तेजी

मुंबई (वार्ता)।



विदेशी बाजार के सकारात्मक रुझान की बदौलत स्थानीय स्तर पर दूरसंचार, रियल्टी, टेक और यूटिलिटीज समेत सोलह समूहों में हुई लिवाली से आज शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन तेजी रही। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 89.83 अंक चढ़कर 73,738.45 अंक पर पहुंच गया। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 31.60 अंक मजबूत होकर 22,368.00 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.52 प्रतिशत उछलकर 40,584.17 अंक और स्मॉलकैप 1.05 प्रतिशत की छलांग लगाकर 46,492.21 अंक पर रहा। इस दौरान बीएसई में कुल 3934 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2338 में लिवाली जबकि 1475 में बिकवाली हुई वहीं 121 में कोई बदलाव नहीं हुआ। निफ्टी की 24 कंपनियां हरे जबकि 25 लाल निशान पर रही वहीं एक के भाव स्थिर रहे। बीएसई के 16 समूहों में तेजी रही। इससे दूरसंचार 4.27, रियल्टी 2.42, टेक 1.23, यूटिलिटीज 0.95, कमोडिटीज 0.52, सीडी 0.77, एएफएमसीजी 0.80, वित्तीय सेवाएं 0.16, इंडस्ट्रियल्स 0.55, आईटी 0.42, ऑटो 0.48, बैंकिंग 0.18, कैपिटल गुड्स 0.16, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.82, पावर 0.56 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.20 प्रतिशत मजबूत रहे।

विश्व बाजार का रुझान सकारात्मक रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.35, जर्मनी का डैक्स 0.81, जापान का निक्केई 0.30, हांगकांग का हैंगसेंग 1.92 प्रतिशत चढ़ गया जबकि चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.74 प्रतिशत की गिरावट रही। कारोबार की शुरूआत में सेंसेक्स 400 अंक की तूफानी तेजी के साथ 74,048.94 अंक पर खुला और लिवाली होने से थोड़ी देर बाद 74,059.89 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, बिकवाली के दबाव में कारोबार के अंतिम चरण में यह 73,688.31 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। उतार-चढ़ाव से गुजरता हुआ अंत में यह पिछले दिवस के 73,648.62 अंक के मुकाबले 0.12 प्रतिशत बढ़कर 73,738.45 अंक पर रहा।

इसी तरह निफ्टी 111 अंक उछलकर 22,447.05 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 22,447.55 अंक के उच्चतम जबकि 22,349.45 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 22,336.40 अंक की तुलना में 0.14 प्रतिशत बढ़कर 22,368.00 अंक हो गया। इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली प्रमुख कंपनियों में भारती एयरटेल 3.38, नेस्ले इंडिया 1.77, मारुति 1.53, एचसीएल टेक 1.42, टाटा मोटर्स 1.34, एशियन पेंट 1.14, एनटीपीसी 1.12, एसबीआई 1.03, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.90, इंफोसिस 0.64, पावरग्रिड 0.51, आईसीआईसीआई बैंक 0.29, टीसीएस 0.23 और विप्रो 0.01 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, सन फार्मा 3.63, रिलायंस 1.42, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.00, टेक महिंद्रा 0.63, बजाज फाइनेंस 0.58, टाटा स्टील 0.46, जेएसडब्ल्यू स्टील 0.44, बजाज फिनसर्व 0.40, अल्ट्रासिमको 0.38, एचडीएफसी बैंक 0.34, इंडसइंड बैंक 0.18 और एलटी के शेयर 0.09 प्रतिशत गिर गए।

# अब तो यह आरपार की लड़ाई है : तन्खा

## खरगोन में कांग्रेस प्रत्याशी के प्रचार के सिलसिले में आयोजित चुनावी रैली में शामिल हुए सांसद विवेक तन्खा

**खरगोन ( वार्ता )** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा ने देश के मौजूदा लोकसभा चुनावों के परिप्रेक्ष्य में आज कहा कि अब यह तो आरपार की लड़ाई है। या तो संविधान बचेगा या नहीं बचेगा। खरगोन में कांग्रेस प्रत्याशी के प्रचार के सिलसिले में आयोजित चुनावी रैली में शामिल होने आए श्री तन्खा ने पत्रकारों से चर्चा में कहा, अब तो यह आरपार की लड़ाई है, या तो संविधान बचेगा या नहीं बचेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंगलसूत्र वाले बयान के संदर्भ में कहा कि इस देश के 140 करोड़ लोग नहीं सोच सकते थे कि प्रधानमंत्री महिलाओं के मंगलसूत्र तक पहुंच जाएंगे। उन्होंने कहा, 'और सब कुछ निराधार, सब गलत, चीजों को तोड़मरोड़ कर गलत ढंग से प्रस्तुत करके वह (मोदी) अपना स्टेटमेंट दे रहे हैं। मुझे लगता है कि इलेक्शन कमीशन को तुरंत संज्ञान लेना चाहिए, उन्हें अब किसी के लिए रुकना नहीं चाहिए।'

### प्रधानमंत्री का स्टेटमेंट था चौंकाने वाला

खरगोन पहुंचे कांग्रेस के सीनियर लीडर विवेक तन्खा ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि मैं कांग्रेस के अपने प्रत्याशी को बधाई देता हूं कि उन्होंने आधी लड़ाई तो नामांकन फार्म जमा करके ही जीत ली है। अब लड़ाई आर-पार की है। या तो संविधान बचेगा या नहीं बचेगा। प्रधानमंत्री का जो स्टेटमेंट था, वह बहुत ही चौंकाने वाला था।




मैं नहीं सोचता कि इस देश में 140 करोड लोगों में से कोई यह सोच सकता होगा कि प्रधानमंत्री इस लेवल का स्टेटमेंट दे सकते हैं। वह हिंदू-मुसलमान की ऐसी बात कर रहे थे, जैसे कोई सामान्य-सी बात है। वह भी सारी निराधार बातें थीं। वे चीजों को तोड़-मरोड़ के गलत ढंग से अपना स्टेटमेंट बना रहे हैं। मुझे लगता है कि इलेक्शन कमीशन को उस पर तुरंत संज्ञान लेना चाहिए।

### तन्खा बोले, यह अघोषित आपातकाल

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने अपने एक बयान में कहा था कि कांग्रेस की बस में पेट्रोल खत्म हो गया है। इस पर पलटवार करते हुए तन्खा ने कहा कि उन्हें ग्राउंड रियलिटी का पता ही नहीं है। जमीनी स्तर पर लोग डरे हुए हैं। लोगों को पता है कि यह एक तरह से अघोषित आपातकाल है। उसे ही हटाने के लिए लोग मतदान करेंगे। आपातकाल के बाद जिस तरह से एक तरफ चुनाव हुआ था। उसी तरह से अब भी एक तरफ चुनाव होने वाला है। आज हम आपको गिनती नहीं बताएंगे। गिनती तो हमारे देश का जनतंत्र देगा। हमारा 100 करोड़ वोटर देगा।

### बीजेपी जीती तो 2029 में नहीं होंगे चुनाव

संविधान बदलने वाली बात पर पलटवार करते हुए विवेक तन्खा ने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर के संविधान को हमने बहुत ही संभाल कर रखा। इसे 75 वर्ष हो रहे हैं। वे लोग 75 साल की बात करते हैं और अमृत काल मनाते हैं। दूसरी तरफ संविधान को बदलने की भी बात करते हैं। तो फिर अमृत काल क्यों मना रहे हैं? यह बीजेपी का दोहरा चेहरा और चरित्र है। तन्खा ने कहा कि अगर बीजेपी जीत जाती है तो 2029 में फिर कोई चुनाव नहीं होगा। फिर एक ही पार्टी का चुनाव होगा। जैसे पुतिन जीता है वहां पर विपक्ष नहीं होता है। 97 फीसदह वोट एक ही व्यक्ति को मिलते हैं।

### अब हर फेज में बढ़ता जाएगा हिंदू-मुस्लिम

विवेक तन्खा ने आम लोगों से अपील करते हुए कहा कि अगर आप इसी तरह की व्यवस्था चाहते हैं, जिसमें डर हो, सीबीआई,आईटी, ईडी से डराकर रखा जाता है। तो फिर आप बीजेपी को ही वोट दीजिए। आपके चीफ मिनिस्टर जेल में रहेंगे, मिनिस्टर जेल में रहेंगे, लोग देश छोड़-छोड़कर जाएंगे। तन्खा से पूछा गया कि भाजपा हिंदुत्व और राम मंदिर के मुद्दे पर फ़ोकस कर रही है तो उन्होंने कहा कि अब उनका फोकस इस पर नहीं है। प्रधानमंत्री का कल का स्टेटमेंट बताता है कि फर्स्ट फेज में वे हार रहे हैं। उनको पता चल गया कि 102 -112 सीट ही उनको मिलने वाली है। फर्स्ट फेज में बीजेपी बहुत पीछे है और इंडिया अलायंस बहुत आगे निकल गया है। उसी से बौराकर अब अगले हर फेज में हिंदू-मुस्लिम बढ़ता जाएगा और भाजपा की सीट कम होती जाएगी।



# कार की सीट के नीचे छुपा रखा था 1 करोड़ रुपए

## जूलरी इतनी की देखकर दंग रह गई पुलिस

**मंदसौर।** मध्य प्रदेश के मंदसौर जिले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर वाहनों की जांच के दौरान एक कार से 1.03 करोड़ रुपये की नकदी और चार किलोग्राम चांदी के आभूषण जब्त किये हैं। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि कार में सवार दो पुरुषों और एक महिला को हिरासत में ले लिया गया।अधिकारी ने बताया कि संसदीय चुनाव के मद्देनजर राज्य में उड़न दस्ता टीमों द्वारा वाहनों की जांच तेज कर दी गयी है। नयी आबादी थाना प्रभारी वरुण तिवारी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने सोमवार देर रात एक कार को रोका और आगे की दो सीटों के नीचे डिब्बे बनाकर छिपाकर रखी गई नकदी और चांदी के आभूषण बरामद किए। उन्होंने बताया कि दो पुरुषों और एक महिला को हिरासत में लिया गया और उनसे पूछताछ की जा रही है। अधिकारी ने बताया कि जब्ती के बारे में आयकर विभाग को सूचित किया जाएगा।गौरतलब है कि मध्य प्रदेश पहले चरण का चुनाव 19 अप्रैल को समाप्त हो चुका है। कुल 6 सीटों पर वोटिंग हुई है। अभी तीन चरणों के चुनाव और होने हैं। मंदसौर में लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के तहत 13 मई को मतदान होगा।

### फार्म 17 ए की संवीक्षा में उपस्थित रहने की अपील

**पन्ना।** लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत खजुराहो संसदीय क्षेत्र की सभी विधानसभाओं में 26 अप्रैल को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान संपन्न होगा। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार रिटर्निंग अधिकारी द्वारा प्रेक्षक की उपस्थिति में सभी विधानसभा में हुए मतदान के संबंध में फार्म 17 ए एवं अन्य निर्धारित दस्तावेजों की संवीक्षा 27 अप्रैल को सुबह 11 बजे शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना में की जाएगी। इस अवसर पर सभी अभ्यर्थियों को स्वयं उपस्थित रहने अथवा निर्वाचन अभिकर्ता की उपस्थिति सुनिश्चित कराने के संबंध में अपील की गई है। स्वयं अथवा एजेंट की अनुपस्थिति पर अभ्यर्थी द्वारा लिखित रूप में विधिवत अधिकृत एक प्रतिनिधि संवीक्षा प्रक्रिया के दौरान उपस्थित रह सकते हैं।

### स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली




**सागर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य के निर्देशानुसार स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत आज नगर परिषद् सुरखी में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन मय ठोल बाजे के साथ किया गया, जिसमें स्थानीय स्व-सहायता समूह की महिलाओं एवं नगर परिषद सुरखी के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा भाग लिया गया। मतदाता जागरूकता रैली नगर परिषद सुरखी प्रांगण मंगल भवन से प्रारंभ होकर वार्ड 9, 8, 7, 6 से होते हुए बस स्टैण्ड तक एवं बस स्टैण्ड से वापिस मिडिल स्कूल होते हुए नगर परिषद प्रांगण में समाप्त हुई।

# पृथ्वी दिवस पर एकलव्य विश्वविद्यालय में जागरूकता रैली के साथ हुआ व्याख्यान का आयोजन

**दमोह।** ग्यारह मध्यप्रदेश बटालियन एनसीसी सागर के निर्देशानुसार एकलव्य विश्वविद्यालय दमोह में 22 मार्च पृथ्वी दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय कैडेट कोर एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा जागरूकता रैली निकालकर समाज को जागरूक किया गया। जागरूकता रैली के बाद सभी कैडेट्स एवं स्वयं सेवकों ने मानव श्रृंखला का निर्माण कर पृथ्वी के संरक्षण हेतु शपथ ली। इसके बाद पृथ्वी दिवस के अवसर पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह आयोजन 11 मध्यप्रदेश बटालियन एनसीसी सागर के निर्देशानुसार एकलव्य विश्वविद्यालय की कुलाधिपति डॉ. सुधा मलैया, प्रति कुलाधिपति श्रीमती पूजा मलैया, श्रीमती रति मलैया के कुशल नेतृत्व एवं कुलपति प्रोफेसर डॉ पवन कुमार जैन, कुलसचिव डॉ. प्रफुल्ल शर्मा के निर्देशन में किया गया।







इस अवसर पर एकलव्य विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.डॉ. पवन कुमार जैनए कुलसचिव डॉ. प्रफुल्ल शर्मा, छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. शैलेन्द्र जैन, अधिष्ठाता इंजीनियरिंग डॉ.अनिल पिम्पलापुरे, एनसीसी केयर टेकर अधिकारी डॉ. हृदय नारायण तिवारी, राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डॉ. सुधीर गौतम के साथ ही फिजिकल इंस्ट्रक्टर साहिल कुर्मी की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ देश की आजादी के लिए शहीद हुए वीर सपूतों को पुष्प अर्पित कर किया गया। इसके बाद जागरूकता रैली के माध्यम से सभी को पृथ्वी संरक्षण के बारे में जागरूक किया गया। मानव श्रृंखला के माध्यम से सभी ने पृथ्वी संरक्षण हेतु शपथ ली। इसके बाद कुलसचिव डॉ. प्रफुल्ल शर्मा ने पृथ्वी संरक्षण पर व्याख्यान देते हुए बताया कि प्लास्टिक का उपयोग हमारे जीवन जगत के लिए कितना नुकसानकारी है। इसके उपयोग से हम सभी को बचना चाहिए एवं सभी अधिक से अधिक पौधे लगाकर पृथ्वी को संरक्षित कर सकते हैं। इसके बाद छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. शैलेन्द्र जैन ने भी अत्यधिक जल दोहन से पृथ्वी को होने वाले नुकसान से अवगत कराते हुए जागरूक रहने की बात कही। कार्यक्रम के अंत में एनसीसी केयर टेकर अधिकारी डॉ. हृदय नारायण तिवारी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए बताया कि एनसीसी एवं एनएसएस इकाई अपने ध्येय वाक्य को साकार करने की दिशा में सतत प्रयासरत हैं। इस अवसर पर एनसीसी कैडेट्स के साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक, स्वयं सेविकाओं एवं विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

# स्वास्थ्य विभाग द्वारा मरीजों के परिजनों को मतदान के लिए किया प्रेरित



**दमोह।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर के निर्देशन जिले में लगातार मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सरोजनी जेम्स बेक के मार्गदर्शन में मतदाताओं को मताधिकार के लिए प्रेरित करने का कार्य स्वास्थ्य विभाग द्वारा किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रीता चटर्जी की अगुवाई में प्रायवेट अस्पताल यथा मिशन एवं संजीवनी अस्पताल के भ्रमण कर वहां मौजूद प्रबंधक, स्टॉफ एवं मरीजों के परिजनों को 26 अप्रैल को निर्भीक होकर और किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना मतदान करने का संकल्प दिलाया गया। उन्होने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। इस दौरान संजीवनी अस्पताल के प्रबंधक डॉ. मनीषा सिंघई एवं मिशन अस्पताल के प्रतिनिधि डॉ. अनु दुआ, डॉ. रश्मि जेकब मौजूद रही। पथरिया विकासखंड के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर हिनोता में सीएचओ माधवी साहू एवं लखरोनी में सीएचओ वर्षा राठौर द्वारा संस्था में आये हितग्राहियों को मौजूद स्टॉफ के साथ 26 अप्रैल को मतदान में भागीदारी कर अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने का संकल्प दिलाया गया।

# मालवाहक वाहनों में ढो रहे सवारी

**दमोह/हटा।** चुनावी सरगर्मी एवं वैवाहिक सीजन होने से यातायात करने के लिए पर्याप्त वाहनों के इंतजाम नहीं हो पा रहे हैं इसको देखते हुए लोग मालवाहक से परिवहन करते देखे जा रहे हैं जिसमें सवारियां ठूंस ठूंस कर भरी जाती है पर पुलिस और परिवहन विभाग कार्यवाही से परहेज़ करते नजर आ रहे हैं। कृषि कार्यों के नाम से खरीदे गए वाहनों का सवारी गाड़ियों की तरह इस्तेमाल हो रहा है। ट्रैक्टर, पिकअप, छोटा हाथी, आटो रिक्शा जैसे अन्य वाहनों में सवारी ढोते देखा जा सकता है। वैवाहिक सीजन में यातायात का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। ऐसे में ट्रैक्टर, पिकअप, छोटा हाथी, आपे, आटो रिक्शा वाहन में लटककर यात्रा करने वालों दमोह



पन्ना मार्ग पर रात में अभी प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में निकल रहे हैं। इससे दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। शहर के अलावा आसपास के गांवों में ट्रैक्टर व अन्य मालवाहक वाहनों की कमी नहीं है। बड़े पैमाने पर ग्रामीण इन वाहनों का उपयोग सवारी गाड़ी के रूप में उपयोग करते हैं। शादी सीजन में लोगों से भरे ऐसे वाहनों को आसानी से देखा रहा है। शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर बेहतर पुलिसिंग के लिए पुलिस के जवान तैनात रहते हैं, पर ऐसे वाहनों के प्रति किसी तरह की कार्रवाई नहीं हो रही।

**ड्राइवरों को नहीं है नियमों की जानकारी:**-गांव में जुताई, मताई व अन्य कृषि कार्यों को करने वाले ड्राइवरों को यातायात नियमों की ठीक से जानकारी नहीं रहती। साथ ही गांव से बाहर परिवहन करने का तजुर्बा नहीं रहता जिसकी वजह से ट्रैक्टर ट्राली पलटने की घटनाएं अक्सर होती रहती है। प्रतिदिन आसपास के गांवों से अनेक ट्रैक्टर ट्राली, मालवाहक आती जाती रहती है। जिनमें कई में सामान की जगह लोग सवार रहते हैं। शादी सीजन में अधिकांश गाडियां बाराती ढोने में व्यस्त हो जाती हैं। शहर व गांवों में में बेधड़क ट्रैक्टर, पिकअप दौड़ा रहे अनेक वाहन चालकों के पास ड्राइविंग लाइसेंस नहीं है। बिना लाइसेंस के ही वे वाहन चला रहे हैं। कुछेक वाहन चालकों ने बताया कि उन्हें ड्राइविंग लाइसेंस की कमी महसूस नहीं होती। ड्राइविंग लाइसेंस रखने का कोई मतलब नहीं है।

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सागर आयेंगे

**सागर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 24 अप्रैल को जबलपुर से हैलीकॉप्टर से रवाना होकर दोपहर 2.35 बजे सागर के समीप बड़तूमा हैलीपेड आयेंगे।



प्रधानमंत्री दोपहर 2.45 बजे से अपरान्ह 3.25 बजे तक बड़तूमा में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम समाप्ति के बाद वे अपरान्ह 3.40 बजे बड़तूमा हेलीपेड से हैलीकॉप्टर द्वारा हरदा जिले के अबागांव खुर्द के लिए रवाना हो जायेगें।

### आज से चार दिन 26 तक यात्री वाहन सड़कों से गायब रहेंगे

**दमोह।** लोकसभा चुनाव में 26 अप्रैल को मतदान होने के कारण मतदान दलों को केंद्रों तक ले जाने वापस लाने यात्री बसों का अधिग्रहण आज से होना आरम्भ हो जाएगा जिससे मार्गो पर यात्री बस उप्लब्द्ध नही होंगी। निर्वाचन कार्यालय दामोह द्वारा 24 अप्रैल को मतदान दलों के रूट तय होकर बसों में चस्पा हो जाएंगे 25 अप्रैल को सुबह से मतदान सामग्री का वितरण दामोह से होना तय है इसीलिए जिले में यात्री बसों का संचालन मार्गो पर नही हो पायेगा। बस यूनियन हटा के अध्यक्ष अशोक पाराशर ने अपील की है कि यात्री अपना कार्यक्रम ऐसा बनाएं कि 23 से 26 अप्रैल तक यात्री बस संचालन बन्द होने से उन्हें असुविधा का सामना न पड़े।

# आज शाम 6 बजे से बंद होगा चुनाव प्रचार

## मतदान केन्द्र से 200 मीटर क्षेत्र में पार्टी/अभ्यर्थी का कार्यालय खोलने की अनुमति नहीं

दमोह। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार 26 अप्रैल को मतदान प्रक्रिया सम्पन्न होगी। निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान 26 अप्रैल को मतदान प्रक्रिया संपन्न होने तक की अवधि के लिये स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान निर्विघ्न एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराने की दृष्टि से दमोह जिले की समस्त विधानसभा क्षेत्रांतर्गत धारा 144 के तहत जिला मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार कोचर ने प्रतिबंधात्मक कार्यवाही का आदेश जारी किया है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आदर्श आचार संहिता का सभी को पालन करना अनिवार्य होगा। यह आदेश जारी होने के तिथि से तब तक लागू रहेगा जब तक इसे बदल न दिया जाये अथवा यह विखंडित न कर दिया जाये। इस आदेश का उल्लघंन करने वाले व्यक्ति के विरूद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 188 के अंतर्गत कार्यवाही की जावेगी।

जारी आदेश में कहा गया है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 126 के तहत मतदान हेतु नियत समय के साथ समाप्त होने वाले 48 घण्टे पूर्व यानि 24 अप्रैल के सायं 6 बजे प्रचार अभियान समाप्त हो जाएगा। परन्तु घर.घर जाकर प्रचार अभियान के संबंध में द्वार से द्वार के भ्रमण को प्रतिबंध से छूट रहेगी। इस अवधि में बिना अनुमति लाउड स्पीकरों का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। समस्त प्रचार वाहनों की अनुमतियां स्वतः निरस्त हो जायेंगी। जिले की समस्त



विधानसभा क्षेत्रों में 5 से अधिक लोगों के इकट्ठा होने/एक साथ आवाजाही करने की अनुमति नहीं होगी। जारी आदेशानुसार दमोह जिले की समस्त विधानसभा क्षेत्रों में बाहर का कोई भी राजनैतिक नेता/राजनैतिक कार्यकर्ता एवं उनके समर्थक जो उस दमोह जिले के मतदाता नहीं है को तत्काल निर्वाचन क्षेत्र को छोड़कर बाहर जाना होगा। यह बिन्दु अभ्यर्थी पर लागू नहीं होगा। इस अवधि के दौरान किसी भी व्यक्ति, अभ्यर्थी अथवा राजनैतिक दल द्वारा किसी चिकित्सालय/शैक्षणिक संस्थाओंध्मतदान केन्द्र से 200 मीटर क्षेत्र में पार्टी/अभ्यर्थी का कार्यालय खोलने की अनुमति नहीं होगी।

निर्वाचन प्रचार हेतु विभिन्न धार्मिक स्थल तथा मंदिर, मस्जिद, चर्च, गुरूद्वारा आदि के स्थानों का उपयोग नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा है लोक परिवहन, एम्बुलेंस, फायर सर्विसेस, शैक्षणिक संस्थाओं के वाहन, दूधए पानी सब्जी आदि अनिर्वाय सेवाओं में लगे वाहन तथा व्यक्तिगत रूप से व्यापार तथा अपने कर्तव्य पर जाने वाले व्यक्तियों व निर्वाचन पदाधिकारियों के वाहनों के परिवहन की छूट होगी। इस अवधि में अन्य वाहनों के परिवहन की अनुमति नहीं होगी। प्रचार प्रयोजन हेतु जारी समस्त वाहनों की अनुमतियां स्वतः निरस्त हो जाएगी तथा मतदान दिवस हेतु सहायक रिटर्निग आफ्सिर से अधिकतम 3 वाहनों की पृथक से अनुमति प्राप्त करना अनिवार्य होगा। कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म जैसे व्हाट्सएप, फेसबुक, हाईक, ट्वीटर, एसएमएस, इन्स्टाग्राम इत्यादि का दुरूपयोग कर धार्मिक, सामाजिक, जातिगत आदि भावनाओं एवं विद्वेष को भड़काने के लिये किसी भी प्रकार के संदेशों के प्रसारण नहीं करेगा।जिले की सीमा क्षेत्रान्तर्गत सभी व्यक्तियों का अस्त्र शस्त्र, विस्फोटक, तरल गैसीयए बायो केमिकल्स पदार्थ को लेकर चलने, किसी भी प्रकार के घातक हथियार जैसे चाकू, लोहे की छड़ लाठी, तलवार, भाला, बरछी, फर्सा, गड़ासा, छुरा, बल्लम या अन्य कोई घातक हथियार धारण करने और उसके सार्वजनिक स्थानों में प्रदर्शन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा तथा कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार के आग्नेय शस्त्रो का प्रदर्शन सार्वजनिक रूप से नही करेगा। जिले के प्रत्येक थाना क्षेत्र में जनसाधारण का अवैध जमाव पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल**
**भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर म.प्र. पिन-482003**

**भूखण्ड लीज नामांतरण/ हस्तांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि न्यू आनंद नगर जबलपुर में स्थित भूखण्ड क्रमांक एल.आई.जी.-382 श्री रियाजुल हुसैन पिता श्री अब्दुल गनी के नाम आवंटित है जिसका विक्रय विलेख दिनांक 26.07.2018 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त भूखण्ड क्रमांक एल.आई.जी.-382 श्री रियाजुल हुसैन पिता श्री अब्दुल गनी ने पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 10.10.2018 के माध्यम से श्री मोहम्मद अशीमुल इस्लाम पिता श्री मोहम्मद शबीउल इस्लाम को विक्रय किया है। श्री मोहम्मद अशीमुल इस्लाम पिता श्री मोहम्मद शवीउल इस्लाम द्वारा उक्त भूखण्ड क्रमांक एल.आई.जी.-382 उनके नाम लीज हस्तांतरण / नामांतरण हेतु दस्तावेज/आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये हैं। यदि किसी व्यक्ति / संस्था को उपरोक्त लीज हस्तांतरण / नामांतरण बावत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित एवं वैद्य आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि उपरांत हस्तांतरण / नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी एवं भविष्य में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति/दावा मान्य नही होगा।

**संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, जबलपुर**

# फीस जमा न करने पर घंटो तपते रहे छात्र

## मिल रहीं शिकायतों को लेकर कलेक्टर का गंभीर रुख

जबलपुर ( स्वतंत्र मत )



लगातार मिल रही निजी स्कूलो की शिकायतों को लेकर कलेक्टर दीपक सक्सेना द्वारा जिला समिति की बैठक ली गई। जिसमें उन्होंने शिकायतों की समीक्षा करते हुए निराकरण करने की बात कही है। दूसरी ओर कुछ स्कूलों द्वारा बच्चों के अभिभावकों पर फीस जल्द जमा करने का दबाव बनाया जा रहा है, एक निजी स्कूल द्वारा दो छात्रों को फीस जमा नहीं करने पर धूप में घंटों बाहर खड़ा कर दिया गया, एक छात्र संगठन ने स्कूल प्रबंधन से चर्चा भी की लेकिन प्रबंधन मनमानी पर अड़ा रहा यह शिकायत भी कलेक्टर के पास पहुंची है।

***मनमानी पर अड़ा रहा स्कूल*** - इधर ज़ब कलेक्टर द्वारा निजी स्कूलों की शिकायतों पर बैठक ली जा रही थी। इस दौरान 2 मासूम छात्र स्कूल की फीस जमा ना करने पर घंटों धूप में रहकर सजा भुगत रहे थे। दरअसल तिलवारा सगड़ा स्थित संत अगस्टिन स्कूल में सुबह के वक्त कक्षा दसवीं का छात्र आयुष सिंह और उसका छोटा भाई कक्षा आठवीं में अध्यनरत आदर्श सिंह जब स्कूल पहुंचे तो उन्हें स्कूल के फॉदर द्वारा फीस न जमा करने की बात पर लगभग 4 घंटे तक कड़ी धूप में खड़ा कर दिया गया। इस दौरान जब छात्रों के पिता ने स्कूल पहुंच कर एक-दो दिनों में फीस जमा करने की बात की गई, परंतु उसके बाद भी स्कूल प्रशासन द्वारा दोनों छात्रों को स्कूल के अंदर प्रवेश लेने नहीं दिया गया। इधर मामले की जानकारी लगते ही मप्र छात्र संघ पदाधिकारी भी स्कूल पहुंच गए। और छात्रों को वापस स्कूल में लेने की बात पर प्रदर्शन शुरु कर दिया। इस दौरान छात्र संघ से आर्यन बेंटिया, नीरज शर्मा, यश कनोजिया, हर्ष कनोजिया आदि मौजूद रहे।

## खुली सुनवाई में होगी जांच : कलेक्टर

### 10 स्कूलों में भेजी गई जांच टीम



कलेक्टर दीपक सक्सेना ने स्कूलों में अनाधिकृत फीस वृद्धि के संबंध में बैठक में कहा कि मनमानी तरीके से की गई फीस वृद्धि की जांच की जाए। जांच के दौरान 5 साल पहले की फीस और वर्तमान की फीस को देखें, फीस वृद्धि किस आधार पर की गई है, यह न्यायोचित है या नहीं, साथ ही देखें कि क्या अतिरिक्त फीस तो नहीं लिया जा रहा है। जिन स्कूलों को कारण बताओ नोटिस दिया गया था। उनके जवाब यदि नहीं आए हैं, तो संबंधित स्कूल प्रबंधन के विरुद्ध अनुशानात्मक कार्रवाई की जाए। 30 अप्रैल को सेंट एलॉयसिस और स्टेमफील्ड स्कूल की सभी शाखाओं की खुली सुनवाई की शाम 5 बजे की जाएगी। उन्होंने अभिभावकों से कहा कि उक्त स्कूलों से संबंधित शिकायत कलेक्टर या अपर कलेक्टर को उपलब्ध कराएं। जिस आधार पर उनकी सुनवाई की जा सके। साथ ही कहा कि हो सके तो अभिभावक स्वयं उपस्थित होकर अपना पक्ष रख सकते है। अन्य विद्यालयों से संबंधित सुनवाई आगामी तिथियों में की जायेगी जिसकी सूचना पृथक से दी जायेगी। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि अनाधिकृत रूप से यदि फीस वृद्धि हुई है तो संबंधित स्कूल पर फाइन कर फीस वापस कराया जाए और गड़बड़ी करने वाले स्कूलों पर कार्रवाई करें।

***इन स्कूलों में भेजी टीम***- कलेक्टर सक्सेना के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी जीएस सोनी ने 10 स्कूलों में फीस वृद्धि के संबंध जांच टीम भेजी है। जिसमें सेंट एलॉयसिस स्कूल पनागर, सेंट एलॉयसिस स्कूल पॉलीपाथर, स्टेमफील्ड स्कूल विजयनगर, ज्ञानगंगा आर्किड इंटरनेशनल स्कूल, अजय सत्य प्रकाश स्कूल महाराजपुर, माउंट लिटरा स्कूल, चैतन्य टेक्नो स्कूल धनवंतरी नगर, रियान स्कूल, पोद्दार इंटरनेशनल स्कूल और आदित्य कान्वेंट स्कूल गोपालबाग शामिल है।

# प्रधानमंत्री का डुमना में आज प्रस्तावित प्रवास

## एयरपोर्ट की 20 किमी की रेंज नो फ्लाईंग जोन

जबलपुर ( स्वतंत्र मत )



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आज प्रस्तावित पारगमन प्रवास के मद्देनजर जिला दण्डाधिकारी एवं कलेक्टर दीपक सक्सेना ने दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के तहत आदेश जारी कर डुमना विमानतल की 20 किलोमीटर की आवागमन परिधि को नो फ्लाईंग जोन घोषित किया है। आदेश में कहा गया है कि सुरक्षा की दृष्टि से प्रधानमंत्री के आगमन के दौरान डुमना विमानतल 20 किलोमीटर की आवागमन की परिधि में किसी भी तरह के ड्रोन, यूएवी, गुब्बारे और पतंग आदि का उड़ाना पूर्णत: वर्जित रहेगा। आदेश के मुताबिक इसके उल्लंघन की स्थिति में दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 188 तथा अन्य समस्त प्रावधानों के तहत कठोर कार्यवाही की जायेगी।

## रेडक्रॉस सोसायटी को दिये एक लाख

जबलपुर (स्वतंत्र मत)। नर्मदा जिलेटिंस लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर अशोक के कपूर ने पीड़ित मानवता के कल्याण के लिए इंडियन रेड सोसायटी को एक लाख रुपए की सहायता प्रदान की। सहायता राशि का चेक कलेक्टर व इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष दीपक सक्सेना को प्रदान किया गया।

## सीएमओ बिछिया घाटोड़े निलंबित

**जबलपुर ( स्वतंत्र मत )।** संभागीय कमिश्नर अभय वर्मा ने कलेक्टर मण्डला के प्रतिवेदन पर मुख्य नगरपालिका अधिकारी बिछिया संजयबाबू घाटोडे को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबित आदेश में कहा गया कि श्री घाटोडे लोकसभा निर्वाचन 2024 की प्रक्रिया अंतर्गत संपत्ति विरूपण के कार्य में लापरवाही बरतने पर तथा निर्वाचन संबंधी कार्य में रूचि नहीं लेने के साथ ही 24 मार्च को बिछिया तहसील के अंतर्गत ग्राम अंजनिया में एक सड़क दुर्घटना के कारण हुये हादसे में मौके पर उपस्थित होने के निर्देश पर भी मौके पर उपस्थित नहीं हुए। 01 अप्रैल को लोकसभा निर्वाचन संबंधी आयोजित बैठक में सूचना देने के बाद भी उपस्थित नहीं हुए। इन सभी कारणों में प्रथम दृष्टाक श्री घाटोडे द्वारा शासकीय कर्तव्यों के निर्वहन में जानबूझकर अपने पदीय दायित्वों के प्रति स्वेच्छाचारिता एवं लापरवाही पायी जाने पर उक्त कार्यवाही की गई, घाटोडे को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता रहेगी।

# छात्रों के संपूर्ण विकास के लिए खेल भी जरूरी

## सात दिवसीय हितकारिणी हिल्स स्पोर्ट्स मीट 2024 का आयोजन

जबलपुर ( स्वतंत्र मत )




हितकारिणी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नालॉजी और हितकारिणी डेंटल कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में सात दिवसीय हितकारिणी हिल्स स्पोर्ट्स मीट 2024 का उद्घाटन मंगलवार को हितकारिणी डेंटल कॉलेज सभागार में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हितकारिणी सभा विद्या परिषद के सचिव जयेश राठौर ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस प्रकार की खेल प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के सर्वागींण विकास में सहायक होती हैं। इसलिए ऐसे आयोजन होते रहना चाहिए। हितकारिणी डेंटल कॉलेज के डायरेक्टर डॉ राजेश धीरावाणी ने कहा कि पढ़ाई के साथ बौद्धिक और मानसिक विकास के लिए इंडोर और आउटडोर खेल बेहद जरूरी है। इससे हमारी संपूर्ण प्रतिभाओं का विकास होता है। स्पोर्ट्स मीट में शतरंज, कैरम, टेबल टेनिस, बैडमिंटन, वॉलीबॉल और क्रिकेट आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें लगभग 150 प्रतिभागी अपनी सहभागिता देंगे। प्रतियोगिता में आर्किटेक्चर कॉलेज, फार्मेसी कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज, डेंटल कॉलेज की गर्ल्स एवं बॉयस टीम भाग लेंगी। मंगलवार को टेबल टेनिस प्रतियोगिता में इंजीनियरिंग कॉलेज के गौरव प्रकाष विजेता और आर्किटेचर कॉलेज के आष्या पटेल उपविजेता बने।

**इनकी रही उपस्थिति**- इस अवसर पर हितकारिणी कॉलेज ऑफ आर्किटेक्चर एंड टाउन प्लानिंग के प्राचार्य डॉ सुधीर भट्ट, हितकारिणी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नालॉजी की प्राचार्य डॉ रिंकू कथूरिया, हितकारिणी कॉलेज ऑफ फार्मेसी की प्राचार्य डॉ कविता वर्मा, स्पोर्ट्स कोर्डिनेटर डॉ अंकित डिमोले, डॉ लक्ष्मी गुप्ता, डॉ रिचा नकरा, डॉ मालती पटेल आदि उपस्थित रहे। उद्घाटन सत्र में मंच संचालन खेल अधिकारी दिनेश सिंह ठाकुर ने किया। प्रतियोगिता के स्टुडेंट्स कॉर्डिनेटर अमित कनोजिया, रिषभ दुबे, अक्षत गुप्ता आदि उपस्थित रहे। आज दूसरे दिन बैडमिंटन, शतरंज, कैरम आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

## साइलो बैग से होगा गेहूं का उपार्जन

जबलपुर ( स्वतंत्र मत )

जिला उपार्जन समिति की बैठक कलेक्टर दीपक सक्सेना की अध्यक्षता में उपार्जन व्यवस्थाओं के संबंध में चर्चा कर निर्णय लिया कि जिले में जहां गेंहू की कम खरीदी हो रही है। वहां एक साइलो बैग स्थापित कर गेंहू उपार्जन किया जाए। जिससे किसानों की सुविधा हो जाए और गेहूं भी आ जाए। इस दौरान कहा गया कि गेंहू को नॉन एफएक्यू बताकर सीधे तौर पर वापस न करे। नॉन एफएक्यू गेहूं को अपग्रेड कर उसे एफएक्यू करें। कलेक्टर श्री सक्सेना ने गेंहू की गुणवत्ता को लेकर सर्वेयर के साथ बैठक करने के निर्देश भी संबंधित को दिए। उपार्जन व्यवस्था में किसानों को शीघ्र उनकी फसल का दाम मिलेए इस दिशा में जिला प्रशासन लगातार प्रयासरत है और अभी तक 1891 किसानों को 30 करोड़ रुपए की राशि का भुगतान किया जा चुका है।


Celebrating 54th Year of Establishment

HITKARINI WOMEN'S COLLEGE OF EDUCATION

NAAC Accredited B+ (Affiliated to RDVV Jabalpur) Recognised by NCTE, New Delhi, Approved by Department of Higher Education, M.P.Govt

For Admission

B.Ed.
Bachelor of Education 2 Years Course


Course Details
TOTAL SEAT- 100
ADMISSION
Online Counseling
MIN. QUALIFICATION
Bachelor - Degree (Any Stream)
MIN. MARKS
General & OBC - 50%
SC/ST - 45%
Minimum Marks for Technical & Engineering Students
General & OBC - 55%
SC/ST - 50%
MEDIUM OF INSTRUCTION
English & Hindi

PRINCIPAL'S MESSAGE


Dr. (Mrs.) Sulakshana Tripathi
Principal

The dedicated staff of the college is mentoring every pupil teacher to excel in the career of teaching profession and their overall harmonious development. I owe my gratitude to the Hitkarini Sabha for their continuous support in the development of the college.

**Hitkarini Women's College of Education** established in the year 1969 is one of the pioneer college working in the field of women teacher's training program. The aim of the college is to impart quality education with innovative teaching practices and practical exposure, enhancing Pupil Teachers' knowledge and professional skill. Pupil Teachers of our Institution nurture every student with an aspect to contribute in the development of Indian society.




OUR ACHIEVEMENTS
- Accredited B+ Grade by 'NAAC'
- International and National Seminars, Workshop organized.
- All Faculty members are Ph.D holders
- Sports and Cultural Activities organized
- Regular Placement or Job Opportunities provided by conducting various Campus Placement
- Health awareness programs for overall development of students
- Conducting Alumni Meet regularly
- Placement in various Government and Private Sector
- Many students were selected in CTET and MP TET
- Alumni placed in various well-known educational orgnizations.

COLLEGE TOPPERS


Anshima Saxena 2021-2023


Abhilasha Vaishya 2020-2022


Deepmala Choudhary 2019-21


Deepali Shrivastava 2018-20

UNIQUE FEATURES:-
- World Class and Eco-friendly Infrastructure
- Experienced Faculties
- Excellent Results
- Scholarship Facility for OBC, SC /ST/ Minorities
- Employability Skills Training
- Disciplined Academic Ambience
- Counselling Session for the Career Development
- Focus to create a noble teacher
- Personality Development through Interactive program

BEST PRACTICES:-
- Yoga day celebration
- Value Education
- Guest Lectures
- Daily Assembly
- Remedial Classes
- Eco Club
- Drama and Art Workshop
- Voter Awareness Campaign
- Induction Cum Orientation program
- Club Activity( Social ,Cultural Literary)

FACILITIES:-
- Spacious Well Equipped Laboratories
- Air Conditioned Smart Classrooms
- Excellent Computer lab
- Wi-Fi Campus
- Canteen Facility
- Advanced Library
- Language Lab
- Indoor and Outdoor games facilities
- Girls hostel facility within the campus

Hitkarini Sabha Campus, Civic Centre, Marhatal, Jabalpur
Ph. No. 0761-2402484, Email: bed@hitkarini.edu.in, Website: http://hpmm.hitkarini.edu.in/

For Admission Contact - 0761-4129826
9300017294, 8109271808, 9589761544 , 9770213878 , 8818828825


हितकारिणी प्रकाशन लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा, स्थानीय सम्पादक- महेश महदेल** * *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी। ई-मेल-smatjbp1@ gmail.com, फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2023-25, **RNI No. 64561/96.**